रविवारीय
लखनऊ, रविवार
28 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 306 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं: मंधाना

अमेरिका-ईरान में तनाव फिर चरम पर

होर्मुज क्षेत्र में संकट गहराया : ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा तटीय रडार साइट्स पर हवाई हमले किए हैं, जिसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव बढ़ गया है और वैश्विक तेल आपूर्ति तथा समुद्री सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका गहराती जा रही है।

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान द्वारा सीजफायर तोड़े जाने के बाद की गई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार, ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो जहाज 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने सीमित और रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई की। अमेरिकी सेंटर कमान द्वारा जारी वीडियो में ईरानी मिसाइल और ड्रोन

ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों के जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। ईरान ने अमेरिका पर बातचीत के दौरान हमला करने का आरोप लगाया है और इसे सीजफायर का उल्लंघन बताया है। ईरानी संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को इस कदम के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

होर्मुज संकट और वैश्विक असर

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया है। हाल ही में एक मालवाहक जहाज पर हुए हमले के बाद समुद्री सुरक्षा संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र ने नाविकों की निकासी रोक दी है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि तनाव बढ़ता है तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है।

अफगानिस्तान से लेकर दिल्ली तक महसूस हुए झटके

6.2 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। शनिवार शाम 7:05 बजे अफगानिस्तान के कालाफगन से करीब 81 किलोमीटर दूर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा के पास था। इसकी गहराई 192 किलोमीटर दर्ज की गई, जिसके कारण इसके झटके दूर-दूर तक महसूस किए गए। भूकंप का असर भारत, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान और किर्गिस्तान तक देखा गया। भारत में जम्मू-कश्मीर, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में लोगों ने धरती में कंपन महसूस किया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, बारामुला, कुपवाड़ा और जम्मू सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम झटके महसूस होने के बाद लोग एहतियातन घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। वहीं, दिल्ली-एनसीआर और गुरुग्राम में भी कुछ सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए।

पिछली सरकारों ने विकास की हमेशा उपेक्षा की : योगी

नोएडा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को 9,228 रुपए करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पारंपरिक तरीके से बेलचे से मिट्टी डालकर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके दिखाई देता है और उत्तर प्रदेश आज उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पाप के गड्ढे भरने में समय लगा। उन्होंने बिना किसी दल का नाम लिए कहा कि पिछली सरकारों ने प्रदेश के विकास को बाधित किया, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया तथा निवेश का माहौल खराब किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकार ने कानून-व्यवस्था सुधारने, माफिया पर कार्रवाई करने और निवेश को बढ़ावा देने का काम किया, जिसके परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश देश का सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य बन रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति के इंजन बन चुके हैं।

- नोएडा-ग्रेटर नोएडा को 9,228 रुपए करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

मुंबई में जहरीले कैप्सूल बरामद : मोहर्रम जुलूस के दौरान 14,900 कैप्सूल जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मोहर्रम जुलूस के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से बड़ी संख्या में जहरीले कैप्सूल बरामद होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। मुंबई पुलिस ने 14,900 से अधिक ऐसे कैप्सूल जब्त किए हैं, जिनमें चूहे मारने वाली दवा और जहरीले रसायन होने की आशंका जताई गई है। पुलिस इस मामले को संभावित बड़ी साजिश के तौर पर जांच रही है और हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार, मोहर्रम जुलूस के दौरान एक व्यक्ति बिना किसी अनुमति

- बड़ी साजिश की आशंका

के लोगों को कैप्सूल बांटता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे मौके पर ही हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 14,900 से अधिक संदिग्ध कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में कैप्सूल में चूहे मारने की दवा और जहरीले रसायनों के इस्तेमाल की आशंका सामने आई है। पुलिस ने आरोपी की पहचान पुणे निवासी फैयाज के रूप में की है, जो पेंट का कारोबार करता है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अकेले काम कर रहा था या उसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस आरोपी के मोबाइल फोन, संपर्कों और गतिविधियों की भी जांच कर रही है। मुंबई पुलिस के डीसीपी (सेंट्रल ज़ोन-1) जयंत मीणा ने बताया कि शुक्रवार रात बायकुला थाना क्षेत्र में जुलूस के दौरान संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी।

यूपी पंचायत चुनाव टालने की तैयारी पर हाईकोर्ट सख्त

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टालने की सरकारी कवायद पर सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को 13 जुलाई तक चुनाव कराने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के तहत पंचायतों का कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता और समय पर चुनाव कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने सहारनपुर निवासी अरविंद राठौर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जिन प्रावधानों के आधार पर ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाकर पंचायतों का कार्य संचालन कराया जा रहा है, वे पहले ही असांविधानिक घोषित किए जा चुके हैं। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि ऐसे अस्तित्वहीन प्रावधानों के तहत ग्राम प्रधानों को प्रशासक किस आधार पर नियुक्त किया गया। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अदालत को बताया गया कि 10 जून 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और आयोग चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

- 13 जुलाई तक मांगी चुनाव की रूपरेखा

राम मंदिर ट्रस्ट का बड़ा दावा

श्रद्धालुओं का सोना-चांदी पूरी तरह सुरक्षित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में चढ़ावे और हाल में सामने आए विवादों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं द्वारा दान में दिया गया सोना-चांदी पूरी तरह सुरक्षित है। ट्रस्ट ने भरोसा दिलाया कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता या चोरी में किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलाई जाएगी। इसी बीच ट्रस्ट ने महामंत्री चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे मिलने की भी पुष्टि की है। दोनों के इस्तीफों पर अंतिम निर्णय 11 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में लिया जाएगा।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि रामलला को श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की संपत्ति को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करता है और मंदिर की प्रत्येक धरोहर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि यदि जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ट्रस्ट का उद्देश्य मामले की निष्पक्ष जांच कराना और दोषियों को कानून के दायरे में लाना है।

- चंपत राय के इस्तीफे पर 11 जुलाई को होगा फैसला

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर हलचल

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने दावा किया है कि राज्य में ऑपरेशन टाइगर 3.0 शुरू हो चुका है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 14 विधायक जल्द ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। हालांकि, इस दावे को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर ही अलग-अलग बयान सामने आए हैं।

शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा कि राज्य में ऑपरेशन टाइगर 3.0 की शुरुआत हो चुकी है। उनके अनुसार, उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायक जल्द ही शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कई विधायक मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों से असंतुष्ट हैं और वे अपनी राजनीतिक दिशा बदलने की तैयारी में हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब दो दिन पहले उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी के विधायकों की बैठक बुलाई थी। बताया गया कि विपक्ष के 60 में से केवल 37 विधायक ही बैठक में पहुंचे। इसके बाद विपक्षी एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) की ओर से इस बैठक की कम उपस्थिति पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। गुलाबराव पाटिल के दावे के कुछ ही समय बाद शिवसेना के एक अन्य मंत्री उदय सामंत ने ऑपरेशन टाइगर 3.0 जैसी किसी संगठित राजनीतिक मुहिम से इनकार किया।

- ऑपरेशन टाइगर 3.0 को लेकर दावे-प्रतिदावे
- उद्धव गुट के 14 विधायकों के शिंदे गुट में जाने का दावा

सेशेल्स दौरे पर पीएम मोदी रवाना, बोले-

'हमारे विजन महासागर में एक अहम पार्टनर'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को दो दिवसीया विक्टोरिया और सेशेल्स के विदेशी दौरे पर रवाना हुए. जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी वहां देश के नेशनल डे के गोल्डन जुबली समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर हिस्सा लेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि सेशेल्स के लिए निकल रहा हूं, जहां मैं उनके नेशनल डे समारोह में हिस्सा लूंगा. इस साल, यह और भी खास है क्योंकि यह गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन है. उन्होंने आगे लिखा कि सेशेल्स एक कीमती समुद्री पड़ोसी है और हमारे विजन महासागर में एक अहम पार्टनर है. इसके साथ ही ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने में भी सहायक है. मैं अपने दोस्त, सेशेल्स रिपब्लिक के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ बातचीत का इंतजार कर रहा हूं. मुझे इस विजिट के दौरान सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने का सम्मान मिला है. मैं वहां भारतीय समुदाय से मिलने को भी उत्सुक हूं.

बता दें, प्रधानमंत्री का 27 जून से 29 जून तक की यह विदेश यात्रा सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर हो रहा है और इसका मकसद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही पार्टनरशिप को और मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि यह दौरा दोनों देशों को अपनी पुरानी पार्टनरशिप को और गहरा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और खुशहाली को बढ़ावा देते हुए अपने लोगों की तरक्की को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का मौका देगा।

हनुमानगढ़ी के महंत संत रामदास का निधन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। अयोध्या स्थित प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत संत रामदास का 85 साल की आयु में निधन हो गया है। उनकी तबियत कई दिनों से खराब चल रही थी। संत रामदास सीएम योगी आदित्यनाथ के करीबी महंतों में से थे। उनके निधन से संत समाज और श्रद्धालुओं में शोक की लहर है। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने सोशल मीडिया एक्स पर महंत संत रामदास जी के निधन की सूचना दी। उन्होंने अस्पताल की फोटो साझा करके लिखा, हमारे पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री महंत संतराम दास जी महाराज पंचांग पट्टी उज्जैनिया हनुमानगढ़ी, अयोध्या जी का गोलोकवास अभी हो गया है।

अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था का उच्चस्तरीय आकलन

श्रीनगर। आगामी 3 जुलाई से प्रारंभ होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा-2026 को लेकर सुरक्षा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचेंगे, जहां वे यात्रा मार्गों तथा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा व्यवस्था और सैन्य तैयारियों का व्यापक जायजा लेंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीडीएस श्रीनगर स्थित 15 कोर मुख्यालय में परिचालन तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वे अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की तैनाती, घुसपैठ रोकने के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों तथा मौजूदा सुरक्षा स्थिति का आकलन करेंगे। सीडीएस का पदभार संभालने के बाद यह उनका जम्मू-कश्मीर का पहला आधिकारिक दौरा है। इससे पहले शुक्रवार को जनरल सुब्रमणि ने उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय तथा नगरोटा स्थित 16 कोर मुख्यालय में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा हालात की समीक्षा की।

- सीडीएस जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि आज कश्मीर दौरे पर

अजजी

खुलासा एनसीबी रिपोर्ट में पंजाब सबसे बड़ा हॉटस्पॉट, भारत-पाक सीमा बनी बड़ी चुनौती

ऑप ड्रोन से ड्रग तस्करी में 100 गुना उछाल

नई दिल्ली। भारत में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी तेजी से बढ़ रही है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी के मामलों में करीब 100 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान ड्रोन से जुड़े 305 मामले सामने आए, जिनमें 468 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए। सबसे अधिक मामले पंजाब में दर्ज हुए हैं, जिससे भारत-पाकिस्तान सीमा एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में ड्रोन के जरिए ड्रग तस्करी के 305 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में कुल 468 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए, जो पिछले वर्षों की तुलना में बड़ी वृद्धि दर्शाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन से ड्रग्स की तस्करी के 305 मामलों में से 298 अकेले पंजाब में सामने आए। इससे स्पष्ट होता है कि भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए ड्रोन का उपयोग कर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ भारत भेजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से भेजे जा रहे ड्रोन हाई-प्योरिटी हेरोइन, मेथमफेटामाइन (मेथ) और अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खेप भारतीय सीमा तक पहुंचा रहे हैं। एनसीबी की रिपोर्ट बताती है कि तस्करों ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ा दिया है। ड्रोन की मदद से सीमावर्ती इलाकों में कम समय में और बिना सीधे संपर्क के नशीले पदार्थों की डिलीवरी की जा रही है, जिससे इन्हें पकड़ना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। सुरक्षा एजेंसियां अब एंटी-ड्रोन सिस्टम, रडार निगरानी और आधुनिक तकनीकों की मदद से इस नेटवर्क पर लगाम लगाने की कोशिश कर रही हैं। ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब और जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। सीमावर्ती गांवों में भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन तस्करी केवल मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने की भी कोशिशें की जाती रही हैं।

महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा का पेपर लीक

मुंबई। महाराष्ट्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से ठीक एक दिन पहले बड़ा पेपर लीक मामला सामने आया है। 28 जून 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा से पहले ही ठाणे से पेपर लीक होने की पुष्टि होने के बाद राज्य के शिक्षा विभाग ने परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस घटना ने पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, परीक्षा से करीब 24 घंटे पहले ही टीईटी परीक्षा का प्रश्नपत्र ठाणे से लीक हो गया। शुरुआती जांच में पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने ठाणे में कार्रवाई करते हुए कथित तौर पर लीक हुए प्रश्नपत्र को बरामद कर लिया है।

दुखदः कार व बाइक की टक्कर में तीन की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

हाटा, कुशीनगर। हाटा पिपराइच रोड पर स्थित सोनबरसा गांव के सामने आर्टिका कार व बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों घायलों को हाटा सीएचसी पहुंचाया, जहां पर डाक्टर ने तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया। वहीं मौके पर अहिरौली थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

शनिवार की दोपहर बाद हाटा कोतवाली के गांव डुमरी सवागीपट्टी 60 वर्षीय माधूरी देवी पत्नी अनिरुद्ध सिंह, 35 वर्षीय शालू देवी पत्नी महेंद्र सिंह व 25 वर्षीय विवेक कुमार सिंह पुत्र हीरा लाल बाइक से दोनों महिलाएं को लेकर गोरखपुर दवा कराने के लिए जा रहे थे अभी अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के पास पहुंचे कि पिपराइच की तरफ से तेज रफ्तार आ रही आर्टिका कार व बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों घायलों को हाटा सीएचसी पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया।

देवी-देवताओं पर बयानबाजी के खिलाफ फूटा आक्रोश, शिकायत कोतवाली पहुंची

स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग तेज

स्वंतत्र भारत ब्यूरो

कुशीनगर। हिंदू धर्म,देवी-देवताओं और धार्मिक ग्रंथों को लेकर समय-समय पर दिए गए विवादित बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर कानूनी विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। शनिवार को भाजपा नेता एवं सभासद नीरज सिंह %बिट्टू% ने पडरौना कोतवाली में तहरीर देकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार हिंदू देवी-देवताओं, धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं को लेकर विवादित बयान देते रहे हैं, जिससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस प्रकार के बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ धार्मिक वैमनस्य को भी बढ़ावा दे सकते हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम बीते कुछ वर्षों में कई बार धार्मिक और राजनीतिक विवादों से जुड़ चुका है। उन्होंने रामचरितमानस, सनातन परंपराओं और हिंदू देवी-देवताओं को लेकर कई ऐसे बयान दिए, जिनका विभिन्न संगठनों और हिंदू समाज ने तीखा विरोध किया। उनके बयानों के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हुए, मुकदमे दर्ज कराने की मांग उठी और कई स्थानों पर तहरीरें भी दी गईं।

हिंदू संगठनों का आरोप रहा है कि मौर्य के बयान केवल राजनीतिक टिप्पणी नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं। वहीं उनके समर्थक इन्हें सामाजिक मुद्दों पर वैचारिक अभिव्यक्ति बताते रहे हैं। हालांकि हर बार उनके बयान राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनमानस तक बहस का विषय बनते रहे हैं।

भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू ने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करने वाला देश है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी धर्म, देवी-देवता या धार्मिक प्रतीकों का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट पहुंचाने का प्रयास करता है और ऐसे मामलों में विवाद तेजी से राजनीतिक रंग ले लेते हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई होती है।

तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

पडरौना कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कुशीनगर में दर्ज कराई गई इस शिकायत के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर अपने बयानों को लेकर चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि धर्म और आस्था से जुड़े मुद्दों पर दिए गए बयान अक्सर जनभावनाओं को प्रभावित करते हैं

समाधान दिवस में सुनीं गयीं जनसमस्याएं

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

पटहेरवा, कुशीनगर। थाने पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में तमकुहीराज के नायब तहसीलदार शिवकुमार मिश्रा एवं थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गईं।

समाधान दिवस में सेंदूरिया गांव के ग्रामीणों ने जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण को लेकर शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना था कि नाली निर्माण के लिए खोदे जा रहे गड्ढों तथा नाली के पानी के खेतों में जाने से किसानों को परेशानी हो सकती है। इस पर नायब तहसीलदार एवं थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों की बात सुनकर मौके पर ही मामले का निस्तारण करा दिया।

वहीं, नारायणपुर गांव के भूमि विवाद से जुड़े मामले में राजस्व विभाग से लेखपाल की रिपोर्ट तलब की गई। अधिकारियों ने न्यायालय मे विचाराधीन मुकदमे के चलते कोई समाधान नही देख दोनों पक्षों से वार्ता कर सहमति के आधार पर विवाद के समाधान का आश्वासन दिया। इसी दौरान पटहेरवा ग्रामसभा के लाठीहवा टोला निवासी श्यामलाल ने अपने भाई पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मामले की जांच एवं संबंधित पक्ष को बुलाने के लिए पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। इसके अलावा नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ महुअवा गांव पहुंचे, जहां जमीनी विवाद एवं नाली संबंधी समस्याओं का मौके पर निरीक्षण कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई।

गंगा प्रसाद प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित

बस्ती। जनपद के ग्राम बरवनिया निवासी समाजसेवी गंगा प्रसाद मिश्र को भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ ने उत्तर प्रदेश का राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन द्वारा 26 जून 2026 को जारी नियुक्ति पत्र में उन्हें तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में संगठन ने विश्वास जताया है कि गंगा प्रसाद मिश्र ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ मजदूरों के अधिकारों, हितों एवं कल्याण के लिए कार्य करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं विस्तारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसका निर्वहन वह भली भांति करेंगे।

थाना समाधान दिवस में आये 24 मामले

परसरामपुर, बस्ती। तहसीलदार ऋषभ सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान 24 मामलों का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 22 आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित तथा 2 आवेदन पुलिस विभाग से संबंधित पाया गया। थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के मुताबिक राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 2 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

फार्म एन फूड कृषि सम्मान समारोह 30 को

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बस्ती। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, एफपीओ, कृषि उद्यमियों, कृषि पत्रकारों एवं नवाचारकर्ताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से फार्म एन फूड द्वारा राज्य स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड्स 2026 उत्तर प्रदेश का आयोजन 30 जून 2026 मंगलवार प्रातः 9.30 बजे मालवीय हॉल, लखनऊ विश्वविद्यालय में किया जाएगा। फार्म एन फूड, दिल्ली प्रेस समूह की प्रमुख कृषि पत्रिका एवं मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो पिछले कई वर्षों से किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, सरकारी योजनाएं, कृषि नवाचार, बाजार और प्रसंस्करण से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी पहुंचा रहा है, इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए कृषि सम्मान अवार्ड्स के माध्यम से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान की जा रही है.

इस वर्ष के समारोह में यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मुख्य अतिथि तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उद्यान एवं कृषि विपणन विभाग दिनेश प्रताप सिंह के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है, इसके अतिरिक्त कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि तथा प्रगतिशील किसान भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को 16 विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा. इनमें कृषि नवाचार, कृषि यंत्रीकरण, गन्ना उत्पादन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, एकीकृत कृषि, डेयरी एवं पशुपालन, बागवानी, कृषि विपणन, शोध, महिला किसान, युवा किसान, एफपीओ तथा कृषि विज्ञान केंद्र जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं।

दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिन्दुरियां। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को दो ग्रामसभाओं के दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप निरीक्षक रामानुज सिंह यादव, उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह,का. कृष्ण कुमार मौर्य, का. अमित कुमार एवं हृदयानन्द यादव की पुलिस टीम ने शनिवार को 45 वर्षीय वारंटी रोहित पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम नरायनपुर को गिरफ्तार कर लिया । इसी प्रकार पुलिस टीम द्वारा 52 वर्षीय वारंटी मदन पुत्र पुन्नी, निवासी ग्राम मिठौरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय अपर सिविल जज (अवर खण्ड) कोर्ट संख्या 03 / न्यायिक मजिस्ट्रेट, महराजगंज द्वारा अलग - अलग धाराओं में वारंट जारी किया गया था।

नगरपालिका लगायेगी नयी स्ट्रीट लाइटें : नेहा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बस्ती। नगर पालिका क्षेत्र के पुरानी बस्ती की सड़के और मुख्य मार्ग अब रोशनी से जगमग होंगी। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बताया कि दक्षिण दरवाजा से करूआ बाबा तक 54 लाइट, मां अन्नपूर्णा रसोई से रेलवे स्टेशन तक 24, करूआ बाबा तिराहा से रेलवे क्रासिंग तक 13, सुर्तीहट्ठा रोड से पुरानी बस्ती तक 22, पांडेय बाजार चौराहा से बांसी रोड 28, पांडेय बाजार चौराहा से मेंहदावल रोड 21, पांडेय बाजार चौराहा से बाबा शंकरदास पोखरा तक 31 लाइट लगवाए जाएंगे। कुल लगभग 193 लाइट लग जाने से क्षेत्र में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो जायेंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने बताया कि पुरानी बस्ती, पांडेय बाजार क्षेत्र के लोग निरंतर लाइट की मांग कर रहे थे। इसके लग जाने से नागरिकों को सुविधा होगी। कहा कि चरणबद्ध ढंग से नागरिकों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिये नगर पालिका निरन्तर सक्रिय है।

अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने बताया कि 193 लाइट की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न चौराहे पर लगे हाई मास्क लाइट की मरम्मत कराकर नई एलईडी लगवाई4 जाएगी।

पल्स पोलियो रैली रवाना

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा पल्स पोलियो अभियान की जनपद स्तरीय रैली को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पल्स पोलियो अभियान रैली स्कूल के बच्चों के द्वारा वैण्ड बाजे एवं उल्लास के साथ पल्स पोलियो जागरूकता हेतु निकाली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि कि जन-जागरूकता एवं आमजन के पूर्ण सहयोग से ही पोलियो जैसी बीमारी का उन्मूलन कर पाना सम्भव हुआ है। दिनांक 28 जून, 2026 को जनपद में बूथ दिवस का आयोजन किया जायेगा जिसमें 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुज कनौजिया ने कहा कि जनपद संत कबीर नगर में 0-5 वर्ष के कुल लक्षित बच्चे 311141 बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

गोष्ठी में यात्रियों की सुरक्षा पर दिया गया जोर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जीआरपी अनुभाग गोरखपुर में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बस्ती सतीश रत्न गौतम तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार भी मौजूद रहे।

गोष्ठी में सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था तथा रेलवे यात्रियों की सुरक्षा की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही ऑपरेशन कन्विक्शन की समीक्षा करते हुए अभियुक्तों को प्रभावी पैरवी के माध्यम से सजा दिलाने पर जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को गुमशुदा व्यक्तियों एवं बच्चों की तलाश तथा चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रेनों में लगने वाले एस्कॉर्ट ड्यूटी की भी समीक्षा की और सुरक्षा उपकरणों के साथ कर्मचारियों को ब्रीफ कर ड्यूटी पर भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा ई-साक्ष्य, ई-समन, क्राइम मैप एवं जीरो एफआईआर से संबंधित लंबित प्रविष्टियों को तत्काल अपडेट करने तथा तकनीकी दक्षता के साथ कार्यों के निस्तारण पर बल दिया गया। गोष्ठी में ट्रेनों के माध्यम से होने वाली शराब तस्करी, लूट, छिनैती एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को दिए गए।

गन्ना किसानों के लिए जागरूकता अभियान व नामांकन जुलाई में

कुशीनगर। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जुलाई 2026 के दूसरे सप्ताह में सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष जागरूकता एवं नामांकन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है। जिला गन्ना अधिकारी हूदा सिद्दीकी ने बताया कि 30 जून से पूर्व समन्वय बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। छोटी समितियों में 3 दिन और बड़ी समितियों में 5 दिन तक कृषक गोष्ठियां आयोजित होंगी। किसानों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर मौके पर ही नामांकन कराया जाएगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री को मिली धमकी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कुशीनगर। अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को फेसबुक पर कथित रूप से जूते से मारने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में तमकुहीराज नगर पंचायत के चेयरमैन जे.पी. गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अपनी जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सलमान गुप्ता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) तमकुहीराज को लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, 25 जून 2026 को चेयरमैन जे.पी. गुप्ता ने अपने निजी फेसबुक अकाउंट से स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी पोस्ट की। आरोप है कि पोस्ट में स्वामी प्रसाद मौर्य को जूते से मारने तथा कुशीनगर आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि आरोपी ने फोन पर भी कई लोगों से इसी प्रकार की बातें दोहराईं। शिकायतकर्ता सलमान गुप्ता ने अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश में कई बार कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा पडरौना विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुके हैं। उनकी पार्टी का संगठन प्रदेश के सभी 75 जिलों सहित अन्य राज्यों में भी सक्रिय है। ऐसे में इस प्रकार की टिप्पणी से लाखों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं तथा उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि 27 जून 2026 तक भी संबंधित फेसबुक पोस्ट सोशल मीडिया पर मौजूद है और तेजी से वायरल हो रही है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि आरोपी के विरुद्ध जान से मारने की धमकी, अभद्र टिप्पणी और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने जैसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायत के साथ कथित फेसबुक पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपा गया है। प्रार्थीगण में सलमान गुप्ता, धर्मपाल राही सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

फिलहाल पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जरूरतमंदों के इलाज व मकान की व्यवस्था कराएगी सरकार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था सरकार कराएगी।

शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं।

जनता दर्शन में एक महिला ने सीएम योगी से कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। एम्स दिल्ली में इलाज कर रही महिला को सीएम ने राहत कोष से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। एक अन्य महिला की इलाज संबंधी समस्या सुनने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके इलाज की व्यवस्था गोरखपुर एम्स या बीआरडी मेडिकल कॉलेज में की जाए।

जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

ऑपरेशन दहन के तहत 9.891 किग्रा मादक पदार्थ किया गया नष्ट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन दहन' अभियान के अंतर्गत गोरखपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जब्त मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया। पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में कुल 9.891 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

इस कार्रवाई के तहत थाना कैण्ट, गीडा, चौरीचौरा, शाहपुर और सहजनवा से संबंधित 8 अभियोगों में जब्त 9 किलो 540 ग्राम गांजा एवं 351 ग्राम स्मैक को नष्ट किया गया। इन मादक पदार्थों की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 74 लाख 97 हजार रुपये आंकी गई है। विनष्टीकरण की प्रक्रिया को पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप खलीलाबाद स्थित मेसर्स मेडिकल पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी के उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर में पूरा किया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जब्त किए गए ड्रग्स को नियमानुसार नष्ट किया जा रहा है, ताकि इनके दुरुपयोग की कोई संभावना न रहे।

इससे पहले 30 मार्च 2026 को भी जिले में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जा चुका है। उस दिन 16 अभियोगों में जब्त 63.8 किलोग्राम गांजा, 140 ग्राम चरस, 20 ग्राम स्मैक और 7 ग्राम हेरोइन, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 86 लाख 25 हजार रुपये थी, को नष्ट किया गया था।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक कुल 73.858 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जा चुका है, जिसकी कुल अनुमानित बाजार कीमत 1 करोड़ 61 लाख 22 हजार रुपये है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मूल्यों व आदर्शों से जुड़ी है भाजपा की शून्य से शिखर तक की यात्रा : योगी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मूल्यों और आदर्शों की राजनीति अपनाकर शून्य से शिखर तक की यात्रा की है। 1985 में मात्र दो लोकसभा सीट हासिल करने वाली इस पार्टी की आज केंद्र सहित देश के 21 राज्यों में स्वयं की सरकार है। दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भाजपा की यात्रा सत्ता प्राप्त की यात्रा नहीं है,

■ भाजपा महानगर इकाई की तरफ से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के उद्घाटन सत्र में बोले सीएम योगी

बल्कि यह सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और समन्वय की बेहतरीन यात्रा है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के गुलरिहा स्थित एक रिजॉर्ट में भाजपा महानगर के प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की महानगर इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'दल से पहले देश' और 'व्यक्ति से पहले समाज' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास प्रतीक बनी है तो इसके पीछे भारतीय जनसंघ के समय से पार्टी के संस्थापकों के आदर्शों और संस्कारों से मिली प्रेरणा है। सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उद्धरण, 'बिना मूल्यों और आदर्शों वाली राजनीति मौत का फंदा है' का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संस्थापकों के मूल्य और आदर्श सदैव सर्वोपरि हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में वाह्य और आंतरिक सुरक्षा का मॉडल दिया है। 2014 के पहले दुश्मन देश सैनिकों से क्रूरता करते थे। सरकारें तब बोलती नहीं थी, उन्हें देश की कीमत पर संबंध की चिंता रहती थी। 2014 के बाद सरकार ने दुश्मन की आंख में आंख मिलाने का सामर्थ्य दिया है। एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये दुनिया के सामने अपने सामर्थ्य और ताकत का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले कश्मीर जल रहा था, पूर्वोत्तर के राज्यों में उग्रवाद चरम पर था, देश के 120 जिलों में नक्सलवाद हावी था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कश्मीर में आतंकवाद को कुचल दिया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में उग्रवाद समाप्त हो चुका है। नक्सलवाद एक-दो जिलों तक सीमित है और बहुत शीघ्र वहां भी खत्म हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही विकास संभव होता है। सुरक्षा का वातावरण बनने के कारण ही आज इंफ्रास्ट्रक्चर, रोड कनेक्टिविटी, हाईवे एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इनलैंड वाटरवे, मेट्रो, रोपवे और लॉजिस्टिक के कार्य बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास की प्राथमिक आवश्यकता है। इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, विकास भी उतनी ही तेजी से होगा।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया ने बीते 12 वर्षों में बदलते भारत को देखा है। कल्याणकारी योजनाओं का केंद्र समाज के अंतिम पायदान का व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आज देश में 12 करोड़ लोगों के घर शौचालय बनाए गए हैं, 4 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्की छत मिली है। करोड़ों लोगों को नल से जल की सुविधा मिल रही है। 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त हो रही है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिली। लोगों को पीएम जीवन ज्योति, पीएम स्टार्टअप, स्टैंडअप, डिजिटल इंडिया, पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी, स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर मिल रहा है। गांव में गरीबों को घरौनी की सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरकर देश के विकास में सहभागी बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो बातें सिर्फ कल्पना में थीं, भाजपा सरकार ने उन्हें हकीकत में बदला है। सरकार ने लोगों की धारणा बदली है। उन्होंने कहा कि कोई कल्पना भी नहीं करता था कि श्रीराम जन्मभूमि का विवाद समाप्त होगा। आज विवाद समाप्त होने के साथ ही श्रीराम मंदिर का निर्माण भी हो चुका है। काशी में विश्वनाथ धाम और विंध्याचल में विंध्य धाम का निर्माण हो चुका है। कुंभ की परंपरा हजारों वर्षों की है लेकिन दिव्य, भव्य, स्वच्छ और स्मार्ट कुंभ का आयोजन पहली बार भाजपा सरकार में ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने कुंभ को भगदड़, अराजकता और गंदगी का पर्याय बना दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में डबल इंजन सरकार ने देश की विरासतों को सम्मान से जोड़ा। पीएम मोदी ने दल से ऊपर देश की भावना से हर घर पर कमल का फूल वाला झंडा फहराने की बजाय देश की आन, बान, शान का प्रतीक तिरंगा झंडा फहराने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि अन्य दलों को भी दल से ऊपर देश के मंत्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा कि यह राष्ट्र को आतंकवाद से मुक्त कर विकास की बुलंदियों पर ले जाने का मंत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी स्वार्थ की संकीर्णताओं में डूबने पर देश की सुरक्षा में सेंध लग जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की वर्तमान यात्रा के विकास पर विस्तार से अपनी बात रखी और संस्थापकों के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि 1951 में कांग्रेस की तुष्टिकरण पोषक नीतियों से देश को बचाने की आवश्यकता को देखते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। डॉ. मुखर्जी आजादी के बाद बनी देश की पहली सरकार में खाद्य एवं भारी उद्योग मंत्री थे। सत्ता को तिलांजलि देकर उन्होंने कांग्रेस सरकार की कश्मीर के खिलाफ नीतियों पर आंदोलन शुरू किया। तब उन्होंने कश्मीर को उद्घोष किया था, एक देश में दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा। इसी आंदोलन के चलते वह कश्मीर में कांग्रेस की साजिश से बलिदान हो गए। पर, उनका बलिदान भावी पीढ़ी के लिए जज्बा पैदा कर गया। कश्मीर में 2019 में धारा 370 समाप्त होने तक भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा तक के कार्यकर्ता, 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है' के नारे को जीवंत करते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना की पृष्ठभूमि डॉ. मुखर्जी से जुड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक संगठन मंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि दीनदयाल जी ने आर्थिक उन्नयन के लिए समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को ध्यान में रखकर नीतियां बनाने का आह्वान किया था। इसके लिए उन्होंने भारतीय राजनीति में अंत्योदय का विचार दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1975 में कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल में भारतीय जनसंघ के एक लाख से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र बचाने के लिए 1977 में 'दल से बड़ा देश' की भावना से भारतीय जनसंघ का जनता पार्टी में विलय किया गया था। जनता पार्टी सरकार कुछ नेताओं के आपसी मतभेद और कांग्रेस की साजिशों से लंबा नहीं चल लाई। तब 6 अप्रैल 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।

सीएम योगी ने कहा कि विकास के लिए राजनीतिक स्थिरता जरूरी है। 1996 में अटल जी के नेतृत्व में पहली बार बनी भाजपा सरकार भले ही 13 दिन चल पाई लेकिन उसके बाद 1998 से लेकर 2004 तक सरकार चलाकर राजनीतिक स्थिरता का दौर दिखाया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं के नेतृत्व में भाजपा की प्रगति यात्रा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में दिखाई देती है। भारतीय जनसंघ और बाद में भाजपा के रूप में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को लेकर जारी इस यात्रा ने सफलता के जो प्रतिमान गढ़े हैं, वे अन्य दलों के लिए सपने से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना महामारी के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की सेवा भावना की मुक्तकंठ से सराहना की। कहा कि उस समय जब अन्य दलों के लोग घरों में छुपे थे, तब भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जनता को राहत दिलाई। उन्होंने कहा कि संकट के समय ही मित्र और शत्रु की पहचान होती है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्य 'व्यक्ति से पहले समाज' की भावना का परिचायक है। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता और आभार ज्ञापन नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, रमेश सिंह, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी त्र्यम्बक नाथ त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी विनोद पांडेय, अच्युतानंद शाही, पुष्पदंत जैन महानगर इकाई के पदाधिकारी और प्रशिक्षण वर्ग के अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी ने विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन कर इसका अवलोकन किया।

इस प्रदर्शनी में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासपरक उपलब्धियां और गोरखपुर के विकास को प्रदर्शित किया गया है।

१४ केंद्रों पर भेषजिक मुख्य परीक्षा कल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/02 का आयोजन 29 जून 2026 (सोमवार) को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा एक ही पाली में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक संपन्न होगी। इस परीक्षा में कुल 6432 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि सेक्टर स्तर पर भी 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं, जो लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। इसके अलावा, पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग की ओर से परीक्षा पर्यवेक्षक के रूप में एसएस बघेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी (सिटी) गजेंद्र कुमार को नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का समन्वय करेंगे। पुलिस व्यवस्था की जिम्मेदारी एसपी सिटी निमिष पाटील के नेतृत्व में संभाली जा रही है।

प्रशासन ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। परीक्षार्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा और किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन या अनुचित सामग्री को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और अन्य सुरक्षा उपाय भी सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही, कोविड या अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित किया जाएगा, यदि आवश्यक हुआ।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से स्पष्ट किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

मुतवल्ली कमेटी ने जिला प्रशासन का जताया आभार

गोरखपुर। मोहर्रम के सभी ताज़िया एवं मातमी जुलूस शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न होने पर इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के संरक्षक खैरूल बशर, अध्यक्ष अब्दुल्लाह, कन्वीनर हाजी कलीम अहमद फरजंद, कोषाध्यक्ष शकील अहमद अंसारी, प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुर्तजा हुसैन रहमानी, महासचिव नबीउल्लाह अंसारी, सचिव मंसूर आलम, प्रमुख महासचिव पार्षद उजैर अहमद, उपाध्यक्ष मिस्बाहुद्दीन सिद्दीकी, रजी अहमद, सैफूर्रहमान, मुहम्मद इरफान घोसी, डा. शाहिद , शहजाद अली, सोनू, हसन, वकील अहमद, फैसल अंसारी, अब्दुल वहाब खान, नूर अंसार, नेत्र चिकित्सक डा. मुश्ताक आलम, मुहम्मद रिजवान कादरी, सलमान पप्पू ने जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, बिजली विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त करते हुए सभी 18 48 मुतवल्लियों एवं अखाड़ा उस्तादों का पदाधिकारियों ने शुक्रिया अदा किया।

रोजगार सेवक करेंगे विस का घेराव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बड़हलगंज। बड़हलगंज विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में तैनात ग्राम रोजगार सेवक बुधवार को लखनऊ में बिधानसभा का घेराव करेंगे। ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को बैठक कर बिधान सभा घेराव की रणनीति बनायी। बकाया मानदेय, नियमितीकरण एचआर पालिसी, चिकित्सा व बिमा, नियमितीकरण न होने तक चौबीस हजार मानदेय आदि मांगो को लेकर ग्राम रोजगार सेवक सरकार से लम्बे समय से मांग कर रहे थे। लेकिन सरकार ग्राम रोजगार सेवको के मांगो को अनसुना कर दे रही है। जिससे ग्राम रोजगार सेवकों में काफी आक्रोश है। बड़हलगंज ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लाक अध्यक्ष कैलाशपति ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक संगठन के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एक जुलाई को बिधान सभा घेराव कर अपनी मांगो को लेकर सरकार पर दबाव बनायेंगे। सरकार हम लोगो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने चार अक्टूबर 2021 में लखनऊ के डिफेंस के मैदान में ग्राम रोजगार सेवकों के सम्मेलन में प्रत्येक वर्ष मानदेय वृद्धि, एचआर पालिसी, चिकित्सा एंव बीमा, मातृत्व अवकाश आदि घोषणा मंच से किया था, पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी वादा पुरा नही हो पाया। नौ माह से मानदेय बकाया है,जिससे ग्राम रोजगार सेवक काफी आहत है। परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई हो रही है। बैठक के दौरान दयानंद यादव, अनीता दूबे, अनुप सिंह, शशिकुमार, बबलु यादव, जयहिंद, शोभा देवी, दुर्गेश कुमार, अमिताभ गौड़, वेद कुमार, मनीष यादव, अनीता देवी, लालचंद, पन्नेलाल, अजीज, कृष्णमोहन यादव, उमेश, निर्भय पान्डेय, नीता सिंह, संदीप, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

दो पक्षों में छेड़छाड़ व मारपीट का केस दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बड़हलगंज। बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकड़ी गांव में हुए एक विवाद में अब दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। एक पक्ष ने छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

मरकड़ी निवासी फूलमाला सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रात करीब आठ बजे वह अपने पुत्र अतुल सिंह के साथ बाजार से घर लौट रही थीं। मरकड़ी ईंट-भट्ठे के पास सत्यप्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह और अर्पण ने उनके पुत्र से 1500 रुपये के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे अतुल गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद घायल अतुल का इलाज कराया गया। फूलमाला सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सत्यप्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह और अर्पण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 110, 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

इसी घटना से संबंधित पहले दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि एक युवती के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत का विरोध करने पर उसके और उसके पिता सत्यप्रकाश पर धारदार हथियार, लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया गया था। जिसमें युवती और उसके पिता दोनों ही घायल हो गये। इस मामले में पुलिस पहले ही अतुल सिंह, आलोक सिंह और शिवम् सिंह सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर चुकी है।

जनता दर्शन में पहुंची पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। गोला नगर पंचायत के वार्ड संख्या-06 निवासी हरी लाल पुत्र भीम उर्फ जंगी ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर स्थित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना-पत्र सौंपकर अपने पुश्तैनी मकान पर कथित अवैध कब्जा हटवाने और न्याय दिलाने की मांग की। पीड़ित का कहना है कि विभिन्न न्यायालयों से अपने पक्ष में निर्णय मिलने के बावजूद आज तक उन्हें अपने मकान का कब्जा नहीं मिल सका है। प्रार्थना-पत्र में हरी लाल ने बताया कि मदारिया उर्फ गोला स्थित गाटा संख्या-425 पर उनका परिवार पिछले लगभग 50 वर्षों से निवास करता रहा है। उनका आरोप है कि पड़ोसी शम्भू उर्फ सुरहू पुत्र संत प्रसाद, जोगेंद्र एवं देवेंद्र पुत्रगण रघुवंश सहित अन्य लोगों ने लंबे समय से उनकी संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित का दावा है कि इस विवाद को लेकर लघुवाद न्यायालय, विशेष न्यायालय (ई.सी. एक्ट), सिविल न्यायालय बांसगांव तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक मुकदमे चले, जिनमें उनके पक्ष में निर्णय हुए। इसके बावजूद उन्हें अब तक अपने पुश्तैनी मकान का कब्जा नहीं मिल पाया है। हरी लाल ने आरोप लगाया कि मकान की मरम्मत के दौरान टीनशेड हटाकर निर्माण सामग्री लेने जाने का फायदा उठाते हुए विपक्षी पक्ष ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मकान पर जबरन कब्जा कर लिया। विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को धमकाकर वहां से भगा दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना की शिकायत थाना गोला, उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित का कहना है कि वह पिछले लगभग एक वर्ष से पत्नी और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहने को विवश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग स्वयं को प्रभावशाली बताकर प्रशासन को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना-पत्र में हरी लाल ने न्यायालयों के आदेशों का पालन कराते हुए पुश्तैनी मकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ठेला संचालक ने दारोगा पर लगाया मारपीट का आरोप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। नगर पंचायत गोला के पक्का घाट क्षेत्र में सड़क किनारे ठेला लगाने को लेकर ठेला संचालक और पुलिस के बीच हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। एक ओर जहां ठेला संचालक पिंटू जैसवाल ने उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है, वहीं दूसरी ओर उपनिरीक्षक ने भी ठेला संचालक के खिलाफ उपजिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। पिंटू जैसवाल पुत्र स्वर्गीय शिवहरी प्रसाद निवासी वार्ड संख्या 17 पक्का घाट ने आरोप लगाया है कि गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे वह अपनी भूमि पर चाट-फुल्की का ठेला लगाए हुए थे। इसी दौरान उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं दो अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और ठेला हटाने को कहा। पिंटू का आरोप है कि ठेला हटाने की बात कहने के बावजूद उनके साथ लाठी से मारपीट की गई, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में मामले को दबाने का प्रयास किया गया तथा उनकी शिकायत पर थाने में सुनवाई नहीं हुई। वहीं उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वह पुलिस बल के साथ पक्का घाट स्थित नागपंचमी मेले की ड्यूटी पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि सड़क पर एक चाट का ठेला लगाए जाने से आवागमन बाधित हो रहा है और विवाद की स्थिति बन रही है। रिपोर्ट के अनुसार पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराने और सड़क से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया, लेकिन ठेला संचालक ने कथित रूप से पुलिस कार्रवाई का विरोध किया तथा अन्य लोगों से विवाद करने लगा।

समाधान दिवस में आए 26 मामले, दो निस्तारित

गोला। गोला थाने पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर केवल दो मामलों का ही निस्तारण किया जा सका। अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार बालचंद चौहान की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी सी.पी. पांडेय सहित राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में सिधारी निवासी संगम कुमार सिंह ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग उनकी बैनामा की गई भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपित दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्हें अक्सर जान-माल की धमकी देते रहते हैं। उन्होंने मामले में कार्रवाई कर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।

नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर भीषण हादसा, दो की मौत

स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच। लखीमपुर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर करीब 2:45 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नान्हूजोत मोड़ से लगभग 100 मीटर आगे नानपारा से मिहीपुरवा की ओर जा रही बस यूपी 43 एटी 1272 और विपरीत दिशा से नानपारा की ओर आ रही मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार महेश (30) पुत्र चंद्रशेखर और करण (21) पुत्र सुखदेव, निवासी ग्राम लोधनपुरवा दाखिला पैरुआ, थाना मोतीपुर, की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गुरघुटटा पुलिस चौकी इंचार्ज सुरपति त्रिपाठी कांस्टेबल शशांक गौड़, दयाराम साहनी , राहुल यादव मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्घटना में शामिल बस को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार यातायात व्यवस्था सुचारू है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। इस हृदयविदारक हादसे से इलाके में शोक की लहर है, वहीं स्थानीय लोगों ने हाईवे पर तेज रफ्तार और सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल उठाए हैं।

राहगीर अकीदत मंदों एवं लोगों की बुझाई प्यास

उतरौला/बलरामपुर। यौमे आशूरा के पावन अवसर पर उतरौला में स्थित पिपरा रोड पर इंसानियत, मोहब्बत और भाई चारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर ए आई एमआई एम महिला जिला अध्यक्ष डॉक्टर शाहिस्ता जबी एवं डॉक्टर एफ जेड. हाशमी के नेतृत्व में आने जाने वाले राहगीर अकीदत मंदों एवं आम लोगों के बीच शरबत,पानी का बाटल, बिस्किट,मिठाई और कोल्डड्रिंक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि कर्बला के शहीदों की याद को ताजा करते हुए सेवा, त्याग और मानवता का सन्देश जन-जन तक पहुँचाना था। इस कार्य क्रम के दौरान बडी संख्या में लोगों ने शर बत पानी और कोल्डड्रिंक ग्रहण किया, और आयोजकों के द्वारा किए गए इस सेवा कार्य करने की सराहना की।

सपा नेता ने किया जनसम्पर्क

उतरौला/बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता शत्रोहन प्रसाद वर्मा ने शुक्रवार को विकास खण्ड गैडास बुजुर्ग के कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर व्यापक जन-सम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन- जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उनके साथ बडी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं समर्थक भी मौजूद रहे।

डीएम ने पुष्टाहार ईकाई निरीक्षण दौरान ग्रामीणों से किया संवाद

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।कलेक्टर अभिषेक पांडेय व एसपी दीपक भूकर के द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली देहात मे जनसुनवाई की गई और अधिकारियों को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सख्त निर्देश दिए।उसके बाद कलेक्टर अभिषेक पांडेय के द्वारा कुंडा ब्लॉक के बछंदामऊ मे स्थित सूरज प्रेरणा लघु उद्योग राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एनआरएलएम) टीएचआर इकाई का निरीक्षण किया।तैयार पुष्टाहार की गुणवत्ता एवं निर्मित प्रक्रिया का गहन छानबीन किया।उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित इकाई मे तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता परखी और उत्पादन संबंधी व्यवस्था की जानकारी ली।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण से जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जाना चाहिए।तैयार उत्पाद के नमूनों की समय समय पर प्रयोगशाला में जांच कराई जाए।इसके बाद कलेक्टर अभिषेक पांडेय ने शिकायत के प्रकरण मे परसीपुर में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरण के निस्तारण हेतु मौके पर उपस्थित एसडीएम वाचस्पति सिंह को निर्देश दिए और इस दौरान खाट पर बैठकर ग्रामीणों से संवाद कर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली एवं फीड बैक प्राप्त किया।

खबर एक नजर

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 9.25 करोड बकाया भुगतान

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बडी राहत की खबर है। लगभग 41 वर्षों से लंबित 9 करोड 25 लाख 20 हजार 96 रुपये के बकाया भुगतान का रास्ता साफहो गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निरंतर प्रयासों को दिया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान के लिए लंबे समय से शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा के सहयोग से अब बकाया भुगतान को स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि 28 जून को प्रातः 11 बजे नगर पालिका ग्राउंड,बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम,भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र तथा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के हाथों पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बकाया भुगतान का वितरण किया जाएगा। डीपी सिंह बैस ने कहा कि यह निर्णय उन कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बडी राहत लेकर आया है,जो पिछले चार दशकों से अपने वैधानिक बकाए की प्रतीक्षा कर रहे थे। लंबे समय से लंबित भुगतान मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक बल मिलेगा और उनके प्रति शासन की संवेदनशीलता भी परिलक्षित होगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार,बकाया भुगतान की प्रक्रिया कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभ की जाएगी।

तेज रफ्तार ट्रक ने12 वर्षीय बालिका को रौंद डाला

स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच। नेशनल हाईवे नानपारा लखीमपुर मिहीपुरवा मार्ग पर अल्लापुरवा भट्ठा के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने शाम 6 बजे 12 वर्षीय बालिका लक्ष्मी देवी पुत्री रामनिवास चौहान को अपनी चपेट में ले लिया तेज रफ्तार ट्रक तेजी से भाग निकला परंतु उसे ग्रामीण और राहगीरों में आगे चलकर पकड़वा दिया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया है शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्यवाही हेतु बहराइच भेज दिया है इस दुर्घटना में एक युवक साजिद पुत्र भुजऊ निवासी बहराइच चांदपुरा भी गंभीर रूप से घायल हुआ है ग्रामीण और राहगीरों ने निजी चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया है वह भी अपनी मौत जिंदगी से जूझ रहा है मौके पर गुरघुटटा पुलिस चौकी इंचार्ज सुरपति त्रिपाठी कांस्टेबल शशांक गौड़ रामानुज सिंह मौजूद रहे शांति व्यवस्था कायम है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्ट्रीट लाइट के खंभे में उतरे करंट से युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत नानपारा कस्बे की नमक वाली गली में मोहर्रम का जुलूस देखने निकले एक युवक की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना नगर पालिका द्वारा लगाए गए स्ट्रीट लाइट के खंभे में अचानक करंट उतरने के कारण हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार कैफ अली पुत्र अनवर अली निवासी कमरिया टोला सोमवार की रात करीब 11 बजे मोहर्रम का जुलूस देखने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान नमक वाली गली में लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गया। परिजन व स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लेकर पहुंचे, जहां तैनात फार्मासिस्ट रंजन विश्वास ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अभी पढ़ाई कर रहा था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के बड़े भाई ने नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते विद्युत सुरक्षा के इंतजाम किए गए होते तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे विद्युत उपकरणों की जांच और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस-तस्कर साठगांठ का आरोप

स्वतंत्र भारत बहराइच।भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा क्षेत्र में संगठित गौवंश-तस्करी, पुलिस संरक्षण और भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है. क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसपी बहराइच को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है, कि पचपकरी निवासी बौखल यादव उर्फ मुरली और राशिद मुल्ला लंबे समय से सीमावर्ती गांवों से गौवंशों को चराने के बहाने नेपाल भेजकर उनका अवैध कटान करवा रहे हैं। बीती 20 जून 2026 को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने गौवंशों के साथ तस्करों को रोककर आरोपी शफीक मुल्ला को पुलिस के हवाले किया था। आरोप है कि पुलिस ने विधिक कार्यवाही करने के बजाय उसे 24 घंटे थाने में रखकर मोटी रिश्वत लेकर छोड़ दिया। चर्चा है कि इस अवैध राशि का बंदरबांट प्रभारी निरीक्षक एक स्थानीय पत्रकार व तथाकथित हिंदू संगठन के पदाधिकारी और सिपाहियों के बीच हुआ। ग्रामीणों ने मामले की उच्चाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने, प्रभारी निरीक्षक व संलिप्त पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

समाधान दिवस संपन्न, शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

बलरामपुर। जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना गैसडी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कानून एवं व्यवस्था से जुडे संवेदनशील प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच कर त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद एवं संवेदनशील मामलों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने थाने में संधारित शिकायत निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक समाधान आधारित होना चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इस दौरान तहसीलदार तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

रास्ते मे हमला करने वालों पर केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।लालगंज कोतवाली के गजा का पुरवा पूरे सेवकराय गांव निवासी लालजी पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है,कि 25 जून की रात करीब आठ बजे उसका पुत्र रजत पटेल गांव के इन्द्रेश पटेल,देशराज पटेल पुत्रगण रामसजीवन के साथ मजदूरी करके बाइक से घर लौट रहा था।पीड़ित का आरोप है,कि रास्ते में रामपुर बावली मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे हलई का पुरवा निवासी अजय सरोज पुत्र लालजी सरोज,गजा का पुरवा पूरे सेवकराय निवासी शिवकुमार पटेल व रंजीत पटेल पुत्रगण हरिश्चंद्र व अरविंद पटेल,अरूण पटेल पुत्रगण हरिलाल ने गाली देते हुए मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है,कि जांच के बाद पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सेतु में धांधली को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।सेतु निर्माण मे गुणवत्ता मानकों की अनदेखी व अप्रोच मार्ग निर्माण मे अनियमितता बरती जाने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। सांडवा चंद्रिका ब्लॉक अंतर्गत विसई त्रिलोकपुर मे बने सेतु मे धांधली व मानक दरकिनार कर किए गए कार्यों और अप्रोच मार्ग मे अनियमितता को लेकर नाराज ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत के साथ डीएम से भी शिकायत किया है।शनिवार को दर्जन भर ग्रामीणों ने सेतु पर पहुंचकर ठेकेदार व जेई व विभाग के अधिकारी के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।कृपा शंकर पांडेय का कहना है कि अप्रोच मार्ग की ऊंचाई अत्यधिक होने से लोगों को चढ़ने मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।प्रदर्शन दौरान छोटे लाल वर्मा राधे श्याम पांडेय सूर्य बली राम कैलाश राजेंद्र प्रसाद रामचंद्र राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

समर्पण के रूप में मना परिवहन मंत्री का जन्मदिन

बलिया। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को उनके विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक और सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित की गई। पूरे दिन विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ, जरूरतमंदों को वस्त्र एवं मिष्ठान वितरण तथा अस्पतालों में मरीजों के बीच फल व मिष्ठान वितरण जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे सेवा, समर्पण और जनकल्याण का दिवस बताते हुए मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और प्रदेश की प्रगति की कामना की। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष सोनी तिवारी, हनुमानगंज मंडल अध्यक्ष विश्वजीत तिवारी, छाता मंडल अध्यक्ष दीनबंधु मौर्य तथा दुबहड़ मंडल अध्यक्ष रिंकू दुबे के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के 100 से अधिक मंदिरों में सामूहिक रूप से सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया।

मिट्टी खोदने के विवाद में दो पक्षों में चटकी लाठियां

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़ ।मिट्टी खोदने के विवाद को लेकर दो पक्षों मे जमकर लाठियां चटकी।तीन लोग घायल हो गए।महेशगंज थाना के बक्श का पुरवा बहोरिकपुर में मिट्टी खोदने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी और फावड़े के बेंट से हमला कर दिया।मारपीट में तीन लोग घायल हो गए।आरोप है कि 24 जून की सुबह पड़ोसी खेलारी पुत्र स्व सुखदेव,कलहिन पत्नी खेलारी,संजय व राजकुमार पुत्रगण खेलारी उसकी भूमि से मिट्टी खोदकर अपने घर ले जा रहे थे।विरोध करने पर सभी आरोपी एकजुट होकर गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।मारपीट में गुदुन,उसकी बहन मनीषा व भाभी सविता पत्नी विजय कुमार को लात-घूंसों,लाठी,फावड़े के बेंट से पीटकर घायल कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डीएम से बंजर जमीन पर कब्जे की शिकायत

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।तहसील व कोतवाली लालगंज के अमावां गांव में बंजर जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर बीडीसी ने डीएम से शिकायत की है।अमावां निवासी क्षे.पं.स. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को दिए शिकायती पत्र मे कहा है कि गांव में राजस्व अभिलेख में दर्ज बंजर जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमा लिया गया है।शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है,कि बंजर जमीन पर लगे करीब पचास हजार के वेशकीमती पेड़ो को कटवाकर जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य भी करा लिया है।शिकायत पर तहसीलदार लालगंज को जांच कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए है।

खड़ंजा पर अवैध कब्जा कर झूठे केस में फंसाने की धमकी

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।खडण्जा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के आरोप को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की है।उदयपुर थाना के बरूआ दर्रा गांव निवासी हरेन्द्र सिंह,आशीष सिंह समेत दर्जन भर ग्रामीणों ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है,कि गांव के खडण्जा मार्ग पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दीवार बनाकर जबरन अतिक्रमण कर लिया गया है।यह भी आरोप है कि आरोपी द्वारा खडण्जा मार्ग पर ही घर की जल निकासी कर दिया है।इससे मार्ग पर जलभराव बना रहता है। जिससे आवागमन मुश्किल भरा हो गया है।ग्रामीणों का आरोप है,कि समस्या का विरोध करने पर आरोपी व उसके परिवार के सदस्य मारपीट पर अमादा हो जाते है और फर्जी मुकदमें मे फंसाने की धमकी भी देते है।प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है,कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

चोरों ने घर को खंगाला लाखों के गहने समेटे

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कुंडा कोतवाली क्षेत्र मे चोर बदमाशों का मनोबल सातवें आसमान पर चढ़ा हुआ है।बीते दिनों विदासीन निवासी मन्ने लाल साहू की निर्मम हत्या कर लाश फेंक दिया।गुरुवार की रात भिटवा जमेठी मे दंपत्ति को बंधक बनाकर बदमाशों ने करीब 12 से 15 लाख रुपए के गहने व नकदी समेट ले गए और दूसरे दिन शुक्रवार की रात रैयापुर मे सौरभ द्विवेदी के घर को निशाना बनाते हुए लाखों के गहने लूट लिया।कुंडा क्षेत्र मे नागरिकों की सुरक्षा हाशिए की नोंक पर चल रही है।कुंडा कोतवाली के टिकऊ दुबे का पुरवा बनपुरवा मजरा रैयापुर निवासी सौरभ द्विवेदी पुत्र उमेश चन्द्र द्विवेदी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि प्रार्थी सपरिवार प्रयागराज मे रोजी रोटी के सिलसिले मे रहता है।घटना 26 जून 26 की है।प्रार्थी के घर पर लगा सीसीटीवी कैमरे ऑफ लाइन दिख रहा था,तो प्रार्थी ने चाची को फोन करके घर को देखने के लिए कहा।चाची ने बताया कि आपके घर में लगे ताले व दरवाजे को तोड़कर चोरी हो गई है।पीड़ित फौरन प्रयागराज से गांव आया और देखा तीन कमरे के ताले टूटे हुए है और सामान बिखरा हुआ है।चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर रखा 35 हजार रुपए नकद व मंगलसूत्र सोने की चेन व पायल चोरी कर लिया। चोरों ने डीवीआर व हार्डडिस्क भी साथ लेते गए।पीड़ित ने डायल 112 को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई।पीड़ित ने थाने मे तहरीर दी है। पुलिस जांच के नाम पर लकीर की फकीर बनी हुई है,क्योंकि पीड़ित के घर पर 7 अगस्त 25 को भी चोरी हो चुकी है,जिस सम्बन्ध मे केस दर्ज है।

शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मोहर्रम

स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा नगर सहित ग्रामीण इलाकों माघी, सरैया, गुरघुट्टा, बंजरिया, अशरफा तकिया, पतरहिया, नरायनपुर कला, मटिहा और चंदनपुर में मोहर्रम का पर्व पूरी अकीदत, सब्र और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मोहर्रम के अवसर पर पारंपरिक मार्गों से ताजिया जुलूस निकाले गए, जहाँ 'या हुसैन' की सदाओं के बीच अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों को याद कर इंसानियत, भाईचारे व सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश लिया। थाना रुपईडीहा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बाबागंज, कर्बला दुर्गापुर और बाबा मासूम शाह दरगाह पर भी अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही और रुपईडीहा कस्बे में अकीदतमंदों ने भव्य जुलूस के साथ ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया। पूरे आयोजन के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी झलक देखने को मिली, जहाँ विभिन्न समुदायों के लोगों ने आपसी सौहार्द का परिचय दिया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश रावत और बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने दलबल के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग के चलते कहीं से भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और मोहर्रम के इस पर्व ने एक बार फिर क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

साहेब मैं जिन्दा हूं,सालों से बुजुर्ग अधिकारियों के चौखट का लगा रहा चक्कर

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।वृद्ध को मृतक दिखाकर उसकी सारी संपत्ति का वरासत करा लिया,जबकि जिंदा पीड़ित अपने को जीवित सिद्ध करने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है।महेशगंज थाना के नगर पंचायत हीरागंज बाजार के ऐंधा मक्कू का पुरवा निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद यादव पुत्र राम अवतार यादव का आरोप है,कि गाटा संख्या 658 एवं 710 की वरासत 29 जून 2017 को अमरनाथ,प्रदीप कुमार व गीता देवी के नाम दर्ज कर दी गई।विन्ध्येश्वरी प्रसाद का कहना है,कि वह पूरी तरह स्वस्थ और जीवित हैं।फिर भी तथ्यों को छिपाकर यह फर्जीवाड़ा किया।विन्ध्येश्वरी प्रसाद अपनी ही जमीन बचाने और खुद को जीवित साबित करने के लिए वह 2017 से लगातार अधिकारियों की चौखट पर माथा रगड़ रहा है,फिर भी कोई सुनने वाला नहीं है।उन्होंने एसडीएम समेत संबंधित सक्षम अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन आज तक न तो फर्जी वरासत निरस्त हुई और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई।पीड़ित ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फर्जी वरासत को तत्काल निरस्त कर राजस्व कर्मियों समेत जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए,ताकि उसे अपनी जमीन वापस मिल सके और न्याय मिले।

एएसपी ने थाना समाधान दिवस मे सुनी फरियाद

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कुंडा कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृज नन्दन राय ने जनसुनवाई की।इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिवनारायण वैस व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।एएसपी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, रविवार 28 जून 2026

प्रयागराज

कौशाम्बी / प्रयागराज

कार्य निष्पादन में गुणवत्ता ही सफलता का वास्तविक आधार : जे.सी.एस. बोरा

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। प्रयागराज लाबी में आयोजित प्रयागराज मंडल के विभिन्न मुख्यालय से आए हुए लगभग 60 मुख्य लोको निरीक्षकों की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे ने सभी लोको निरीक्षकों को गुणवत्तापूर्ण कार्य संस्कृति अपनाने का प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की संरक्षा और उत्कृष्ट परिचालन केवल कार्यों की संख्या से नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता और उसके सकारात्मक प्रभाव से सुनिश्चित होती है ! उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य केवल कार्यगणना की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता और उसके वास्तविक प्रभाव को सुनिश्चित करना होना चाहिए। एक प्रभावी काउंसिलिंग, एक सार्थक निरीक्षण तथा समय पर किया गया मार्गदर्शन अनेक औपचारिक कार्यवाहियों से कहीं अधिक

मूल्यवान होता है।' 26 जून 2026 को उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज लॉबी में एक दिवसीय मुख्य लोको निरीक्षकों के संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। रेल संचालन में संरक्षा (Safety) को सुदृढ़ करने और परिचालन संबंधित बारीकियों पर चर्चा के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न मंडलों के लगभग 60 लोको निरीक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संगोष्ठी के प्रारंभ में संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जे सी एस बोरा प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे को मंडल के वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर परिचालन आकाश श्रीनेत्र के द्वारा प्लांटर भेंट किया गया।

संरक्षा संवाद के साथ-साथ यह आयोजन सामाजिक सरोकार का भी गवाह बना। संगोष्ठी के प्रारंभ में ही मानवीय सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान करने वाले 30 रक्तदाता रनिंग कर्मियों को संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके इस अनुकरणीय कार्य की उपस्थित सभी अधिकारियों और संरक्षकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के संचालनकर्ता वासुदेव पाण्डेय मुख्य क्रू नियंत्रक सामान्य प्रयागराज द्वारा रनिंग कर्मियों के संरक्षित संचालन में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु मंडल में अपनाई जाने वाली तकनीकी ज्ञान के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक संतुष्टि हेतु विभिन्न गतिविधियों का पी पी टी एवं वीडियो चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया ! संगोष्ठी में सभी लोको निरीक्षकों से वार्ता के बीच प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर (परिचालन), उत्तर मध्य रेलवे ने आने वाले नए सहायक लोको पायलटों को परामर्श देते समय समझाया की परामर्श संख्या केवल आँकड़े प्रस्तुत करती है जबकि गुणवत्ता भरे प्रभाव कारी परामर्श परिणाम प्रस्तुत करती है। इसलिए प्रत्येक मुख्य लोको निरीक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन इस प्रकार करना चाहिए कि उसके कार्यों का प्रत्यक्ष प्रभाव संरक्षा, समयपालन, लोको पायलटों के व्यवहार, अनुशासन तथा कार्यकुशलता में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। संगोष्ठी में मुख्य लोको निरीक्षक एन एन एन तिवारी, शकील अहमद, यू बी सिंह, जी सी पांडेय, अनिल कुमार गुप्ता से सुरक्षा बिंदु पर चर्चा की। वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर परिचालन आकाश श्रीनेत्र ने लोको निरीक्षकों को अपने कार्य निष्पादन में गुणवत्तापूर्ण काउंसिलिंग, सतत मार्गदर्शन, व्यक्तिगत संवाद, व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा मानवीय संवेदनशीलता को अपनी कार्यशैली का अभिन्न अंग बनाने हेतु सलाह दी और संगोष्ठी के मुख्य अतिथि महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया! संगोष्ठी के संचालनकर्ता वासुदेव पाण्डेय ने संगोष्ठी में आए हुए सभी लोको निरीक्षकों एवं रनिंग परिवार के रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया कार्यक्रम के अंत में सभी लोको निरीक्षकों ने रेल संचालन को पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन बनाए रखने का संकल्प लिया।

16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 1.75 लाख रत्नों से सजे मुकुट होंगे मुख्य आकर्षण

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा महोत्सव समिति (बड़ा रथ) प्रयागराज चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार को प्रातः 11 बजे हिवेट रोड स्थित श्री शिव-दुर्गा-हनुमान मंदिर (निकट केला भवन) से निकाली जाएगी। रथयात्रा हिवेट रोड, जानसेनगंज, लोकनाथ, राम भवन होते हुए गुडिचा मंदिर, छोटा चौराहा, मुट्ठीगंज पर संपन्न होगी। रथयात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने तथा समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा तीन भव्य रथों पर विराजमान रहेंगे। 1.75 लाख से अधिक रत्नों से सुसज्जित जड़ाऊ मुकुट एवं आभूषण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होंगे। शोभायात्रा में झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, हाथी, तोपों की सलामी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। रथयात्रा से पूर्व 29 जून को स्नान पूर्णिमा एवं गजानंद वेश, 15 जुलाई को बाइक रैली (उद्घोष यात्रा) तथा 19 जुलाई को छप्पन भोग महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रथयात्रा संयोजक अभिषेक मित्तल एवं समिति के मोहित कुमार जायसवाल ने भी सभी शहरवासियों से सहयोग एवं सहभागिता का आग्रह किया। समिति के संरक्षक डॉ. बी. बी. अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं एवं सनातन प्रेमियों से इस भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



भगवान नील माधव जगन्नाथ स्वामी की स्नान विश्राम यात्रा 29 जून को

108 घड़े के जल से भगवान जगन्नाथ जी की स्नान विधि की निभाई जाएगी परंपरा

प्रयागराज ब्यूरो। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के द्वारा 29 जून ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर अध्यक्ष दूर्गा प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में भगवान नील माधव जगन्नाथ स्वामी की भव्य विश्राम यात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा संयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि विश्राम यात्रा के पूर्व काशी राज नगर कटघर स्थित प्रयागेश्वर जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी को 108 घड़े के जल से स्नान विधि परंपरा को निभाया जाएगा तत्वाधान भगवान नील माधव जगन्नाथ स्वामी जी को विश्राम के लिए रथ पर विराजित कर परपंरागत भव्य विश्राम यात्रा निकाली जाएगी रथयात्रा संयोजक राजेश केसरवानी ने आगे बताया कि विश्राम यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के संग भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर विराजित होगी इसके अलावा यात्रा में भगवान गणेश, हनुमान जी महाराज गरूड़ महाराज राधा कृष्ण, कृष्ण बलदाऊ की जड़ाऊ चौकी डीजे बैंड ढोल नगाड़ा भांगड़ा लाइट और अन्य देवी देवताओं की झांकियां शामिल रहेगी। विश्राम यात्रा मंदिर परिसर से शुभारंभ होकर कटघर, सालिक गंज मुट्ठीगंज रामभवन बहादुर गंज, मानसरोवर, मोती महल,एस सी बासु मार्ग से अग्रसेन चौराहा होते हुए आर्य भवन जीरो रोड पर जाकर संपन्न होगी।

अन्नम प्रसादम सेवा के छह वर्ष पूर्ण होने पर श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र भारत लालगोपालगंज, प्रयागराज। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी शांडिल्य महाराज द्वारा संचालित अन्नम प्रसादम सेवा के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्रृंगवेरपुर धाम गेस्ट हाउस में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का श्रृंगवेरपुर धाम आगमन पर जोरदार एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वहीं विद्युत विभाग के अवर अभियंता प्रदीप पटेल, व नरेंद्र प्रताप अधिशासी अभियंता सहित विभागीय अधिकारियों ने विद्युत आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की।

रात्रि लगभग आठ बजे ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का

काफिला लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्रृंगवेरपुर धाम गेस्ट हाउस पहुंचा, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद मंत्री ने सबसे पहले जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी शांडिल्य महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने अन्नम प्रसादम सेवा में भाग लेते हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि निस्वार्थ भाव से संचालित अन्नम प्रसादम जैसी सेवा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भूखे और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है तथा ऐसे सेवा कार्य समाज में समरसता और मानवता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।

नगर पंचायत लालगोपालगंज की अधिशासी अधिकारी पद्मजा मिश्रा ने ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संत-महात्मा, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद मंत्री ए.के. शर्मा लखनऊ के लिए रवाना हो गए। उनके साथ मानिक पुर नगर पंचायत के अध्यक्षह भी मौजूद रहे।

28 जून से सघन पल्स पोलियो जन-जागरूकता अभियान का आगाज

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य,उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने पल्स पोलियो जन-जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने आज सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के अन्तर्गत आयोजित जनपद स्तरीय जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जन-जागरुकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकाली गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान 28 जून,2026 से शुरू होगा। जनपद में 747 बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 256995 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गम्भीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिये प्रत्येक अभिभावक का यह दायित्व है कि वह अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें तथा कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।अभियान के दौरान जनपद के सभी बूथों एवं घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर इसे सफल बनायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हिन्दू साम्राज्य दिवस पर वीर शिवाजी को किया गया नमन

प्रयाग दक्षिण भाग के सभी नगरों में मनाया गया दिवस

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रयागराज दक्षिण भाग की ओर से शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में हिंदू साम्राज्य दिवस भव्य रूप से मनाया गया। विभाग प्रचार प्रमुख वसु ने बताया कि दक्षिण भाग के विभिन्न नगरों की शाखाओं में प्रातः काल से ही विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जहां स्वयंसेवकों ने वीर शिवाजी के आदर्शों को याद कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

स्वराज और सुराज के प्रणेता थे, शिवाजी विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य वक्ताओं ने शिवा जी महाराज के जीवन और उनके हिंदू पद पादशाही के संकल्प पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने प्रमुख उत्सवों में से एक हिंदू साम्राज्य दिवस को ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन मनाता है। माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज को धर्ममय पालन-पोषण के साथ कूटनीति और युद्ध कौशल की शिक्षा दी थी। वक्ताओं ने अफजल खान वध का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि औरंगजेब की विशाल सेना और अफजल खान के छल का जवाब शिवाजी महाराज ने अपनी

प्रतीक्षा नीति और बघनखे से दिया। उन्होंने अपने युद्ध कौशल से विजय प्राप्त कर बिना कोई युद्ध हारे स्वराज और सुराज की स्थापना की। दक्षिण भाग के इन नगरों में हुए आयोजन में मुख्य वक्ता न्याय नगर (विवेकानंद पार्क) में विभाग घुमन्तू कार्य संयोजक अमित माधव नगर (गोकुल पार्क) में विभाग शारीरिक प्रमुख शिव प्रकाश, देवरस नगर (नीम सराय) में विभाग कार्यवाह डॉ संजय तथा शेषाद्रि नगर में भाग प्रचारक अंकित ने अपने विचार रखे। देवप्रयागम व श्रीराम नगर (झलवा) में प्रांत सह कार्यवाह रासबिहारी, कालिंदी नगर में विभाग सम्पर्क प्रमुख डॉ प्रमोद पाण्डेय और रज्जू भैया नगर में चारू मित्र पाठक मुख्य वक्ता रहे। लोकमान्य नगर (करेली) में सह प्रान्त व्यवस्था प्रमुख राकेश सिंह सेंगर, लाजपत नगर (मीरापुर) में भाग प्रचार प्रमुख कृष्ण मनोहर तथा कल्याणी नगर (कटघर) में प्रान्त सह सद्भाव संयोजक नागेंद्र ने संबोधित किया।

इसके अतिरिक्त शिवाजी नगर में नरोत्तम, केशव नगर में घोष प्रमुख राजेश और श्रीकृष्ण नगर (बाई का बाग) में बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सतीश ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर मातृशक्ति और बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा। इस मौके पर नगर संघचालक रवि प्रकाश, सह नगर संघचालक राजकुमार, नगर कार्यवाह भूपेंद्र, सह नगर कार्यवाह रविनाथ, रामानुज, विजय समेत तमाम स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे।

29 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण कुमार यादव ने अवगत कराया है कि जनपद के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-29 जून 2026 को एक्सिस प्रा0आई0टी0आई0, म्योहर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ प्रातः 10 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

यूपी सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की चतुर्थ महत्वपूर्ण बैठक 28 जून को सहारनपुर में

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की चतुर्थ महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 28 जून 2026 को होटल अमर वाटिका, सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा करेंगे। श्री गुरु सिंह सभा, सहारनपुर के सहयोग से आयोजित इस बैठक में सहारनपुर मंडल सहित प्रदेश के लगभग 25 जिलों के गुरुद्वारा प्रतिनिधि, संत-महात्मा, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षिक संस्थाओं के पदाधिकारी तथा दिल्ली एवं पंजाब से भी बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरविन्दर सिंह लार्ड ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गुरुद्वारों को एक सशक्त संगठनात्मक ढांचे से जोड़ना, गुरुद्वारा प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना तथा समाजहित के कार्यों को नई दिशा प्रदान करना है। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधन, शिक्षा, युवाओं के रोजगार, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा सहायता, लंगर सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा राहत तथा सामाजिक सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कमेटी के धर्मवीर सिंह बग्गा ने बताया कि संगठन के प्रदेशव्यापी विस्तार, जिला एवं मंडल स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह (लखनऊ) ने बताया कि लखनऊ, कानपुर, बहराइच, गोरखपुर, प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के गुरुद्वारा प्रबंधक एवं समाज के प्रमुख प्रतिनिधि इस बैठक में विशेष रूप से भाग लेंगे। कमेटी के महासचिव सरदार सुरेन्द्र पाल सिंह बक्शी ने प्रदेश की सभी गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों, समाजसेवियों एवं सिख संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में सहभागी बनकर इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर, बेकाबू कार ने दो बाईकों को मारी टक्कर, 4 घायल

स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी। जनपद में शनिवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां एक तेज रफ्तार कार नेशनल हाइवे के राम वन गमन मार्ग पर मंझनपुर की ओर जा रही थी, अचानक से उसने बिसारा गांव के पास ओवर ब्रिज पर दो बाईकों में टक्कर मार दी,टक्कर मारने के बाद दोनों बाइक सवारों को रौंदते हुए कार रुक गई।

इस हादसे में दो बाइक सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं,जिसमें एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है, घटना की सूचना पर स्थानीय लोग भी पहुंचे और घटना की जानकारी डायल 112 के साथ कोखराज थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजते हुए

कार को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा की है जहा बाइक सवार संदीपन घाट थाना क्षेत्र बजहां गांव निवासी राकेश केसरवानी (45), सुनीता केसरवानी (38) पत्नी राकेश केसरवानी व कृष्णा केसरवानी (12) पुत्र राकेश केसरवानी व दूसरे बाइक सवार विनोद यादव (40) निवासी आदमपुर? अपनी बाइक बाइक से मंझनपुर जा रहे थे,वही कार चालक सोनू राय निवासी मिजार्पुर वह भी कार लेकर मंझनपुर जा रहा था। जैसे ही दोनों बाइक सवार बिसारा ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे थे, तभी बेकाबू कार चालक ने पहले एक बाइक में टक्कर मारी फिर दूसरे बाइक में टक्कर मारने के बाद दोनों बाइकों को रौंद दिया और कार रूक गयी। घटना की सूचना पर स्थानीय लोग भी पहुंचे और घटना की जानकारी डायल 112 के साथ कोखराज थाना और सिंघिया चौकी पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजते हुए कार को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

टेड़ीमोड़ में खोला गया समर्थ किसान पार्टी का क्षेत्रीय कार्यालय

सेक्टर स्तर पर खोले जायेंगे जिले भर में सकिपा कार्यालय.....अजय सोनी

बहुत से लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

स्वतंत्र भारत कड़ा कौशाम्बी। जनपद में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को सिराथू तहसील के कड़ा ब्लॉक अन्तर्गत टेडीमोड (दारानगर) में नारियल, धूप दीप से पूजन कर और लड्डू बांटकर पार्टी का क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन पार्टी नेता अजय सोनी ने किया। इस अवसर पर समर्थ किसान पार्टी

जिन्दाबाद- जिन्दाबाद के लोगों ने नारे लगाये। साथ ही इस अवसर पर तमाम लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली और समर्थ किसान पार्टी में शामिल हुये।

इस अवसर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पूरे जिले भर में सेक्टर स्तर पर कार्यालय खोले जा रहे हैं। इसी क्रम में टेडीमोड़ में भी आज पार्टी का क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया है। आगे कहा कि प्रत्येक माह की 15 तारीख को सकिपा की ग्राम मासिक बैठक इन्ही कार्यालयों में आयोजित होगी। इस अवसर पर अजय सोनी ने सभी लोगों को समर्थ किसान पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया जिसपर कई लोगों ने समर्थ किसान पार्टी की मौके पर ही सदस्यता ग्रहण की। कार्यालय प्रभारी श्रीकृष्ण मौर्य को बनाया गया। इस अवसर पर राजेश कुशवाहा, महेश साहू, राजेश यादव, डॉ अशोक कुमार, मनोज मौर्य, दिनेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी में ही मिलेगा उन्नत स्त्री रोग उपचार

महिलाओं को बड़ी राहत, अब जनपद में ही उपलब्ध होगा उन्नत स्त्री रोग शल्य चिकित्सा उपचार

पहली बार हुई सैक्रल कोल्पोपेक्सी सर्जरी

स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए पहली बार वैजाइनल वाल्ट सस्पेंशन (सैक्रल कोल्पोपेक्सी) जैसी जटिल एवं उच्चस्तरीय स्त्री रोग शल्यक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न की है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय की चिकित्सीय दक्षता को प्रदर्शित करती है,बल्कि जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर

स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। यह सफल ऑपरेशन स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. यासमीन उबैद (सह आचार्य) के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। शल्यक्रिया में डा. विशाखा दीक्षित,वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डा. टी.बी. मौर्य, ओ.टी. टेक्नीशियन दीपक कुमार एवं हिमांशु तथा स्टाफ नर्स कौशल देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेषज्ञों के अनुसार, कई महिलाओं में बच्चेदानी निकालने (हिस्टेरेक्टॉमी) के पश्चात एक गम्भीर जटिलता के रूप में वैजाइनल वाल्ट प्रोलैप्स की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसमें योनि का ऊपरी भाग अपनी सामान्य स्थिति से नीचे खिसककर बाहर आने लगता है। इस कारण मरीज को मल-मूत्र त्यागने में कठिनाई,चलने-फिरने में असुविधा तथा दैनिक जीवन में अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सैक्रल कोल्पोपेक्सी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक उन्नत एवं प्रभावी शल्यक्रिया है, जिसके माध्यम से प्रभावित अंग को पुनः उसकी प्राकृतिक स्थिति में स्थापित कर मरीज को स्थायी राहत प्रदान की जाती है। इस जटिल प्रक्रिया का सफल निष्पादन महाविद्यालय में उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रमाण है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डा.) हरिओम कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर पूरी चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य जनपदवासियों को महानगरों के समकक्ष गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं टीमवर्क के परिणामस्वरूप आज महाविद्यालय नई-नई चिकित्सा उपलब्धियों को प्राप्त कर रहा है। इस सफलता के साथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने महिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा है तथा यह सिद्ध किया है कि जनपद स्तर पर भी जटिल एवं उन्नत शल्यक्रियायें सफलतापूर्वक सम्पन्न की जा सकती हैं। इससे क्षेत्र की महिलाओं को समय पर उपचार मिलने के साथ-साथ अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

अग्रहरि समाज का शपथ ग्रहण समारोह अवैध

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। अग्रहरी समाज के समस्त सम्मानित सदस्यों एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 जून, 2026 को तथाकथित 'अग्रहरी वैश्य समाज' के नाम पर प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह पूर्णतः विवादित परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है। यह विषय माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष विचाराधीन है तथा संबंधित आदेशों के संचालन पर माननीय न्यायालय द्वारा अंतरिम स्थगन आदेश प्रदान किया जा चुका है। इसके बावजूद न्यायालय में विचाराधीन विषय से संबंधित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का प्रयास न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा को चुनौती देने तथा समाज को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होता है।

यह भी गंभीर तथ्य है कि जिस संस्था के नाम पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, उसकी वैधानिक स्थिति स्वयं विवाद का विषय बनी हुई है। इसके बावजूद मनोनयन के आधार पर पदाधिकारियों की घोषणा कर भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करना समाज को गुमराह करने और वैधता का भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास है।

अग्रहरी समाज के सभी सम्मानित सदस्यों से अपील की जाती है कि वे ऐसे किसी भी कार्यक्रम का हिस्सा न बनें, जिसकी वैधता न्यायालय में विचाराधीन हो। न्यायालय के अंतिम निर्णय से पूर्व इस प्रकार के समारोह आयोजित करना समाज में अनावश्यक भ्रम, विवाद एवं विभाजन की स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

हम माननीय उच्च न्यायालय की गरिमा, विधि के शासन तथा न्यायिक प्रक्रिया में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे न्यायालय के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा करें और ऐसे किसी भी कदम से बचें जिससे न्यायालय के आदेशों की अवमानना का प्रश्न उत्पन्न हो।

अग्रहरी समाज के सभी जागरूक सदस्यों से अनुरोध है कि वे न्यायालय की गरिमा बनाए रखने हेतु ऐसे विवादित एवं तथाकथित शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करें तथा समाज को भ्रमित करने वाले किसी भी प्रचार से सावधान रहें।

मजहबी आधार पर आरक्षण मान्य नहीं है

- हृदयनारायण दीक्षित

मतांतरण से आरक्षण नहीं मिलता। इस्लाम अपनाने वाला व्यक्ति अपना मत बदल कर मुसलमान हो सकता है लेकिन पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं रह जाता। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामी उपदेशकों ने सदियों तक अपने अपने पंथ की प्रशंसा की है कि उनके यहां सामाजिक समता है। बराबरी है। भेदभाव नहीं है। हिन्दुओं में जाति व्यवस्था है। कोर्ट ने कहा है कि उसका मत है कि कुछ वर्गों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा बताना कुरान की शिक्षा के विपरीत है। फिर इस्लाम का तो दावा ही बराबरी वाला समाज बनाना है। बहुत लम्बे समय से ईसाई और इस्लामी धर्म उपदेशक धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी पिछड़े वर्गों की सुविधाएं मांगते रहे हैं। भिन्न भिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं और फैसले सुनाए हैं। लेकिन राजनीतिक दलतंत्र द्वारा धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी आरक्षण की सुविधा मांगी जाती रही है। इस दफा न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सिर्फ मतांतरण करने से किसी व्यक्ति का वर्ग नहीं बदलता और मतांतरित व्यक्ति को पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता।

मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मार्च 2024 के आदेश को असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द कर दिया है। सरकारी आदेश में मतांतरण करने वाले व्यक्ति को मुस्लिम पिछड़े वर्ग का सदस्य माना गया था। मतांतरित व्यक्ति को भी पिछड़े वर्गों के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया था। यह चर्चित फैसला मद्रास हाई कोर्ट की पीठ ने 25 जून को सुनाया है। कोर्ट ने यह निर्णय सम्यक विचारोपरान्त एक ऐसे मामले में दिया है, जिसमें एक व्यक्ति, जिसका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ था और बाद में उसने हिन्दू धर्म छोड़ कर फिर से अपना नाम समीर अहमद रख लिया था। मुसलमान हो जाने के बाद उसने स्वयं को मुस्लिम लेब्बाई समुदाय का सदस्य बताया है। उसने अपने तहसीलदार से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की मांग की। तहसीलदार ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। तब वो हाई कोर्ट पहुंचा। तमिलनाडु सरकार ने अपने आदेश में प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या डिनोटिफाइड समुदायों से आने वाले लोग यदि धर्मांतरण करते हैं, और इस्लाम धर्म अपनाते हैं, तो उन्हें भी पिछड़े वर्गों के रूप में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। सरकार का तर्क था कि इससे मतांतरण करने वाले व्यक्तियों के भी अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी, और स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण का आधार पंथ या मजहब नहीं होता। बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन होता है। कोर्ट ने साफ किया कि संवैधानिक श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को एक साथ मिला कर नई श्रेणी बनाना संविधान के मूल ढांचे के विपरीत है। मद्रास हाई कोर्ट ने ही 1951 के फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि, 'जब कोई हिन्दू इस्लाम अपनाता है, तो वह सिर्फ मुसलमान बनता है। समाज में उसकी प्रतिष्ठा जाति के आधार पर नहीं होती। हिन्दू धर्म छोड़ते ही वह अपनी मूल जाति का सदस्य नहीं रह जाता।' आरक्षण का मसला भारत की संविधान सभा में भी आया था। मजहबी आधार पर ही देश का विभाजन हो चुका था। संविधान सभा बड़े उदास क्षणों में आरक्षण पर विचार कर रही थी। संविधान सभा ने सरदार पटेल की अगुवाई में अल्पसंख्यकों के आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए एक समिति बनाई थी। समिति ने अपनी सिफारिश में मजहबी आरक्षण को सिरे से खारिज कर दिया था।

सभा की अल्पसंख्यक अधिकारों, मूलाधिकारों संबंधी समिति के सभापति सरदार पटेल ने संविधान सभा में समिति की रिपोर्ट (25 मई, 1949) पेश की। लगातार दो दिन (25 व 26 मई, 1949) बहस हुई। जगत नारायण लाल ने कहा, 'भारत एक लौकिक (सेकुलर) राज्य होगा। उसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। जहाँ तक अनु. जातियों का प्रश्न है उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए होने के कारण ही रक्षण दिया गया है।' ज्यादातर सदस्यों ने अनु. जाति के अस्थाई आरक्षण को सही बताया, लेकिन 'आरक्षण' की मूल भावना को कोसा। नजीरुद्दीन अहमद ने कहा, 'मैं समझता हूँ कि किसी प्रकार के रक्षण स्वस्थ राजनीतिक विकास के प्रतिकूल हैं। उनसे एक प्रकार की हीन भावना प्रकट होती है। .....श्रीमान रक्षण ऐसा रक्षा उपाय है जिससे वह वस्तु जिसकी रक्षा की जाती है वह नष्ट हो जाती है। जहाँ तक अनु. जातियों का संबंध है, हमें कोई शिकायत नहीं है।' जेड.एच. लारी ने मुस्लिम आरक्षण की पैरवी करते हुए कहा, 'आपको अनु. जाति के हितों की चिंता है। मुसलमानों के हितों की परवाह नहीं। अनु. जाति के स्थान रक्षण सिद्धांत के साथ क्या आप यह भी नहीं स्वीकार करते कि आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नहीं है?' आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होता है। आरक्षण एक विशेष अस्थाई उपाय है। इसके नफा-नुकसान पर सम्यक् विचार नहीं हुआ।

लेकिन संविधान निर्माताओं ने इसे सामाजिक पुनर्निर्माण का औजार बनाया। अनुसूचित जातियों/जनजातियों को जन्मना आधारित अस्थाई आरक्षण मिला। पिछड़े वर्गों की दशाओं के अन्वेषण के लिए आयोग बनाने की व्यवस्था (अनु. 340) की गई। पं. नेहरू के समय (1953) पिछड़े वर्गों की खोज के लिए काका कालेलकर आयोग बना। आयोग के कई सदस्य जन्मना जाति को पिछड़ेपन का आधार बनाने पर असहमत थे। आयोग ने राष्ट्रपति को लिखा, 'समानता वाले समाज की ओर प्रगति में जाति प्रथा बाधा है। कुछ निश्चित जातियों को पिछड़ा मानने से यह हो सकता है कि हम जाति प्रथा के आधार पर भेदभाव को सदा के लिए बनाए रखें।' नेहरू सरकार ने जाति के अलावा पिछड़ेपन का आधार जाँचने की कोई दीगर कसौटी खोजने की बात की। वी.पी. मण्डल के नेतृत्व में दूसरा आयोग बना। मण्डल आयोग की रिपोर्ट (1980) में 'जाति' को पिछड़ेपन का आधार बनाया गया। आयोग ने पिछड़ी जातियों की सूची भी बनाई। मण्डल ने गरीबी हटाने के राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आरक्षण से अलग रखने की आश्चर्यजनक बात कही, 'गरीबी हटाने की राष्ट्रीय समस्या के अंतर्गत अन्य पिछड़ी जातियों को ऊपर उठाने की समस्या आती है। पर यह बात अंशतः ही सही है। अन्य पिछड़ी जातियों का अभावग्रस्त होना एक अलग बड़ी राष्ट्रीय समस्या है।' (रिपोर्ट, पृ. 62) यानी देश के बाकी जनों की गरीबी अलग समस्या है। पिछड़ी जातियों की गरीबी भी विचारणीय है। लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण मान्य नहीं है।

मतांतरण से आरक्षण नहीं मिलता। इस्लाम अपनाने वाला व्यक्ति अपना मत बदल कर मुसलमान हो सकता है लेकिन पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं रह जाता। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामी उपदेशकों ने सदियों तक अपने अपने पंथ की प्रशंसा की है कि उनके यहां सामाजिक समता है। बराबरी है। भेदभाव नहीं है। हिन्दुओं में जाति व्यवस्था है। कोर्ट ने कहा है कि उसका मत है कि कुछ वर्गों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा बताना कुरान की शिक्षा के विपरीत है। फिर इस्लाम का तो दावा ही बराबरी वाला समाज बनाना है। बहुत लम्बे समय से ईसाई और इस्लामी धर्म उपदेशक धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी पिछड़े वर्गों की सुविधाएं मांगते रहे हैं। भिन्न भिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं और फैसले सुनाए हैं। लेकिन राजनीतिक दलतंत्र द्वारा धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी आरक्षण की सुविधा मांगी जाती रही है। इस दफा न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सिर्फ मतांतरण करने से किसी व्यक्ति का वर्ग नहीं बदलता और मतांतरित व्यक्ति को पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता। मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मार्च 2024 के आदेश को असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द कर दिया है। सरकारी आदेश में मतांतरण करने वाले व्यक्ति को मुस्लिम पिछड़े वर्ग का सदस्य माना गया था। मतांतरित व्यक्ति को भी पिछड़े वर्गों के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया था। यह चर्चित फैसला मद्रास हाई कोर्ट की पीठ ने 25 जून को सुनाया है। कोर्ट ने यह निर्णय सम्यक विचारोपरान्त एक ऐसे मामले में दिया है, जिसमें एक व्यक्ति, जिसका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ था और बाद में उसने हिन्दू धर्म छोड़ कर फिर से अपना नाम समीर अहमद रख लिया था। मुसलमान हो जाने के बाद उसने स्वयं को मुस्लिम लेब्बाई समुदाय का सदस्य बताया है। उसने अपने तहसीलदार से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की मांग की। तहसीलदार ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। तब वो हाई कोर्ट पहुंचा। तमिलनाडु सरकार ने अपने आदेश में प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या डिनोटिफाइड समुदायों से आने वाले लोग यदि धर्मांतरण करते हैं, और इस्लाम धर्म अपनाते हैं, तो उन्हें भी पिछड़े वर्गों के रूप में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है।

।। यथार्थ गीता ।।

स्वामी अड़गड़ानंद

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

अब उस क्षेत्रज्ञ का स्वरूप देखें, जो इस क्षेत्र में लिप्त नहीं बल्कि इससे निवृत्त है-

अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम्। आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ।।7।।

हे अर्जुन ! मान-अपमान का अभाव, दम्भाचरण का अभाव, अहिंसा (अर्थात् अपनी तथा अन्य किसी की आत्मा को कष्ट न देना अहिंसा है।

हे अर्जुन! तू सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जान अर्थात् मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ। जो इस क्षेत्र को जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है ऐसा उसे साक्षात् जाननेवाले महापुरुष कहते हैं और श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् श्रीकृष्ण भी एक योगेश्वर ही थे। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ अर्थात् विकारसहित प्रकृति और पुरुष को तत्त्व से जानना ही ज्ञान है, ऐसा मेरा मत है अर्थात् साक्षात्कारसहित इनकी जानकारी का नाम ज्ञान है। कोरी बहस का नाम ज्ञान नहीं है।

तत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत्। स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ।।3।।

वह क्षेत्र जैसा है और जिन विकारोंवाला है तथा जिस कारण से हुआ है तथा वह क्षेत्रज्ञ भी जो है और जिस प्रभाववाला है, वह सब मुझसे संक्षेप में सुन। अर्थात् क्षेत्र विकारवाला है, किसी कारण से हुआ है, जबकि क्षेत्रज्ञ केवल प्रभाववाला है। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, ऋषि भी कहते हैं-

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्। अगर किए कि है हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ।।4।। छाए । ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव

यह क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का तत्त्व ऋषियों द्वारा बहुत प्रकार से गायन किया गया है।

नाना प्रकार से वेदों की मन्त्रणा द्वारा विभाजित करके भी कहा गया है तथा विशेष रूप से निश्चित किये हुए युक्तियुक्त ब्रह्मसूत्र के वाक्यों द्वारा भी वही कहा गया है। अर्थात् वेदान्त, महर्षि, ब्रह्मसूत्र और हम एक ही बात कहने जा रहे हैं। श्रीकृष्ण वही कहते हैं, जो इन सबने कहा है। क्या शरीर (क्षेत्र) इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इस पर कहते हैं -

क्रमशः...

जम्मू कश्मीर में जनभागीदारी से मजबूत होती सुरक्षा

- महेन्द्र तिवारी

जम्मू कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पार से प्रायोजित हिंसा जैसी चुनौतियों का सामना करता आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों ने अनेक सफल अभियान चलाकर आतंकवादी ढांचे को कमजोर किया है, लेकिन दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों, घने जंगलों और सीमावर्ती गांवों में समय-समय पर आतंकवादी गतिविधियां सामने आती रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में केवल सुरक्षा बलों की मौजूदगी पर्याप्त नहीं मानी जाती, बल्कि स्थानीय समाज का सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी सोच को आधार बनाकर ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण सुरक्षा दलों को आधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने गांवों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बनाया जा रहा है। हाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हथियार संचालन, निशानेबाजी, बुनियादी युद्धाभ्यास, सतर्कता और सुरक्षा बलों के साथ समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। ग्रामीण सुरक्षा दलों की अवधारणा नई नहीं है। अतीत में भी आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को आत्मरक्षा और गांवों की सुरक्षा के लिए संगठित किया गया था। समय के साथ सुरक्षा चुनौतियों का स्वरूप बदला तो इन दलों की भूमिका भी अधिक व्यवस्थित होती गई। आज इनका उद्देश्य किसी नियमित सैन्य बल का स्थान लेना नहीं है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोगी के रूप में कार्य करना है। स्थानीय निवासी अपने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, रास्तों, जंगलों, पहाड़ियों और सामाजिक गतिविधियों से भलीभांति परिचित होते हैं। यही जानकारी किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।

हाल के महीनों में जम्मू क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों में सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों को हथियारों के सुरक्षित उपयोग, निशानेबाजी, बंकरों के उपयोग, गश्त के दौरान सावधानियों, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सुरक्षा बलों के साथ संपर्क बनाए रखने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों तक पहुंचे और आवश्यकता पड़ने पर प्रारंभिक स्तर पर गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। पहले सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में पुरुषों की संख्या अधिक होती थी, लेकिन अब अनेक गांवों में महिलाएं भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें हथियारों के सुरक्षित संचालन, चौकसी, सूचना संग्रह, संकट की स्थिति में परिवारों की सुरक्षा और स्थानीय समन्वय की शिक्षा दी जा रही है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और समाज में सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई है।

कई स्थानों पर महिलाओं ने यह संदेश दिया है कि गांव की सुरक्षा केवल पुरुषों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का दायित्व है। सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों की परिस्थितियां सामान्य क्षेत्रों से भिन्न होती हैं। यहां कई बार सुरक्षा बलों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में समय लग सकता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित ग्रामीण प्रारंभिक सतर्कता बनाए रखने, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने का कार्य कर सकते हैं। इससे सुरक्षा बलों को भी अधिक सटीक और समय पर जानकारी मिलती है, जिससे अभियान अधिक प्रभावी बनते हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण सुरक्षा दलों को बेहतर हथियार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। पहले जहां कई स्थानों पर पुराने हथियार उपलब्ध थे, वहीं अब आधुनिक स्वचालित क्षमता वाले हथियार और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। इससे ग्रामीणों का मनोबल बढ़ा है और उन्हें यह विश्वास मिला है कि सरकार उनकी सुरक्षा संबंधी भूमिका को गंभीरता से ले रही है। हालांकि हथियारों का उपयोग निर्धारित नियमों और सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन में ही किया जाता है।

प्रशिक्षण केवल हथियार चलाने तक सीमित नहीं रहता। इसमें अनुशासन, संयम, कानूनी दायित्व, नागरिकों की सुरक्षा, सूचना की गोपनीयता और संकट प्रबंधन जैसे विषय भी शामिल किए जाते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रति कार्रवाई का अंतिम अधिकार सुरक्षा एजेंसियों के पास होता है।

।। चाणक्य नीति ।।

दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये।
विस्मयो न हि कर्त्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।।

दान, तप, वीरता, विद्वत्ता, सुशीलता और नीति-निपुणता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस धरती पर एक से बढ़कर एक दानी, तपस्वी, शूरवीर तथा विद्वान् मौजूद हैं।

।। अमृत कलश।।

समय का महत्त्व

डॉक्टर अमरनाथ झा एक प्रसिद्ध विज्ञान चिकित्सक थे। वह समय के बड़े पाबंद थे।

वह पटना की यात्रा पर थे। उन्हें आया देख पटना के साहित्यकारों ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। उस गोष्ठी में डॉक्टर झा को मुख्य अतिथि बनाया गया था। डॉक्टर झा ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। निमंत्रण स्वीकार करते समय उन्होंने गोष्ठी के आयोजकों से कह दिया था कि निश्चित समय से 30 मिनट पहले ही वह उनके निवास पर किसी को भेज दें।

अगले दिन गोष्ठी प्रारंभ होने से आधा घंटे पहले ही डॉक्टर झा तैयार होकर अपने आवास पर बैठे थे। लेकिन उन्हें लेने आनेवाला व्यक्ति आधा घंटा विलंब से पहुंचा। यद्यपि उसने विलंब के लिए आते ही क्षमा मांग ली थी लेकिन डॉक्टर झा ने उस गोष्ठी में भाग लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया।

वह व्यक्ति बहुत गिड़गिड़ाया कि उनके न जाने से गोष्ठी विफल हो जाएगी।

लेकिन डॉक्टर झा नहीं माने और बोले, 'देरी से जाकर मैं लेट-लतीफ कहलाना नहीं चाहता। भले ही आपकी गोष्ठी सफल रहे या विफल...मुझे इससे मतलब नहीं।'

काँव-काँव

राममंदिर ट्रस्ट से चंपत राय,अनिल मिश्रा बाहर

इन्हें सर्वेसर्वा बनाने वाले लोग कहां छिपे हैं?

चढ़ावा चोरी के सबूत हैं तो एसआईटी को दें-योगी

ईडी,सीबीआई सबूत देनेवालों की जांच करेगी!

आपरेशन सिंदूर के शहीदों के नाम सार्वजनिक

ग़ालिबन कुछ तो है कि जिसकी पर्दादारी है..

नार्को कार्टेल्स पर रोक लगाने का रोडमैप-शाह

विंग्स आफ फायर की कसम,मजा आ गया..

यूपी में झमाझम बरसने आ पहुंचा है मानसून

देखें, लखनऊ के कितने हिस्से तालाब बनेंगे?

समान नागरिक संहिता लायेगी शुभेंदु सरकार

एक छोटा बवाल कई बड़े सवालों को दबा देगा!

तीन बड़ी बीमारियों का इलाज ढूंढे सरकार

- निशिकांत ठाकुर

देश में पिछले दिनों से राजनीति गर्म हो गई है। सच तो यह है कि लगभग डेढ़ सौ करोड़ की आबादी और इतने बड़े भूभाग वाले देश में अपराध नियंत्रण के लिए तो ढेरों कानून हैं, जगह --जगह जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन है, देश की सुरक्षा लिए प्रतिबद्ध भारतीय सैनिक तैनात हैं। इन सबको नियंत्रित करने के लिए संविधान में जहां एक-एक अपराध के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। जिस तरह देश में पुलिस-प्रशासन हमारे सीमा पर जवान चौकन्ने रहते हैं, उसी प्रकार संविधान की रक्षा के लिए न्यायालय इन सबों के ऊपर अपनी नजर रखते हुए सदैव तैयार रहते हैं। उसी तरह चोर--उचक्के, पेशेवर अपराधी अपराध करने के लिए भी तैयार रहते है। यह कोई नहीं कह सकता कि सब उसी तबके के है जो कहते हों कि देश के समुद्र रूपी जल से यदि हजार दो हजार बाल्टी पानी निकल लिया जाए, तो क्या फर्क पड़ता है? यही तो होता रहा है जब बड़े से बड़े तथाकथित धन कुबेर देश को अरबों - खरबों रुपए का चूना लगाकर देश ही छोड़ देते हैं, सैकड़ों सुरक्षित उपकरणों के मध्य रहते हुए माल उड़ा लेते हैं। बाद में ऐसे अपराधियों को पकड़ने में देश का अकूत धन जाया होता है, लेकिन अपराधी कहीं दूर देशों में ऐश की जिंदगी जी रहे होते हैं। क्या इस तरह के अपराध पर और सख्त अंकुश लगे- - ऐसा हो सकता है? अभी देश की कई घटनाओं के अतिरिक्त जिन तीन घटनाओं ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, उन सब पर एक नज़र डालते हैं। क्योंकि; कानूनी कार्यवाही करना तो आम जनता के अधिकार से बाहर की बात है। सबसे पहले बात करते हैं अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुए करोड़ों के घपले की। तो यह कोई सोच भी नहीं सकता है जिस राम मंदिर निर्माण के लिए पूरा देश एक जुट हो गया और सबकी लगन से ही राममंदिर निर्माण किया जाना संभव हो सका। अभी इसी जून महीने की सात तारीख को देश के सनातनियों को एक झटका लगा कि अयोध्या राम मंदिर से दस - बीस लाख नहीं बल्कि करोड़ों की हेराफेरी हो गई है, तो पूरा देश अवाक रह गया। हंगामें हुए। जांच के उच्चस्तरीय एसआईटी बनाई गई। अब चढ़ावा चोरी के मामले में एसआईटी ने एक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसमें कहा गया है कि राम मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन हो और सभी सदस्यों की जिम्मेदारी तय हो। मंदिर ट्रस्ट में प्रशासनिक अधिकारी को सीईओ के रूप में नियुक्त किया जाए, मामले की विस्तृत जांच के लिए विशेष जांच दल को और समय दिया जाए। रिपोर्ट में सलाह दी गई है कि पेशेवर तरीके अपनाए जाएं, दान राशि की गणना का साप्ताहिक ऑडिट किया जाए, और चढ़ावे में आने वाली नकदी को प्रतिदिन दर्ज करने की व्यवस्था की जाए। सीसीटीवी कैमरे का डेटा 45 दिन से बढ़ाकर 180 दिन कर दिया जाए। साथ ही चम्पत राय,अनिल मिश्रा व गोपाल राव सहित अन्य जिम्मेदारों को अयोध्या छोड़ने की अनुमति न दी जाए। इतनी लंबी - चौड़ी व्यवस्था बनाने के लिए लंबा समय लग सकता है, लेकिन हां तब तक मामला दब जाएगा और बात आई गई हो जाएगी। सच तो यह है कि राम मंदिर की जो व्यवस्था इतना बढ़ - चढ़कर बनाई गई थी, क्या वह इतनी लाचर थी? या उसे जानबूझकर इतना लाचार छोड़ दिया गया कि कभी कोई कहीं से सुराख कर सके। यह बात तो अब तभी साबित हो सकेगी जब ईमानदारी से इस सुराख की गहराई से जांच की जाएगी। तभी दोषियों को सजा भी दिलवाई जा सकेगी। वैसे यह बात तो किसी रूप में स्वीकार नहीं की जा सकती कि गबन हुआ ही नहीं। आर्थिक नुकसान पहुंचाया ही नहीं गया तो फिर देश भर में इतना हंगामा क्यों बरपाया गया? यह भी एक जांच का गंभीर विषय बनता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि इस अकूत धनराशि की लूट पर लीपापोती तो नहीं कर दी जाएगी? अब लगभग तीन सप्ताह बाद ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन द्वारा आठ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। साथ यह भी बताया जा रहा है कि महासचिव चंपतराय व अनिल मिश्रा ने त्यागपत्र दे दिया है। इसकी जानकारी मिलते है देश भर में हलचल शुरू हो गई है। एक दूसरा मामला जो देश भर में गर्म है, वह यह कि कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर संघ की कानूनी स्थिति, पंजीकरण, आय-व्यय के स्रोतों और फंडिंग पर सवाल उठाए हैं। खरगे ने मांग की है कि देश भर में इतना व्यापक प्रभाव रखने वाले संगठन को पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। राज्य के गृहमंत्री ने संघ से अपने पंजीकरण, कार्यालय-धारकों, चंदे और अन्य वित्तीय लेनदेन का विवरण सार्वजनिक करने को कहा है। उनका तर्क है कि जब आम नागरिकों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अन्य संस्थाओं को नियमों का पालन करना पड़ता है, तो इतने बड़े संगठन को इससे छूट क्यों मिलनी चाहिए? संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इस मांग को 'राजनीति से प्रेरित' बताकर खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ को पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेता है और खुले तौर पर काम करता है।उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का लिखित संविधान पहले ही सरकार को सौंपा जा चुका है। भाजपा नेताओं ने इस पत्र को केवल पब्लिसिटी स्टंट और राजनीतिक हथकंडा बताया है, वहीं कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे का कहना है कि वे केवल संवैधानिक जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। एक तीसरी समस्या जिसने सारे देश के युवाओं ने ध्यानाकर्षित किया है वह है 'पेपर लीक'। पेपर लीक का मतलब किसी सरकारी भर्ती या प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का परीक्षा शुरू होने से पहले ही गैर-कानूनी तरीके से बाहर आ जाना। इस तरह के मामलों में सॉल्वर गैंग, कोचिंग सेंटर और अधिकारियों की मिलीभगत से धांधली होती है। पहले पेपर बिकने या लीक होने से योग्य और मेहनती छात्रों के साथ नाइंसाफी होती है, क्योंकि लाखों/करोड़ों उम्मीदवार परीक्षा की तैयारी करते हैं और धांधली के कारण अयोग्य लोग अनुचित साधनों से सीटें हासिल कर लेते हैं। भारत में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं, जैसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा और विभिन्न राज्यों की शिक्षक भर्ती या पुलिस भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बड़े मामले सामने आए हैं। इन मामलों में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की गई है और कई आरोपियों व मास्टरमाइंड की गिरफ्तारियां भी होती रही है। पेपर लीक माफियाओं और संगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए, भारत सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया। यह देश का पहला राष्ट्रीय कानून है, जिसके तहत पेपर लीक या नकल कराने पर कड़ी सजा (भारी जुर्माना और 10 साल तक की जेल) और इसे गैर-जमानती अपराध बनाया गया है। जब भी बड़े पैमाने पर पेपर लीक होते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट मामले का संज्ञान लेता है। कोर्ट परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं और सरकारों को फटकार लगाता है, और छात्रों की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने जैसे सख्त निर्देश देता है। एक आंकड़े के अनुसार वर्तमान शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में 80 पेपर लीक के मामले सामने आ चुके हैं। फिलहाल 21 जून को नीट-- यूजी परीक्षा में 20 लाख छात्रों ने परीक्षा में शामिल होकर अपने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगा दी है। बताया का रहा है इस परीक्षा के लिए सरकार द्वारा विशेष निगरानी रखी गई तथा प्रधानमंत्री स्वयं इस परीक्षा की फिक्र करते दिखाई दिए। जीवन में सबसे बड़ा बोझ बदले का होता है और यह बोझ धीरे धीरे मनुष्य को अंदर से जला देता है। वह धर्म से निबद्ध नहीं रहता है। प्रत्येक शासक के मन में यह अहं भाव रहता है कि देश की प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर उसका पूर्ण अधिकार है; तो अगले स्तर पर भी यह भावना विस्तृत हो जाती है और वह समझने लगता है कि देश के प्रत्येक नेताओं पर उसका अधिकार है। यह केवल नीतिगत नहीं बल्कि सच है कि यदि शासक यह समझता है कि प्रत्येक वस्तु पर उसका अधिकार है तो देश की जनता भी उस शासक के लिए यही समझती है कि शासक पर भी उसका पूर्ण अधिकार है। लेकिन ,ऐसा होता है क्या? यदि ऐसा है और सच में ऐसा दिखने भी लगे तो सारी बुराइयों से समाज को निजात मिल जाएगी, लेकिन अफसोस यहां भी अधिकार का दुरुपयोग होने लगेगा। फिलहाल तो हम उपरोक्त तीनों मुद्दों पर सरकार के ऊपर ही आश्रित है और आशा यही करते हैं कि समाज के समस्त संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए देश के गर्म होते इस माहौल को ठंडा करने का प्रयास किया जाएगा।

मानसून आने से पहले घर को बनाएं मच्छर-फ्री, कर लें इन कोनों की सफाई

बारिश का मौसम जहां एक तरफ राहत और ठंडक लेकर आता है, वहीं दूसरी तरफ यह कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। खासकर डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां इस समय तेजी से फैलती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है घरों और आसपास जमा हुआ साफ या गंदा पानी, जहां मच्छर आसानी से पनपते हैं। इसलिए मानसून शुरू होने से पहले ही घर की गहरी सफाई करना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो छोटे-छोटे कोनों में जमा पानी और गंदगी मच्छरों के प्रजनन का केंद्र बन सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि घर के किन-किन हिस्सों की सफाई जरूरी है, कौन सी जगहें सबसे ज्यादा जोखिम वाली होती हैं और कैसे आप अपने परिवार को डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रख सकते हैं। थोड़ी सी सावधानी आपको बड़े खतरे से बचा सकती है।

1. कूलर और एसी की ट्रे का पानी तुरंत निकालें कूलर और एसी की ट्रे में रुका हुआ पानी मच्छरों के लिए सबसे सुरक्षित प्रजनन स्थान होता है। इसमें एडीज मच्छर तेजी से अंडे देते हैं। इसलिए हर 2-3 दिन में पानी पूरी तरह खाली करें और ट्रे को सुखाकर रखें। जरूरत हो तो हल्का कीटनाशक स्प्रे भी कर सकते हैं।
2. छत और बालकनी में जमा पानी साफ करें बारिश का पानी अगर छत या बालकनी में जमा हो जाए तो वह लंबे समय तक मच्छरों का घर बन जाता है। हर बारिश के बाद चेक करें कि कहीं पानी रुक तो नहीं गया। पाइप और ड्रेनेज को साफ रखें ताकि पानी आसानी से निकल जाए। 3. गमलों की ट्रे और पौधों के नीचे पानी न रुकने दें पौधों की ट्रे में जमा पानी अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, लेकिन यही सबसे बड़ा मच्छर प्रजनन केंद्र बनता है। ट्रे में अतिरिक्त पानी न रहने दें और हफ्ते में एक बार मिट्टी को सूखने दें।
4. बाथरूम और किचन की नालियों की सफाई करें नालियों में गंदगी और पानी रुकने से मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। हफ्ते में कम से कम एक बार नाली में गरम पानी या डिटर्जेंट डालकर सफाई करें।
5. पुराने टायर, बोतलें और कबाड़ हटाएं घर के आसपास पड़े पुराने सामान में बारिश का पानी जमा हो जाता है। ये सबसे खतरनाक मच्छर ब्रीडिंग स्पॉट होते हैं। इन्हें तुरंत हटा दें या उल्टा करके रखें।
6. पानी की टंकियों को ढककर रखें खुली पानी की टंकी में मच्छर आसानी से अंडे दे देते हैं। हमेशा टंकी को ढक्कन से बंद रखें और समय-समय पर साफ करें।
7. घर के कोनों में कीटनाशक या मच्छर भगाने वाले उपाय करें स्प्रे, कॉइल या नेचुरल उपाय जैसे नीम का धुआं मच्छरों को कम करने में मदद करते हैं। कोनों में अंधेरा और नमी न रहने दें।
8. खिड़कियों पर जाली लगवाएं मच्छरों को घर में आने से रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है जाली लगाना। यह एक बार का खर्च है लेकिन लंबे समय तक सुरक्षा देता है।

विदेश के किसी बड़े कॉलेज या यूनिवर्सिटी में जाकर पढ़ाई करना आज के समय में लाखों भारतीय छात्रों का सबसे बड़ा सपना होता है। इस सपने को पूरा करने के लिए छात्र वर्षों से तैयारी और प्लानिंग शुरू कर देते हैं। लेकिन जब बात जरूरी कागजातों की आती है, तो अक्सर लोग सोचते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा काम आने वाले दस्तावेज जैसे आधार कार्ड या पैन कार्ड ही विदेश में भी सबसे जरूरी होंगे, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। विदेश की धरती पर कदम रखने और वहां पढ़ाई करने के लिए कुछ बेहद खास अंतरराष्ट्रीय स्तर के दस्तावेजों की जरूरत होती है, जिनके बिना आपका दाखिला होना नामुमकिन है। आइए जानते हैं कि विदेश में पढ़ाई के लिए सबसे जरूरी दस्तावेज कौन से हैं।

पासपोर्ट है सबसे पहला और बड़ा दस्तावेज- विदेश यात्रा और वहां पढ़ाई करने के लिए पासपोर्ट आपका सबसे मुख्य कानूनी पहचान पत्र होता है। बिना वैध पासपोर्ट के आप किसी भी विदेशी यूनिवर्सिटी में आवेदन नहीं कर सकते, ध्यान रहे कि आपका पासपोर्ट कम से कम आपके कोर्स की अवधि तक वैलिड (वैध) होना चाहिए।

स्टुडेंट वीजा के बिना एंट्री नामुमकिन- जिस देश में आप पढ़ने जा रहे हैं, वहां की सरकार से पढ़ाई के लिए विशेष अनुमति यानी स्टुडेंट वीजा लेना अनिवार्य है।

यूनिवर्सिटी से कन्फर्मेशन लेटर (जैसे ढ्ढ-20 या ष्ट्रस्) मिलने के बाद ही आप इस वीजा के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन कर सकते हैं।

अकादमिक सर्टिफिकेट्स और ट्रांसक्रिप्ट्स

आपकी पिछली सभी कक्षाओं (जैसे 10वीं, 12वीं या ग्रेजुएशन) की मार्कशीट और डिग्री सर्टिफिकेट्स बेहद जरूरी हैं। इसके साथ ही, स्कूलों या कॉलेजों से मिलने वाली %अकादमिक ट्रांसक्रिप्ट्स% (सभी सेमेस्टर के नंबरों का एक आधिकारिक ब्यौरा) भी एडमिशन के वक्त जमा करनी होती है।

भाषा परीक्षा का स्कोर और फंड्स का सबूत- विदेश में पढ़ाई के लिए अंग्रेजी भाषा की पकड़ साबित करने वाले टेस्ट जैसे ढ्ढश्वस्रू या ञ्जह्श्वस्रू रुका स्कोरकार्ड जरूरी होता है। इसके अलावा, आपको बैंक स्टेटमेंट के जरिए यह साबित करना होगा कि आपके पास वहां रहने और पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पर्याप्त पैसे मौजूद हैं।

जुलाई-अगस्त में डिहाइड्रेशन पड़ सकता है भारी मानसून के दिनों में क्यों बढ़ जाता है खतरा?

जुलाई का महीना भीषण गर्मी और लू से राहत लेकर आता है। देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की शुरुआत के कारण मौसम ठंडा हो जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भले ही आपको इन दिनों में तेज धूप से राहत मिल जाती है वातावरण में बढ़ी हुई नमी यानी ह्यूमिडिटी आपके कहीं ज्यादा बड़ी समस्याएं लेकर आती है। डॉक्टर कहते हैं, तेज धूप वाली गर्मी की तुलना में उमस भरी गर्मी ज्यादा खतरनाक होती है, क्योंकि हवा में मौजूद नमी पसीना आनेमें रुकावट डालती है। धूप वाली गर्मी में पसीना जल्दी सूख जाता है और त्वचा से गर्मी को दूर ले जाता है। वहीं उमस भरी गर्मी में हवा पहले से ही नमी से भरी होती है, जिससे पसीना सूख नहीं पाता। ऐसे में शरीर में धीरे-धीरे पानी और जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होती रहती और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचे रहने के लिए इस मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी हो जाता है।

सिर्फ पानी नहीं, इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी जरूरी

डिहाइड्रेशन यानी पानी की कमी सिरदर्द, चक्कर आने, कमजोरी, थकान, मांसपेशियों में ऐंठन, लो ब्लड प्रेशर और गंभीर मामलों में किडनी पर भी असर डाल सकती है। जुलाई-अगस्त यानी मानसून कि दिनों में वायरल संक्रमण, डायरिया और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इन बीमारियों के दौरान भी शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है, जिससे डिहाइड्रेशन का जोखिम हो सकता है। इसलिए इन दिनों में केवल पानी पीना ही काफी नहीं है, शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

मानसून के दिनों में डिहाइड्रेशन का खतरा

आमतौर पर जब बात डिहाइड्रेशन की हो तो लोग इसे केवल गर्मियों की समस्या मानते हैं, जबकि मानसून में भी यह उतना ही आम है। बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ने से पसीना आसानी से सूख नहीं पाता।शरीर तापमान नियंत्रित करने के लिए लगातार पसीना बनाता रहता है, लेकिन व्यक्ति को उसका एहसास कम होता है। इसी वजह से लोग पानी कम पीते हैं और धीरे-धीरे शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसके अलावा उमस, संक्रमण, डायरिया और उल्टी जैसी समस्याएं भी इस मौसम में अधिक होती हैं, जो शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

कैसे जानें कहीं आप भी तो नहीं हो गए डिहाड्रेशन का शिकार?

डिहाइड्रेशन की समय रहते पहचान जरूरी है। अगर बार-बार मुंह सूख रहा है, गहरे रंग का पेशाब हो रहा है या फिर पेशाब कम हो रहा है तो ये शरीर में पानी की कमी का संकेत हो सकता है। सिरदर्द, थकान, चक्कर आना और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होना भी इसका संकेत हो सकता है। यदि शरीर में पानी की कमी बढ़ती जाए तो दिल की धड़कन तेज हो सकती है, लो ब्लड प्रेशर और बेहोशी तक की स्थिति बन सकती है।

कैसे दूर करें ये समस्या?

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सिर्फ पानी ही नहीं बल्कि सोडियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और क्लोराइड जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी जरूरी होते हैं। अधिक पसीना आने, उल्टी या दस्त होने पर ये मिनरल्स भी शरीर से निकल जाते हैं।

रेसिपी

ब्रेकफास्ट हो या लंच और डिनर, सभी के लिए मेथी पराठा एक परफेक्ट डिश है। स्वाद से भरपूर मेथी पराठा सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।मेथी की सब्जी के साथ ही इससे कई तरह की डिशेस बनाई जाती है। हालांकि मेथी का पराठा एक हर घर मे बनने वाली फूड आइटम है जो काफी पसंद भी की जाती है।

मेथी डाइजेशन को बेहतर रखने के साथ ही ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करने में मदद करती है। ऐसे में मेथी के पराठे टेस्टी के साथ हेल्दी ऑप्शन भी होता है। अगर आप इसे रेस्टोरेंट स्टाइल में बनाना चाहते हैं तो कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स के साथ इसे घर पर बना सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

विधि :-सबसे पहले, एक बड़े बर्तन में आटा छान लें। अब इसमें कटे हुए मेथी के पत्ते, अजवाइन, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालें। इन सभी चीजों को अच्छे से मिला लें। फिर धीरे-धीरे पानी डालते हुए आटे को नरम और चिकना गूंध लें।आटे को गूंधने के बाद उसे ढक कर 15-20 मिनट के लिए आराम से रख दें। अब गूंधे हुए आटे से छोटी-छोटी लोई बना लें। एक लोई लेकर इसे बेलन से बेलें। बेलते समय थोड़ा सा आटा छिड़क सकते हैं ताकि पराठा चिपके नहीं। पराठे को रेस्टोरेंट-स्टाइल में थोड़ा मोटा बेलें, ताकि उसमें फ्लेवर अच्छे से आ सके और वह नरम बने। अब तवे को गर्म करें और उस पर थोड़ा सा घी या तेल लगाएं। बेलें हुए पराठे को तवे पर डालें। जब एक साइड हल्की ब्राउन हो जाए, तो उसे पलट कर दूसरी साइड भी सेंकें।अब पराठे को पलटते समय थोड़ा सा घी या तेल लगा सकते हैं, ताकि पराठा कुरकुरा और स्वादिष्ट बने।दोनों साइड अच्छे से ब्राउन और क्रिस्पी होने तक सेंक लें। तैयार मेथी पराठा को गर्मागर्म सर्व करें। आप इसे दही, अचार, या किसी भी पसंदीदा सब्जी के साथ खा सकते हैं।

ऐसे बनाएं मेथी के पराठे

सामग्री –
मेथी के पत्ते - 1 कप (धोकर और बारीक कटे हुए), आटा - 2 कप, अजवाइन - 1/2 चम्मच, हल्दी पाउडर - 1/4 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, नमक - स्वाद अनुसार, तेल - 1-2 टेबलस्पून (आटे में मिलाने के लिए), पानी - गूंथने के लिए

पार्टी में जाने से पहले अपनाएं ये टिप्स पाएं चमकती त्वचा

पार्टी में ग्लोइंग स्किन पाना हर महिला की ख्वाहिश होती है। महिलाएं कई बार महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन फिर भी स्किन पर मनचाहा ग्लो नहीं आ पाता। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन पार्टी में जाने से पहले दमकती नजर आए, तो आपको कुछ आसान टिप्स फॉलो करने की जरूरत है। इन उपायों को अपनाकर आप न सिर्फ अपनी त्वचा को ग्लोइंग बना सकती हैं, बल्कि इसे हेल्दी भी रख सकती हैं।

स्टीम लें चेहरे को डीप क्लीन करने के लिए : पार्टी में जाने से पहले चेहरे की सफाई बेहद जरूरी है। प्रदूषण और धूल-मिट्टी की वजह से चेहरे पर गंदगी जम जाती है, जिससे त्वचा का ग्लो खत्म हो जाता है। ऐसे में स्टीम लेना एक बेहतरीन उपाय है। स्टीम की मदद से स्किन पर जमी गंदगी और ऑयल साफ हो जाते हैं, जिससे स्किन ग्लोइंग नजर आती है।

ऐसे लें स्टीम : एक बड़े बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें गुलाब जल, टी-ट्री ऑयल, या नीम के तेल की डालें।तौलिए से सिर और बर्तन को ढकें, ताकि स्टीम चेहरे तक अच्छे से पहुंचे। लगभग 5-7 मिनट तक स्टीम लें। स्टीम के बाद चेहरे को हल्के हाथों से साफ कपड़े या टिशू से पोछ लें। चाहें तो स्टीम के दौरान सुखदायक अनुभव के लिए कुछ जड़ी-बूटियां जैसे तुलसी के पत्ते या ग्रीन टी का इस्तेमाल करें। **स्क्रब से करें डेड स्किन को साफ :** स्टीम लेने के बाद चेहरे की गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब का इस्तेमाल करें। मार्केट में मिलने वाले स्क्रब के साथ-साथ घर पर बने स्क्रब जैसे चीनी और शहद का मिश्रण या बेसन और दूध का स्क्रब भी इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब को हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। मसाज करते समय न ज्यादा दबाव डालें और न ही ज्यादा समय तक मसाज करें। गुनगुने पानी से चेहरा धोने के बाद चेहरे पर ठंडे पानी का छिड़काव करें, ताकि पोर्स बंद हो जाएं।

फेस मास्क से पाएं इंस्टेंट ग्लो : फेस मास्क लगाने से चेहरे की खोई हुई नमी वापस आती है और त्वचा को फ्रेशनेस मिलती है। मुल्तानी मिट्टी का मास्क ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद होता है, जबकि एलोवेरा जेल और खीरे का मास्क ड्राई स्किन को हाइड्रेट करता है। नेचुरल सामग्री जैसे हल्दी और दही का मास्क चेहरे को नेचुरल चमक देता है। मास्क को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाएं और फिर गुनगुने पानी से धो लें। मास्क लगाने के बाद चेहरे पर लाइट मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।

मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल न भूलें : मॉइस्चराइजर स्किन को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ उसे सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो जेल-बेस्ड मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। ड्राई स्किन के लिए शिया बटर या नारियल तेल युक्त मॉइस्चराइजर सबसे बेहतर होते हैं। मॉइस्चराइजर को लगाने के लिए हमेशा हल्के हाथों का इस्तेमाल करें।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ रविवार, 28 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्दशी तिथौ रवि वासरे 27/07 ज्येष्ठा नक्षत्रे 25/09/ शुभ योग 13/30/ गर करणे 13/56/ धनु राशिगत चन्द्रमा 25 घं.09 मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- भद्रा प्रारंभ घं. 27 मि. से।

मेष : नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

वृष : उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

मिथुन : रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

कर्क : आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

सिंह : आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

कन्या : मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

तुला : कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

वृश्चिक : घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

धनु : आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

मकर : मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

कुंभ : जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मीन : वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

सिर्फ 2 मिनट की आदत बचा सकती है कई बीमारियों से

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आपने डिटॉक्स के बारे में जरूर सुना होगा। पर क्या आप जानते हैं कि बॉडी डिटॉक्स करने से कहीं ज्यादा जरूरी है कि आप मुंह की साफ सफाई का ध्यान रखें। अक्सर लोग दांतों को चमकदार बनाए रखने के लिए ब्रश तो कर लेते हैं, लेकिन मुंह की पूरी सफाई पर ध्यान नहीं देते। मुंह में करोड़ों बैक्टीरिया रहते हैं। यही बैक्टीरिया दांतों और मसूड़ों पर प्लाक और टार्टर बनाना शुरू कर देते हैं। इसके बाद मसूड़ों में सूजन, बदबू, खून आना और दांतों का कमजोर होना जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। लेकिन खतरा यहीं खत्म नहीं होता। शोध बताते हैं कि मुंह की खराब सेहत का असर सिर्फ दांतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।

मुंह की साफ-सफाई जरूरी

विशेषज्ञों के अनुसार, मसूड़ों में होने वाली सूजन शरीर में लगातार इंफ्लेमेशन बढ़ा सकती है। शरीर में बढ़ा हुआ इंफ्लेमेशन हृदय रोग, डायबिटीज, फेफड़ों के संक्रमण और गर्भावस्था की कुछ जटिलताओं जैसी

समस्याओं का जोखिम बढ़ाने से जुड़ा पाया गया है। मुंह की सफाई नहीं करने पर भोजन के छोटे-छोटे कण दांतों पर चिपक जाते हैं। इन पर मौजूद बैक्टीरिया एसिड बनाते हैं, जो दांतों की बाहरी परत यानी इनेमल को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। समय पर इलाज न होने पर गहरे कैविटी बन जाते हैं। मुंह की साफ-सफाई में कमी कई बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है।

हृदय रोग का बढ़ सकता है जोखिम

अध्ययनों से पता चलता है कि मसूड़ों में लंबे समय तक रहने वाला संक्रमण शरीर में सूजन बढ़ा सकता है। कुछ बैक्टीरिया रक्त के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंच सकते हैं, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि हर खराब ओरल हाइजीन वाले व्यक्ति को हृदय रोग होगा, लेकिन दोनों के बीच संबंध कई अध्ययनों में देखा गया है।

फेफड़ों के संक्रमण का बढ़ सकता है खतरा

मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया सांस के साथ फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों और अस्पताल में भर्ती मरीजों में यह निमोनिया जैसे संक्रमण का जोखिम बढ़ा सकते हैं। ओरल हाइजीन केवल दांतों की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि श्वसन स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। रोजाना सही तरीके से ब्रश और कुल्ला करना इस जोखिम को कम करने में मदद करता है।

ओरल हाइजीन का रखें ध्यान

मुंह की साफ-सफाई के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से कम से कम दो मिनट तक ब्रश करें। रोजाना फ्लॉस का इस्तेमाल करें और जीभ की सफाई करें। मीठे और चिपचिपे खाद्य पदार्थ कम खाएं और खूब पानी पिएं। हर 6 महीने में डेंटिस्ट से जांच कराएं।

गाजीपुर/जौनपुर/मऊ

भरत तिवारी का एनकाउंटर पुलिसिया मुठभेड़ नहीं बल्कि एक सुनियोजित हत्या : सतीश कुमार

स्वतंत्रभारत मऊ। बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर देशव्यापी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में जनपद मऊ के अधिवक्ता और %एक संदेश% के ब्यूरो चीफ एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को कानून की धज्जियां उड़ाने वाला और राज्य प्रायोजित हत्या करार दिया है।मऊ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भरत तिवारी का एनकाउंटर कोई वास्तविक पुलिस मुठभेड़ नहीं बल्कि एक सोची-समझी हत्या है। उन्होंने कहा-जब किसी नागरिक द्वारा आत्मसमर्पण (सरेंडर) करने की बात सामने आ रही हो और

सोशल मीडिया पर उसके साक्ष्य मौजूद हों, तो पुलिस द्वारा कानून हाथ में लेकर गोली मार देना सीधे तौर पर भारतीय न्याय प्रणाली की हत्या है। एनकाउंटर के नाम पर इस तरह की बर्बरता को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पाण्डेय ने इस बात पर भी जोर दिया कि घटना के बाद जनता के भारी दबाव और चौतरफा विरोध के कारण पुलिस को अपने ही अधिकारियों (एसडीपीओ, एसएचओ और अन्य पुलिसकर्मियों) के खिलाफ हत्या (बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत) की चौथी प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी है, जो खुद पुलिस की थ्योरी पर गंभीर सवाल खड़े करती है।उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराई जाए ताकि इस %स्टेट स्पॉन्सर्ड% हत्या के पीछे के असली चेहरों को बेनकाब किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। मऊ के लीगल सेल और प्रबुद्ध समाज ने भी इस बयान का पुरजोर समर्थन करते हुए दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की है।

मिट्टी लदे डंपर की टक्कर से महिला की मौत, अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्रभारत मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के कोठिया गांव मोड़ पर शनिवार दोपहर करीब 2 बजे हुए सड़क हादसे में 50 वर्षीय निर्मला पत्नी रामजन्म की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि निर्मला अपने घर से पैदल मुहम्मदाबाद गोहना दवा लेने जा रही थीं। जैसे ही वह कोठिया गांव मोड़ के पास पहुंचीं की पीछे से तेज रफ्तार मिट्टी लदे डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास के मार्गों पर जांच कराई जा रही है। दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और क्षेत्र में चल रहे कथित अवैध खनन को हादसे का कारण बताते हुए नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि कोठिया गांव में कई दिनों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। इसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध खनन और डंपरों के संचालन पर रोक लगाई गई होती तो यह हादसा नहीं होता। मृतका अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियों का परिवार छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा फरार डंपर चालक की तलाश जारी है।

हाईकोर्ट की टिप्पणी पर ग्राम प्रधानों की बैठक, संगठन ने जताई नाराजगी

स्वतंत्रभारत मऊ। पंचायतों का समय से चुनाव न होने और प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने संबंधी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की बैठक विकास भवन परिसर में जिला प्रभारी काशीनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में न्यायालय की टिप्पणी पर चिंता व्यक्त करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।प्रदेश प्रभारी रवींद्र राय ने कहा कि हाईकोर्ट ने प्रशासक बनाए जाने पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन राज्य सरकार के निर्णय से असहमति जताई है। उन्होंने बताया कि संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शीघ्र लखनऊ में होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर 13 जुलाई को संगठन भी हाईकोर्ट जाएगा।वरिष्ठ

प्रमुख महासचिव बृजेश सिंह बागी ने कहा कि संगठन समय से पंचायत चुनाव कराने का पक्षधर है। यदि किसी कारण चुनाव नहीं हो पाते हैं तो प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने संबंधित कानूनी प्रावधान में संशोधन की मांग भी उठाई।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मदाबाद नौसाद प्रधान ने संकट की घड़ी में जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, रामाश्रय भारद्वाज, महासचिव लल्लन यादव, अमित कुमार, पंकज पांडेय, डब्लू राजभर, रामदास सहनी, गोविंद राजभर, पारस यादव, दिनेश यादव, रामचंद्र गुप्ता मु.मन्नान सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

खबर एक नज़र

फर्जी चिकित्सक का क्लीनिक सीज

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार के निर्देश पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर पंचायत वलीदपुर में बिना डिग्री मरीजों का इलाज करने के आरोप में एक क्लीनिक पर छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले क्लीनिक बंद मिला, जिसके बाद अधीक्षक डॉ. रामबदन ने क्लीनिक को सीज कर रिपोर्ट सीएमओ को भेज दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के कई कथित चिकित्सक अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गए।

हीरो मोटोकॉर्प की नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 बाइक का अनावरण

स्वतंत्र भारत सेवराई। तहसील क्षेत्र के भदौरा स्थित शिव शक्ति ऑटो मोबाइल (हीरो एजेंसी) पर शनिवार को हीरो मोटोकॉर्प की नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 बाइक का अनावरण किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सेवराई तहसील अध्यक्ष विवेक सिंह विक्की और एजेंसी के प्रोपराइटर मुकेश उपाध्याय ने संयुक्त रूप से केक काटकर बाइक लॉन्च की। इस अवसर पर प्रोपराइटर मुकेश उपाध्याय ने नई सुपर स्प्लेंडर 2.0 की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह बाइक आधुनिक फीचर्स, आकर्षक डिजाइन और बेहतर माइलेज के साथ ग्राहकों के लिए पेश की गई है। इसमें वन-टच ऑन/ऑफ सिस्टम जैसे कई नए फीचर्स शामिल हैं। उपाध्याय ने आगे कहा कि ये फीचर्स बाइक को अपने वर्ग में किफायती और उपयोगी बनाते हैं। इसके साथ ही इसकी माइलेज भी काफी पहले की बाइक की अपेक्षा करीब 5 किमी ज्यादा है।

शिव मंदिर के सामने पोखरी से अतिक्रमण हटाया

स्वतंत्रभारत मऊ । मुहम्मदाबाद गोहना के भोईलीपुर मोहल्ले में शिव मंदिर के सामने स्थित पोखरी से शनिवार को प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। जेसीबी से ईंट, मलबा व अन्य सामान हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन ने सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

मोहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न, ताजिए कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के कस्बे व ग्रामीण इलाकों में मोहर्रम पर स्थापित ताजियों का देर रात मिलन के बाद अलग-अलग कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के लिए एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, सीओ शीतला प्रसाद पांडे के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी व महिला पुलिस तैनात रही। प्रशासन की निगरानी में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

समाधान दिवस में 28 शिकायतें, एक का भी निस्तारण नहीं

स्वतंत्रभारत मऊ।मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार अनीश सिंह ने फरियादियों की 28 शिकायतें सुनीं, जिनमें 21 राजस्व और 7 पुलिस विभाग से संबंधित थीं। उन्होंने मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए, लेकिन मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

घोसी थाना समाधान दिवस में 25 शिकायतें

स्वतंत्रभारत मऊ।घोसी कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम अशोक सिंह ने की। कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 राजस्व और 5 पुलिस विभाग से संबंधित थीं। मौके पर 3 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के जल्द एवं निष्पक्ष समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र नाथ राय सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

सघन वाहन चेकिंग, 355 चालान व 6 वाहन सीज

स्वतंत्रभारत मऊ।पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद मऊ के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। 37 टीमों ने 45 स्थानों पर करीब 1100 संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की जांच की। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 355 वाहनों का चालान और 6 वाहन सीज किए गए। पुलिस ने लोगों से हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

मऊ के थानों में समाधान दिवस

स्वतंत्रभारत मऊ।पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने 257 शिकायतें सुनीं, जिनमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए तथा राजस्व संबंधी मामलों में आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराने को कहा गया।

जब बारिश की आस में जले हवन कुंड

स्वतंत्र भारत मोहम्दाबाद/यूसुफपुर (गाजीपुर)। तपती गर्मी और बारिश की प्रतीक्षा के बीच शनिवार को यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में आस्था का अनूठा दृश्य देखने को मिला। एक ओर वैदिक मंत्रों के बीच हवन कुंड में आहुतियां देकर इंद्रदेव से अच्छी वर्षा की कामना की गई, तो दूसरी ओर मां महाकाली का 101 किलो आम से भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। समाजसेविका श्रीमती मीरा राय के नेतृत्व में आयोजित विशेष पूजन में क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और समय पर वर्षा के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। मां महाकाली को छप्पन भोग अर्पित किया गया, वहीं क्षेत्रीय महिलाओं ने शिव चर्चा कर धार्मिक माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। संध्या होते ही मंदिर परिसर भजन-कीर्तन से गूंज उठा। स्थानीय लोकगीत कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर शाम तक भक्ति रस में डूबे रहे। संध्या आरती के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में मासिक स्टाफ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार (रायफल क्लब) सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मासिक स्टाफ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए । धारा 33 प्रकरण मे न्यून प्रगति पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सेवराई को स्पष्टीकरण का निर्देश दिया स बैठक में उन्होंने स्टाम्प देय, वाहन कर रायलटी देय, विविध देय की मांग व वसूली,भू राजस्व की वसूली, जनपद के बड़े बकायेदारों की सूची की समीक्षा एवं वसूली का निर्देश दिये स बैठक में जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज, विवादित वादो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि

जनसामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को 05 वर्ष से ऊपर के मुकदमो को प्रतिदिन सुनने के साथ एक अभियान चलाते हुए 15 दिनों निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक 03 वर्ष से कम, धारा 24, धारा 34, धारा 116 धारा 80 के लंबित मामलों का समयान्तराल मे निस्तारण किया जाये। धारा 67 की सुनवाई और निष्पादन में तहसीलदार गंभीरता से कार्य करें और उपजिलाधिकारी इसकी नियमित समीक्षा भी करें। उन्होने राजस्व ग्रामो मे खेल मैदान, सीमा स्तम्भ, कृषि भूमि पट्टा, आवास हेतु भूमि आवंटन, अंश निर्धारण एवं अंश संशोधन की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दियां । बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), मुख्य राजस्व अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एंव पटल सहायक उपस्थित रहे।

पति पत्नी के बीच लबे रोड हुई मारपीट में पत्नी हुई चुटहिल

जफराबाद जौनपुर। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पड़ाव के पास शनिवार को दम्पति के बीच सड़क पर ही मारपीट हो गयी।जिसमे पत्नी के चेहरे पर चोट आयी।घटना स्थल पर मौजूद लोगों के बीचबचाव के बाद मामला शांत हुआ।दोनो मुंबई से घर आ रहे थे। लाइनबाजार क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवक अपनी पत्नी के साथ मुम्बई में रहता है।पति मुंबई में फल का ठेला लगाता है।मुम्बई में पति का किसी महिला से प्रेम सम्बन्ध को लेकर पति पत्नी में झगड़ा होने लगा। ।वहां पर पत्नी की शिकायत पर कई बार मामला पुलिस के पास भी गया।पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत करवा दिया था।उसके बाद भी पति अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा था।पत्नी के झगड़े व काफी विरोध के बाद पति अपनी पत्नी को गोदान एक्सप्रेस से लिवाकर घर आ रहा था।महिला के अनुसार ट्रेन में भी ऊक्त महिला का फोन आने पर झगड़ा हुआ।घटना की जानकारी महिला ने अपने परिजनों को दे दिया था।स्टेशन पर महिला के चाचा भी ट्रेन से उतारने आये थे।

मातम और अकीदत के साथ निकाला गया ताजिया जुलूस, कर्बला में हुआ सुपुर्द-ए-खाक

स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर), मुहर्रम की दसवीं तारीख (आशूरा) पर शुक्रवार को जमानियां नगर क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत की याद में पूरे अकीदत और गम के माहौल में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्टेशन बाजार के वार्ड संख्या-17 स्थित इमाम चौक से हुई। जुलूस प्रारंभ होने से पूर्व इमाम चौक पर ताजिए के सामने नौहा, मर्सिया और मातम किया गया। इसके बाद ताजिया को उठाकर मछली मंडी, सब्जी मंडी एवं वार्ड संख्या-3 स्थित इमाम चौक के ताजियों से मिलाया गया। पूरे मार्ग में अकीदतमंद ÷या हुसैन, या हुसैन÷ की सदाओं के साथ मातम करते हुए आगे बढ़ते रहे। गांधी चौक पर पारंपरिक रूप से युवाओं ने लाठी, तलवार एवं जंजीरों के साथ हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शर्बत और खिचड़ी का वितरण भी किया गया। उमस और गर्मी के बावजूद अकीदतमंदों का जोश और इमाम हुसैन की शहादत के प्रति श्रद्धा देखते ही बन रही थी। गांधी चौक से होते हुए जुलूस रामलीला मैदान पहुंचा और देर रात लगभग साढ़े दस बजे कर्बला में धार्मिक परंपराओं के अनुसार मातम के बीच ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह मुस्तैद रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ

खेत में झुका 11 हजार वोल्ट लाइन का पोल, कई गांवों की बिजली आपूर्ति पर संकट

स्वतंत्रभारत मऊ। टेसूपार विद्युत उपकेंद्र से निकली 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का एक पोल अल्लूपुर गांव के पास एक खेत में खतरनाक ढंग से झुक जाने से बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पोल को ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी लाइन टूट सकती है, जिससे जनहानि के साथ-साथ कई गांवों की बिजली आपूर्ति भी ठप हो सकती है। जानकारी के अनुसार अल्लूपुर निवासी रामसरन के खेत में स्थित यह विद्युत पोल काफी दिनों से झुकी अवस्था में है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी सूचना कई बार विद्युत विभाग को दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत का कोई कार्य नहीं कराया गया। ऐसे में पोल गिरने की स्थिति में बनियापार, दौलतपुर, खैरा, बेलगढ़ी, अल्लूपुर, नौवाडीह सहित आसपास के कई गांवों के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में यदि बिजली आपूर्ति बाधित हुई तो लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं खेतों में कार्य करने वाले किसानों और राहगीरों के लिए भी यह झुका हुआ पोल खतरे का कारण बना हुआ है।ग्रामीण अमरजीत सिंह, रामसरन, रामबेलास, जोखन सिंह, महेंद्र सिंह और नगीना सहित अन्य लोगों ने विद्युत विभाग से तत्काल पोल को सीधा कर सुरक्षित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि लापरवाही के चलते कोई दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।इस संबंध में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) ए.के. वर्मा ने बताया कि उन्हें फिलहाल इस मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सूचना मिल गई है और जल्द ही मौके पर टीम भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना लाइन बाजार में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं गई तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों में संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच करने तथा शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें।

आकाशीय बिजली से एक महिला की मौत, एक किशोरी झुलसी

स्वतंत्र भारत सेवराई। गहमर कोतवाली क्षेत्र के गोडसरा गांव में बीती रात आए तेज आंधी तूफान के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गई जबकि पास में ही सोई उसकी भतीजी गंभीर रूप से झुलस गई जिसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार सेवराई तहसील क्षेत्र के गोड़सरा गांव निवासी नेहा खातून (21) पत्नी अहमद खान अपनी भतीजी फातिमा (15) पुत्री तारीक खान के साथ बिजली न होने पर छत पर सोई हुई थी। इसी दौरान घर चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दोनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में परिवार के लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता मिनहाज खान एवं अन्य अन्य ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा ले गए, जहां चिकित्सको ने नवविवाहिता नेहा खातून (21) को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से झुलसी भतीजी फातमा को बेहतर चिकित्सा के लिए गाजीपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद पारिवारिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका पति गाजियाबाद के एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। इस संबंध में एसडीएम संजय यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मामले में उचित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण

जौनपुर। मा. जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम) श्वेता यादव ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, विधिक सहायता एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की पाकशाला में पहुंचकर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। इसके बाद जेल अस्पताल का निरीक्षण कर वहां उपचाररत बंदियों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गंगाराम गौतम को निर्देश दिए गए कि सभी बंदियों का समय पर समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

जौनपुर। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद में 28 जून से 3 जुलाई 2026 तक चलाए जाने वाले सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से रविवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गंगाराम गौतम ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में राजकीय टीबी चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 6,06,187 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद

अवश्य पिलाएं, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। जागरूकता रैली राजकीय टीबी चिकित्सालय से शुरू होकर अंबेडकर तिराहा, कलेक्ट्रेट मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों से होकर पुनः चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के माध्यम से लोगों को पोलियो उन्मूलन अभियान की जानकारी दी गई तथा बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक पिलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह गॉवी, आदित्य जायसवाल, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, आशा कार्यकर्त्रियां, एडीए, आरबीएसके एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शहरी क्षेत्र के को-ऑर्डिनेटर तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने जनपद को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

पदार्थों की विशेषताओं का पता लगाने हेतु अल्ट्रासोनिक तकनीक के प्रयोग पर शोध

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हुए दो महत्वपूर्ण शोध कार्य भविष्य में ऊर्जा संरक्षण, औद्योगिक विकास और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकते हैं। भौतिक विज्ञान विभाग के अंतर्गत किए गए इन अध्ययनों में ऐसे उन्नत पदार्थों और नैनो द्रवों के गुणों का विश्लेषण अल्ट्रासोनिक तकनीक से बहुत गहराई से किया गया है, जिनका उपयोग बेहतर ऊर्जा प्रबंधन, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, ताप नियंत्रण प्रणालियों और औद्योगिक उत्पादन में किया जा सकता है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. देवराज सिंह के निर्देशन में शोधार्थी राकेश कुमार की पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। दोनों शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करते हुए उनके वैज्ञानिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। शोधार्थी उन्नत पदार्थों एवं नैनो द्रवों के अल्ट्रासोनिक, यांत्रिक और तापीय गुणों पर आधारित अपने शोध में विभिन्न प्लैटिनम समूह के धात्विक पदार्थों, अंतर धात्विक पदार्थों तथा धात्विक ऑक्साइडों का अध्ययन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इन पदार्थों के गुणों की बेहतर समझ भविष्य में ऊर्जा दक्ष उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी और ताप प्रबंधन प्रणालियों के विकास में सहायक हो सकती है। मशीन लर्निंग का उपयोग करते हुए थेलियम मोनोपनिकटाइडस के इलास्टिक, मैकेनिकल और ऊष्मा भौतिक गुणों की भविष्यवाणी की। साथ ही जिंक ऑक्साइड और एल्युमीनियम ऑक्साइड आधारित नैनो द्रवों के अध्ययन से ऊष्मा संचरण क्षमता बढ़ाने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, जिसका उपयोग उद्योगों, शीतलन प्रणालियों और ऊर्जा क्षेत्र में किया जा सकता है। मौखिक परीक्षा में वाह्य विशेषज्ञों ने शोधार्थी से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। शोधार्थी ने अपने शोध से जुड़े प्रश्नों के स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर दिए, जिसके बाद उनके कार्यों की सराहना की गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, बाह्य परीक्षक गण, शोध निर्देशक प्रो. देवराज सिंह, रज्जू भैया संस्थान के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने शोधार्थी राकेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शोध कार्य केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि समाज, उद्योग और विज्ञान के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इन शोधों से यह उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में ऊर्जा की बचत, औद्योगिक उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार, उन्नत तकनीकों के विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान के नए आयाम स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, रविवार, 28 जून. 2026

अयोध्या
अम्बेडकर नगर

राज्यपाल ने अयोध्या धाम में नवनिर्मित दो आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम क्षेत्र में ब्रह्मकुण्ड गुरुद्वारे के निकट मोहल्ला दोराही कुआँ में नवनिर्मित दो आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया। राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बाल वाटिकाओं का अवलोकन किया तथा बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने बच्चों से प्रार्थना सुनी और स्मार्ट क्लास के माध्यम से प्रदान की जा रही शिक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को फल एवं मिष्ठान वितरित किए। राज्यपाल ने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे मिड-डे मील का भी जायजा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि भारत का उज्ज्वल भविष्य आज के नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में है। उनके समुचित शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए प्रारंभिक अवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम संस्कार तथा संतुलित पोषण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे की प्रथम शिक्षिका उसकी माँ होती है तथा उसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र उसके व्यक्तित्व निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला बनते हैं। यही प्रारंभिक शिक्षा आगे चलकर विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय तक पहुँचने का सुदृढ़ आधार बनती है। राज्यपाल जी ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष बल देते हुए कहा कि स्वस्थ एवं संस्कारित समाज की नींव गर्भकाल से ही रखी जाती है। परिवार का दायित्व है कि गर्भवती महिला को पौष्टिक आहार, सकारात्मक वातावरण तथा समय-समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला का अस्पताल में पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए तथा सभी प्रसव संस्थागत रूप से अस्पतालों में ही कराए जाएँ। इस अवसर पर मण्डलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, अवध विवि के कुलपति बृजेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावक तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करके नये ट्रस्ट बनाये जायें, जिसमें स्थानीय साधु संतों को भी दी जाय जगह : करणी सेना

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्बू ने मांग किया है कि राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करके नये ट्रस्ट बनाये जायं जिससे स्थानीय साधु संतों को भी जगह दिया जाय। उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट में कथित भ्रष्टाचार, दान, गबन और निर्माण कार्य जैसे घोटाले हुए हैं, इसको देखते हुए नये सिरे से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के दान और चढ़ावे तथा निर्माण कार्य में कथित अनियमितताएं और चोरी हुई हैं जिसमें आठ लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। इस रवैये से पूरे मामले में समझौते की आशंका पैदा होती है। करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि चम्पत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो पहले उत्तर प्रदेश और फिर पूरे देश में चक्का जाम किया जायेगा। करणी सेना के पदाधिकारियों ने आज शान-ए-अवध होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अयोध्या में इस तरह का काण्ड होना, वह भी राम मंदिर में बहुत ही निंदनीय है। शर्म की बात है कि चढ़ाया हुआ रुपया लोग अपने घर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वहां की व्यवस्था दुरुस्त होती तो मेरे हिसाब से ऐसी घटनायें न होतीं। यह पूरे विश्व को झकझोर देने वाली घटनायें हैं। मोची अर्थात् चप्पल बनाने वाला श्रद्धालु ने राम मंदिर के निर्माण में चंदा देकर जाकर वहां मत्था टेका है। अब आप सोच लीजिये कि जो रुपया गायब हुआ है वह भगवान कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अमीर लोग चंदा देते हैं वह तो समझ में आता है, लेकिन जो गरीब और मजदूर व्यक्ति चंदा देता है तो उसके खून पसीने का रुपया होता है, वह कभी ईश्वर माफ नहीं करेगा। इस अवसर पर गौरव शर्मा, अभिनव सिंह, वीर प्रताप सिंह, सौम्या मिश्रा, सविता सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डीएम, एसपी की मौजूदगी में समाधान दिवस सम्पन्न

स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.) जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने थाना टाण्डा में संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने प्रत्येक नागरिक की शिकायत का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ भूमि विवाद, अतिक्रमण, पारिवारिक एवं अन्य जनशिकायतों का मौके पर जाकर तथ्यात्मक परीक्षण करते हुए न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

23 अगस्त तक प्रभावी रहेगी धारा 163

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने बताया कि विभिन्न माध्यमों/स्रोतों से प्राप्त सूचनानुसार आगामी दिवसों में विभिन्न धार्मिक एंव राजनैतिक संगठनों/ संस्थाओं/ व्यक्तियों आदि द्वारा जनपद अयोध्या के विभिन्न भागों में धरना, प्रदर्शन, जुलूस, पदयात्रा इत्यादि द्वारा अथवा अन्य प्रकार के अविधिक, असामाजिक, किया कलापों एवं कार्यक्रमों से शान्ति व्यवस्था भंग की जा सकती है। आगामी अवधि में मोहर्रम चेहल्लुम, स्वतन्त्रता दिवस, श्रावण मास में कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक एवं श्रावण झूला मेला आदि विभिन्न त्योहारों/जन्म दिवस के साथ ही विभिन्न सेवा आयोगों की प्रतियोगी/ शैक्षणिक परीक्षाएं आदि आयोजित होना सम्भावित हैं। ऐसी स्थिति में आगामी समय में विभिन्न धार्मिक, राजनैतिक, संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों के सम्भावित आयोजनों/ कार्यक्रमों के साथ ही उल्लिखित त्योहारों/जन्म दिवस, परीक्षाओं, जनपद अयोध्या के विभिन्न मन्दिर, मठ, धर्मशालाओं आदि में आयोजित कार्यक्रमों के दृष्टिगत जनपद में लोक, शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये रखना अति आवश्यक है। अतः मैं शशांक त्रिपाठी, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 (धारा 144) में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक/शान्ति/कानून व्यवस्था/जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निषेधाज्ञाएं पारित करता हूं। उपरोक्त आदेश को तात्कालिक रूप से पारित करने की आवश्यकता है, ऐसी दशा में समयाभाव के कारण समस्त सम्बन्धितों को समय से सूचित कर किसी अन्य पक्ष को सुना जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किये जा रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति/संस्था इस आदेश से क्षुब्ध हो तथा इसके सम्बन्ध में कोई आपत्ति/आवेदन करना चाहे या छूट अथवा शिथिलता चाहे, तो उसे सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट/ रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट अयोध्या/नगर मजिस्ट्रेट, अयोध्या के सम्मुख आवेदन करने का अधिकार होगा, जिस पर सम्यक् सुनवाई/ विचार उपरान्त प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में समुचित आदेश पारित किये जायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।

रुदौली सीएचसी से निकाली गई पल्स पोलियो जागरूकता रैली

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविंद्र शुक्ला के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकालकर लोगों को 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, आशा, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों ने 'दो बूंद जिंदगी की' का संदेश देते हुए आमजन से अपील की कि 28 जून 2026 (रविवार) को अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। इसके बाद 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविंद्र शुक्ला ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की सहभागिता आवश्यक है। कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने जन-जन तक पल्स पोलियो अभियान का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

अंजुमन अकबरिया मीरानपुर ने जिला प्रशासन के प्रति जताया आभार

स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर) मुहर्रम के दौरान आयोजित मजलिसों व जुलूसों के शांति-सद्भाव के साथ सकुशल संपन्न होने पर अंजुमन अकबरिया पंजीकृत के अध्यक्ष रेहान जैदी ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, सीओ सदर, प्रभारी निरीक्षक समेत यातायात पुलिस, नगर पालिका परिषद, स्वास्थ्य, विद्युत तथा जलकल के अतिरिक्त अन्य संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व, बेहतर समन्वय, सतर्कता एवं सहयोग से जनपद विशेष रूप से जिला मुख्यालय पर मुहर्रम के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं सफलतापूर्वक होना संभव हो सका। अंजुमन अकबरिया ने समस्त समितियों, मातमी अंजुमनों, स्वयंसेवकों, मीडिया बंधुओं तथा अजादारों एवं नगरवासियों का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। रेहान जैदी ने कहा कि मीडिया बंधुओं ने मुहर्रम के कार्यक्रमों, मजलिसों एवं जुलूसों का निष्पक्ष एवं व्यापक प्रचार-प्रसार कर समाज तक सही जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो धन्यवाद के पात्र हैं।

रास्ते से मसाला हटाने के विवाद में मां बेटी पर हमला, सिर फटा, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.) थाना इनायतनगर क्षेत्र के घूरेहटा पूरे हतवा गांव में शनिवार सुबह रास्ते से निर्माण सामग्री हटाने को लेकर हुए विवाद में विपक्षियों ने मां बेटी की लाठी डंडों व लोहे की रॉड से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। घूरेहटा पूरे हतवा निवासी निखिल चौहान पुत्र परशुराम चौहान ने थाना इनायतनगर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपनी मां कांति देवी को लेकर एक बैठक में जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही राजाराम चौहान, सुशील कुमार और राम सजीवन पुत्रगण राजाराम घर निर्माण के लिए मसाला तैयार कर रहे थे। आरोप है कि रास्ते से मसाला हटाने की बात कहने पर विपक्षी गाली गलौज करने लगे और लाठी डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में कांति देवी के सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर बेहोश हो गईं। बीच बचाव करने पहुंची आर्या पुत्री गौतम चौहान को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया, जिससे उसके सिर में भी गंभीर चोट आई और वह भी बेहोश हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के दौरान विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों ने दोनों घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुरी तरह घायल दोनों मां-बेटी को स्थिति खराब होते देख पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिल्कीपुर में प्राथमिक उपचार के लिये लाया गया। यहां से उन्हें फिर जिला अस्पताल अयोध्या के लिये रेफर कर दिया गया।

सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत जनजागरूकता रैली का आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 27 जून को पुलिस लाइन, अयोध्या परिसर से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ पी सी भारती द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अभियान के दौरान अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं आशाओं, छात्र-छात्राएं तथा अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को पल्स पोलियो अभियान के महत्व एवं प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने का संदेश दिया गया। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

सड़क दुर्घटना में तीन की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.) पति पत्नी एवं 10 वर्षीय बच्चे तीनों का एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार लोगों ने नम आंखों से दिया विदाई ज्ञात हो कि शुक्रवार को थाना गोसाईगंज के ग्राम गौहनिया पंडित का पुरवा निवासी दलित सुरेंद्र कुमार अपनी पत्नी एवं 10 वर्षीय बेटे के साथ बाइक से अंबेडकर नगर जा रहे थे थाना अहिरौली अंतर्गत अंन्नावा बाजार की पहले पियारे पुर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई थी शव विच्छेदन के बाद शनिवार को दोपहर बाद दिलासीगंज शमशान घाट पर तीनों को एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया मुखाग्नि मृतक के पिता जियाराम ने दिया घटना से उनके परिजनों के साथ-साथ गांव एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है अंतिम संस्कार में बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के मुख्य जीवन प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष मानबहादुर मनोराम विश्वनाथ कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुधीर कुमार पूर्व ग्राम प्रधान सुग्रीव यादव सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी कुमार उर्फ गल्लू सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

बीकापुर बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष वंशीधर शुक्ल, मंत्री राम सिंह यादव हुए विजयी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) बीकापुर बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर वंशीधर शुक्ल, जिन्हें 81 वोट पाकर विजयी हुए हैं वहीं पर उपाध्यक्ष पद पर अशोक सिंह 63 वोट पाकर विजयी हुए हैं। मंत्री पद पर राम सिंह यादव 59 वोट पाकर विजयी घोषित किये गये हैं। बीकापुर बार एसोसिएशन का चुनाव पिछले एक सप्ताह से घमासान मचा हुआ था जो आप सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

मवई व बाबा बाजार के थानों में समाधान दिवस सम्पन्न

स्वतंत्र भारत मवई (सं.) मवई व बाबा बाजार थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मवई में सात प्रार्थना पत्र आए वहीं बाबा बाजार थाने में 17 प्रार्थना पत्र आए। मवई थाने में हुए समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने की। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि राजस्व से सम्बंधित सात मामले आए। निस्तारण के लिए मौके पर पुलिस व राजस्व की टीमों को भेज दिया गया है। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज रामदास नगर आयुष यादव, उप निरीक्षक इदरीश खां, उप निरीक्षक प्रमोद यादव,उप निरीक्षक विपिन मौर्या, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित थे। बाबा बाजार थाने में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि कुल 17 मामले आए थे। सभी मामले राजस्व विभाग से सम्बंधित थे। मामलों को निस्तारित करने के लिए पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीमों को भेजा गया है। इस अवसर पर उप निरीक्षक प्रभात कुमार द्विवेदी,उप निरीक्षक सौरभ सिंह,उप निरीक्षक सुरेश चंद, उप निरीक्षक सुनील पाल, करुण मौर्य के अलावा राजस्व कर्मी उपस्थित थे।

या हुसैन की सदाओं के साथ ताजिया सुपुर्द -ए-खाक

स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.) गोसाईगंज नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ताजिया या हुसैन की सदाओं के साथ ग़मगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नूरानी मस्जिद कटरा चौक से शुरू होकर जुलूस मदीना मस्जिद के चौक से होते हुए पूरे नगर में भ्रमण कर शहीद बाबा की मजार पर इकट्ठा हुए इस बीच अंकारीपुर, पुरव्वा, शेखपुरा, रामपुर, शिवगढ़, तेलियागढ़, किशनीपुर, के ताजियादार अपनी-अपनी अंजुमनों के साथ नोहा,मातम,अखाड़ा का हैरतअंगेज कारनामा दिखाया वहीं दूसरी तरफ नन्हे मुन्ने नौनिहालों ने कर्बला की दास्तान सुना कर लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी ने कटरा चौक से झंडी दिखाकर जुलूस को आगे बढ़ाया वहीं दूसरी तरफ मदीना मस्जिद चौक से मेला कमेटी के अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने सभी का स्वागत करते हुए व्यवस्थित ढंग से मेले को आगे बढ़ाया इस दौरान राईन अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष छेदी राईन, रमजान अली राईन, अहमद कुरैशी,इम्तियाज उल हक कुरैशी, तनवीर अरशद राजू, मुगीस कुरैशी, सलीम कल्लू अंसारी, मुनीर हसन अंसारी के साथ सरपरस्त के रूप में तवक्कल हुसैन कुरैशी जुलूस के समापन तक मौजूद रहे।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गोसाईगंज अभिमन्यु शुक्ला अपनी पूरी टीम के साथ समापन तक पूरी मुस्तादी के साथ डटे रहे सपा नेता वैस अंसारी एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष अकबाल हुसैन ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शांतिपूर्वक एवं सकुशल मेला संपन्न करने के लिए आभार व्यक्त किया।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल देवव्रत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, एवं माडल करियर सेन्टर अयोध्या द्वारा दिनांक 30 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से राजकीय आई0टी0आई परिसर, बेनीगंज अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियॉ एल0 एण्ड टी0, प्रयान ग्लोबल, एडिको इण्डिया आदि कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा एवं आई0टी0 आई0, आदि है, प्रतिभाग कर सकते है, ऐसे अभ्यर्थी (रोजगार मेला आई0डी0-13123) एवं पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, पहचान पत्र एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आई0टी0आई परसिर, बेनीगंज अयोध्या में उपस्थित हों। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।

समाधान दिवस में 49 शिकायतों में मात्र 07 का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.) मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायतनगर, खंडासा व कुमारगंज में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। कुल 49 लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। जिनमें मात्र 07 शिकायतों का ही निस्तारण मौकेपर पर हो सका। शनिवार सुबह शुरू हुए थाना समाधान दिवस में थाना इनायतनगर में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार व सीओ मिल्कीपुर पियूष शिकायतों की सुनवाई करने पहुंचे, कुछ देर सुनवाई कर थाना खंडासा सुनवाई करने चले गए। समाधान दिवस में क्षेत्र के 32 लोगो ने शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें पांच शिकायतों का निस्तारण सुनवाई कर रहे अधिकारियों ने मौकेपर कराया। रनापुर गांव की रेखा सिंह शिकायत लेकर पहुंची, बताया कि उन्होंने खेत जोतने के लिए ट्रैक्टर बुलाया था,विपक्षीगण अजय कुमार, सत्येंद्र व राजा ने खेत नही जोतने दिया,जो भी जोताई बोआई करने आता है,उसे धमकी देते है,सुनवाई कर रहे प्रभारी निरीक्षक ने उप निरीक्षक गौरव सिंह को प्रकरण को निस्तारित त कराने का निर्देश दिया। रनापुर गांव के ही साईबक्श शिकायत लेकर पहुंचे बताया कि विपक्षी जबरन उसके खेत को जोत लेते है। खेतों की पैमाइश करने की मांग की। सुनवाई कर रहे प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्रीय लेखपाल को मामले की जांच कर निस्तारित कराने का निर्देश दिया। थाना खंडासा में एसडीएम मिल्कीपुर व सीओ मिल्कीपुर ने सुनवाई की। 11 मामले दर्ज किए गए,सुनवाई कर रहे एसडीएम ने दो शिकायतों का निस्तारण मौकेपर पर कराया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाना कुमारगंज में थानाप्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने लोगों की शिकायतों को सुना। क्षेत्र के 06 लोगों ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसमे एक भी शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका।

स्ट्रोक में हर मिनट की देरी से नष्ट हो सकती हैं 19 लाख ब्रेन सेल्स: विशेषज्ञ

स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)। स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें उपचार में होने वाली हर मिनट की देरी मरीज के मस्तिष्क की लगभग 19 लाख ब्रेन सेल्स को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में समय पर पहचान और तत्काल उपचार न केवल मरीज की जान बचा सकता है, बल्कि उसे स्थायी विकलांगता से भी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जानकारी मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या द्वाराआयोजित कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की। कार्यक्रम में अयोध्या एवं आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया। न्यूरोलॉजी, और यूरोलॉजी से जुड़े विशेषज्ञों ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नवीन उपचार पद्धतियों और अपने क्लिनिकल अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। मेदांता हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. रतीश जुयाल ने कहा कि भारत में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग स्ट्रोक से प्रभावित होते हैं। डॉ. कपूर ने बताया कि आधुनिक तकनीकों जैसे आरआईआरएस और लेजर आधारित उपचार ने किडनी स्टोन सर्जरी को अधिक सुरक्षित, कम दर्दनाक और तेज रिकवरी वाला बना दिया है। कई मामलों में मरीज 24 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी लेकर सामान्य जीवनचर्या में लौट सकते हैं। समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता है। इससे किडनी को होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। आईएमए अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास और उपचार पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। आईएमए सचिव डॉ. निशांत सक्सेना ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुभव और ज्ञान का लाभ स्थानीय चिकित्सकों के माध्यम से सीधे मरीजों तक पहुंचता है। अध्यक्षता डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. एसपी बंसल एवं डॉ. रमेश सिन्हा ने की। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने विशेषज्ञों के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया तथा अपने अनुभव भी साझा किए। डॉ. रोहित कपूर ने बताया कि अब अयोध्या और आसपास के मरीज नियमित रूप से स्थानीय ओपीडी में भी उनसे परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक महीने के चौथे शनिवार को देवा हॉस्पिटल देवकाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, राज राजेश्वरी हॉस्पिटल नियावां में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक मरीजों को परामर्श देंगे।

सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रयास किया जाए : मण्डलायुक्त

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

आजमगढ़ । मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आईसीडीएस विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने मण्डल के तीनों जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण अभियान में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। नई सड़कों के निर्माण में बलिया व आजमगढ़ के एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को श्रेणी में सुधार करने का निर्देश दिया। एकीकृत बागवानी योजना में मऊ की तुलना में आजमगढ़ में एक तिहाई कम आवेदन होने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डीडी उद्यान/जिला उद्यान अधिकारी को प्रचार-प्रसार करते हुए प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। नये आवेदन के साथ ही पूर्व आवेदनों के अनुमोदन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। पर ड्राप मोर क्राप योजना में भी आवेदन बढ़ाने पर बल दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम आजमगढ़ ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि विगत दिनों उनके द्वारा जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सगड़ी तहसील के अन्तर्गत देवारा खास राजा व गंगापुर के निरीक्षण के दौरान जिनके मकान पूर्व वर्षों में कटान व बाढ़ में बह गये हैं, विद्युत कनेक्शन न काटे जाने के कारण अब भी उनका विद्युत बिल आता है, इसकी ग्रामीणों ने शिकायत की थी। जिस पर मण्डलायुक्त ने मुख्य अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्रों की शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्यवाही कर अवगत करायें।

साथ ही आगामी बाढ़ के पूर्व तैयारियों के क्रम में सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखें। कृषि विभाग के अन्तर्गत पीएम फसल बीमा योजना में भुगतानित धनराशि आजमगढ़ व मऊ में कम होने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। मण्डलीय जिला चिकित्सालय आजमगढ़ में सीएमएस के कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण व नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएमएस को निर्देशित किया कि एमआरआई व सीटी स्कैन की सुविधा को व्यवस्थित रूप से सम्पादित करें। आगामी वृक्षारोपण महाभियान के तैयारियों के क्रम में मण्डलायुक्त ने एक्सईएन सिंचाई बाढ़ खण्ड को निर्देशित किया कि सिलनी नदी के दोनो तटों पर वृक्षारोपण कराने हेतु गड्ढ़ा खुदान की कार्यवाही अविलम्ब सम्पादित कर डीएफओ को अवगत करायें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान आजमगढ़ में पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान कम होने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बढ़ाने का निर्देश दिया। माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत समय से पूर्व ही छात्रवृत्ति की तैयारियों के क्रम में समस्त इण्टर कालेज के प्रधानाचार्यों से संवाद बनाकर तैयारी को प्रभावी बनायें। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत शादी की सभी योजनाओं में समय से आवेदन कराने का निर्देश दिया। पीएम मत्स्य सम्पदा योजना से मछुआ समुदाय के लोगों को लाभान्वित कराने पर बल दिया। निराश्रित महिला पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैंक से रिजेक्शन को दुरूस्त करवाने पर जोर दिया। मण्डल के सभी तहसीलों/ब्लाकों में स्टेडियम/मिनी स्टेडियम बनाने हेतु भूमि चिन्हांकन कर सूची भेजने का मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान श्रमिक सामूहिक विवाह में कम आवेदन प्राप्त होने व व्यापक प्रचार-प्रसार न करने पर मण्डलायुक्त ने उपायुक्त श्रम को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सख्त निर्देशित किया कि आशा व एएनएम के माध्यम से आवेदन बढ़ाने पर जोर दिया। ओडीओपी वित्त पोषण योजना में तीनों जीएम डीआईसी को प्रभावी कार्य करने का निर्देश दिया। वृद्धावस्था पेंशन व सहकारिता विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा किया।मण्डलायुक्त ने मण्डल के एडी बेसिक व बीएसए को निर्देशित किया कि विद्यालय खुलने के साथ ही विद्यालयों में छात्र, शिक्षक की उपस्थिति सहित उनके उपलब्धता अनुपात को मानक में रखना सुनिश्चित करें। साथ ही एम-डी-एम की गुणवत्ता व अन्य आयामों पर भी बल दिया।एंबुलेंस 108/102 की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने बलिया में एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम अधिक लगने पर बलिया सीएमओ को निर्देशित किया । कि प्रभावी कार्यवाही करते हुए रिस्पांस टाइम मानक समय में पूर्ण करें। मंडलायुक्त ने उप निदेशक दिव्यांगजन को निर्देशित किया कि दिव्यांग पेंशन का सत्यापन संवेदनशीलता के साथ व्यवहारिक स्तर पर किया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने कहा कि खुले में घूम रहे गोवंश को गौ आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए।

मण्डलीय कानून व्यवस्था की मण्डलायुक्त व डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

आजमगढ़ । मण्डलायुक्त विवेक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय कानून व्यवस्था की बैठक मण्डलीय व जनपदीय संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सोशल मीडिया पर अफवाहें, गलत सूचनाएं, प्राइवेसी फोटो व वीडियो अपलोड करने या वायरल करने की घटनाओं को मण्डलायुक्त ने गम्भीरता से लेते हुए मण्डल के तीनों पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि आईटी एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करें। तीनों जनपद में पुलिस विभाग से संबंधित लम्बित विवेचनाओं को मण्डलायुक्त ने निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोचिंग व अस्पतालों में आगजनी की घटनाओं के दृष्टिगत पूर्व तैयारियों के क्रम में सभी आयामों को मानक अनुसार सुनिश्चित किया जाए। अभियान चलाकर कोचिंग व अस्पतालों के पंजीकरण को चेक करते हुए सभी प्रपत्रों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए। अवैध परिवहन वाहनों पर मण्डलायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि मण्डल में बिना परमिट के वाहन नहीं चलने चाहिए। मण्डल के तीनों जनपदों में अवशेष 919 स्कूली बसों को संबंधित प्रबन्धक, परिवहन विभाग से फिटनेस कराना सुनिश्चित करें, नहीं तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही को और प्रभावी बनाया जाए। मण्डलीय कानून व्यवस्था की बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि मण्डल में संचालित अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के ऊपर गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की जाए।बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी बलिया मंगला प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर, पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह, अपर आयुक्त प्रमोद कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी बलिया ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गंभीर सिंह सहित सम्बंधित मण्डलीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पेंशनर्स एवं कर्मचारियों ने मिलकर धूम-धाम से मनाया वरिष्ठ कोषाधिकारी का जन्मदिन

बलिया । बताया जाता है कि कोषागार विभाग परिवार में वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे का जन्मदिन बड़े धूम-धाम से मनाया, प्रभारी एटीओ व चीफ कैशियर रामचंद्र ने वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें विलक्षण एवं महान व्यक्ति बताते हुए भगवान से उनके लिए दिर्घायु की कामना किया, प्रभारी एटीओ ने वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा पेंशनर भवन, पेंशनर आनंद उपवन, वाहन स्टैंड, रामचंद्र वाटिका लेखाकार(रेकार्ड रूप), एकतालक,द्वितालक, न्यायेश्वर महादेव मंदिर के जिर्णोद्धार के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी को कोटि कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि आज ऐसे अधिकारी का होना जनता व हम कर्मचारियों के लिए सौभाग्य की बात है इस मौके पर जनपद के पेंशनर्स संगठनों एवं विभागीय कर्मचारियों ने मिलकर कोषागार विभाग में वरिष्ठ कोषाधिकारी को पुष्प माला, बुके, तस्वीरें, अंगवस्त्र व केक काटकर भव्य तरीके से जन्मदिन मनाया। कोषागार विभाग परिसर स्थित ऐतिहासिक न्यायेश्वर महादेव मंदिर में शाम को सभी लोगों मिलकर वरिष्ठ कोषाधिकारी के स्वस्थ्य एवं दिर्घायु के लिए हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया जिसमें जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ला भी शामिल हुए, मंदिर में कुलपति सहित कुछ गणमान्य जनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।वरिष्ठ कोषाधिकारी कारण दुबे ने लोगों द्वारा दिए गए प्रेम और स्नेह के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से हमें प्रेम से एवं आशीर्वाद दिया है हम आपकी उम्मीदों पर हमेशा खरे उतरने का प्रयास करेंगे और जो भी जिम्मेदारी जनपद के विकास के लिए मुझे दिया जाएगा मैं निस्वार्थ भाव से जनपद के विकास में अग्रणी भूमिका निभाता रहूंगा ।

ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध घायल, इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत

(फूलपुर) आजमगढ़ । फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सहजेपुर पुलिया के पास बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आजमगढ़ ले जाते समय जगदीशपुर के पास उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर कोतवाली पहुँचे पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई रामपलट मौर्य ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सहजेपुर गांव का रहने वाला रामनारायण मौर्य (68) शनिवार को क़रीब पांच बजे प्रतिदिन की तरह माहुल रोड पुलिया चौराहा के पास जा रहे थे।जहाँ पहले से बालू से लदी ट्रक का ड्राइवर ट्रक को आगे ले जाने लगा तभी वह बालू लदे ट्रक की चपेट में आ गया। इससे उसका पैर बुरी तरह कुचल गया ट्रक की चपेट में आने से आस पास के दुकानदार चीखते-चिल्लाते दौड़े।मौके पर परिजन भी पहुंच गए एंबुलेस द्वारा सीएचसी भर्ती कराया गया।जहां डाक्टरो ने गंभीर हालत देख उसे रेफर कर दिया। आजमगढ़ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।वृद्ध की मौत से घर-परिवार में कोहराम मचा है उसके एक पुत्र है पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।कोतवाल देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ट्रक और ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कोई बच्चा पोलियो की खुराक से न रहे वंचित : शशांक मणि

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज से निकाली गई जन जागरूकता रैली

स्वतंत्र भारतदेवरिया। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत शनिवार को जिले में पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज से जागरूकता रैली निकाली गईं। रैली को सदर सांसद शशांक मणि ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिलाधिकारी आवास, सिविल लाइन रोड, बस स्टैंड होते हुए सीएमओ कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। मुख्य रैली के माध्यम से लोगों को पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए जागरूक किया गया। रविवार को जिलेभर में विशेष पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ होगा।सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि अभियान के तहत पांच वर्ष तक के 5.68 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को दो बूंद

जिंदगी की पिलाने की अपील की।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान की निगरानी के लिए 286 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि रविवार को पहले दिन जिले में 1759 फिक्स्ड बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए 942 हाउस-टू-हाउस टीमें घर-घर भ्रमण करेंगी। इसके अलावा बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 115 ट्रांजिट तथा दूरस्थ क्षेत्रों में 45 मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी।इस दौरान डीटीओ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिक पाण्डेय, डॉ अश्वनी पाण्डेय, डिप्टी डीआईओ डॉ विपिन रंजन, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, विश्वनाथ मल्ल, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ एसएमओ वीएस चंदेल, जेएसआई से अभिनय कुशवाहा, हेमनरायण पाण्डेय, अरुण शाही सहित आशा, आंगनबाडी मौजूद रहीं।

दिवाकर का पहले प्रयास में भारतीय सेना में हुआ चयन, परिवार में खुशी की लहर

स्वतंत्र भारतदेवरिया। जिले के तरकुलवा क्षेत्र के ग्राम चकसकल गिरी मठिया के लाल दिवाकर गिरी ने पहले ही प्रयास में भारतीय सेना में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। सेना का प्रशिक्षण पूरा कर पहली बार घर लौटने पर उनका गोरखपुर एयरपोर्ट से लेकर गांव तक अभूतपूर्व स्वागत हुआ। फूल-मालाओं, तिलक, ढोल-नगाड़ों और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंग गया।गोरखपुर एयरपोर्ट पर भारतीय रेलवे में कार्यरत पवन गिरी एवं समाजसेवी विनय गिरी के नेतृत्व में अजीत, हैप्पी, प्रवीण, सुधाकर, आकाश, कौशल, अवनीश, सौरभ, रंजन शर्मा, शिवम, करण गिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दिवाकर गिरी का भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर पवन गिरी ने कहा, 'देश

की रक्षा करने वाला जवान ही समाज का सबसे बड़ा नायक होता है। दिवाकर ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव और जनपद का गौरव बढ़ाया है। उनका संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा।' गांव पहुंचने पर दिवाकर गिरी ने सबसे पहले भजन सम्राट शंभू बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान शंभू बाबा की भावुक बातें सभी की आंखें नम कर गईं। उन्होंने कहा, 'मैं खुद वर्दी नहीं पहन सका, लेकिन अपने गांव के बेटे को भारतीय सेना की वर्दी में देखकर लगता है कि मेरा जीवन सफल हो गया। 'इसके बाद पूरे गांव ने दिवाकर गिरी का फूल-मालाओं, तिलक और जयघोष के साथ अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने इसे गांव के इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि दिवाकर की सफलता क्षेत्र के युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करेगी।पहले ही प्रयास में भारतीय सेना में चयनित होकर दिवाकर गिरी ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और लगन से हर सपना साकार किया जा सकता है।

भाजपा के लिए धन पहले और धर्म बाद में : अखिलेश यादव

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को आजमगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री चन्द्रदेव राम यादव उर्फ करैली की भतीजी की शादी के मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत की । कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। वहीं अखिलेश यादव ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लंबे समय तक सरकार चलाई है, इसलिए अब उसे अपने कार्यों का हिसाब देना पड़ेगा। अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा चोरी के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है, और इस तरह की घटनाएं बेहद ही निंदनीय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को मामले में जांच समिति गठित करनी पड़ी,

उन्होंने कहा कि 'भाजपा के लिए धन पहले और धर्म बाद में है। कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को भगवान श्रीराम कभी माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई बार अयोध्या गए, लेकिन उनका सूचना तंत्र पूरी तरह विफल साबित हुआ। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के इस बयान पर कि वह मुस्लिम समाज के मुद्दों पर चुप रहते हैं, अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें पता है कब और किस मुद्दे पर बोलना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराना लोकतंत्र के लिए जरूरी है, और यदि भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर खतरा बढ़ जाएगा। आगे आजमगढ़ में दिशा की बैठक में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ काम करेंगे। ओम प्रकाश राजभर के समाजवादी पार्टी में टूट के बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि राजभर की 'बार्गेनिंग पावर' समाप्त हो चुकी है, और वह वही बयान देते हैं जो उनसे कहलवाया जाता है। अयोध्या के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अयोध्या का विकास तेज गति से किया जाएगा। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने अयोध्या की छवि को नुकसान पहुंचाया है। सपा सरकार बनने पर आधुनिक सुविधाओं के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए अयोध्या का समग्र विकास किया जाएगा। वहीं, 2027 के विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ संभावित गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

युवाओं के लिए 30 जून को अप्रेंटिसशिप चयन प्रक्रिया

स्वतंत्र भारत देवरिया। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया ने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए हायर अप्लायंसेज इंडिया प्रा.लि. (गौतम बुद्ध नगर), डिक्सन टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. (नोएडा) तथा काल्को प्रा.लि. (गाजियाबाद) द्वारा अप्रेंटिसशिप चयन प्रक्रिया का आयोजन 30 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी आईटीआई व्यवसायों (महिला व्यवसायों को छोड़कर) के 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्र एवं प्रमाण-पत्रों की मूल एवं छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

नहरों से छेड़छाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र भारतदेवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के संज्ञान में अधिशासी अभियंता सिंचाई द्वारा यह मामला लाया गया है कि जनपद के कुछ स्थानों पर नहरों की अवैध कटिंग, मिट्टी का बांध बनाकर पानी रोकने तथा रेगुलेटर एवं फाटकों से छेड़छाड़ कर अनाधिकृत रूप से सिंचाई की जा रही है, जिससे तेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है और किसानों में समान रूप से पानी सिंचाई के लिए नहीं मिल रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पुलिस को नियमित पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वर्षा की कमी एवं सूखे की चुनौतीपूर्ण स्थिति में प्रत्येक किसान को समान रूप से सिंचाई का लाभ मिले, इसके लिए प्रशासन के साथ किसानों की सहभागिता भी आवश्यक है। सिंचाई जल का समुचित एवं न्यायसंगत वितरण सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि नहर का पानी अंतिम छोर तक पहुंचे और किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।उन्होंने जनपद के सभी किसानों एवं आमजन से अपील की कि नहरों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचाएं तथा अवैध कटिंग, मिट्टी का बांध बनाने और रेगुलेटर अथवा फाटकों से छेड़छाड़ जैसी गतिविधियों से दूर रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि जल एक साझा एवं अमूल्य संसाधन है। प्रत्येक बूंद का संरक्षण आवश्यक है, ताकि उपलब्ध सीमित जल संसाधनों का पारदर्शी एवं न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करते हुए नहरों के टेल क्षेत्र तक निर्बाध जल प्रवाह बनाए रखा जा सके।

समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थानों पर आने वाले आमजन की सुनीं समस्याएं

स्वतंत्र भारत (मीरजापुर)। 27 जून 2026 शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व उप पुलिस महानिरीक्षक पूनम द्वारा थाना को0देहात पर तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना कछवां पर आने वाले फरियादियो की समस्याओ को सुनकर त्वरित निष्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी द्वारा थाना विन्ध्याचल, थाना लालगंज, थाना हलिया थाना अदलहाट पर, उप जिलाधिकारी मड़िहान व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना ड्रमण्डगंज व थाना जमालपुर पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा- थाना को0शहर पर 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त व 01 निरस्तारित, थाना को0 कटरा पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना विन्ध्याचल पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना को0देहात पर 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना चील्ह पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना कछवां पर 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारित, थाना पड़री पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना लालगंज पर 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना हलिया पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना जिगना पर 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त 32 निस्तारित, थाना सन्तनगर पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना ड्रमण्डगंज पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना चुनार पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना राजगढ़ पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना मड़िहान पर 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

बढ़नी कस्बे में मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकला, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

स्वतंत्र भारत, बढ़नी, सिद्धार्थनगर। मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को बढ़नी कस्बे में परंपरागत ढंग से ताजिया जुलूस निकाला गया। या हुसैन की सदाओं और मातमी धुनों के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंद ताजियों के साथ जुलूस में शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचा, जहां धार्मिक रस्में अदा की गईं।

जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कस्बे के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा मंदिरों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। प्रशासन द्वारा जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिसकर्मी पैदल गश्त के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रहे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मोहर्रम के दौरान शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। स्थानीय लोगों और ताजिया कमेटियों ने भी प्रशासन का सहयोग किया, जिसके चलते पूरे कार्यक्रम के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

अदवा फीडर पर शटडाउन, सोनकर बस्ती में एचटी लाइन जोड़ने का काम

स्वतंत्र भारत हलिया, (मीरजापुर)। हलिया विद्युत उपकेंद्र के अदवा फीडर से जुड़े हलिया की सोनकर बस्ती में शनिवार को एचटी तार जोड़ने के लिए बिजली आपूर्ति ढाई घंटे बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के चलते अदवा फीडर पर शटडाउन लिया गया है। सोनकर बस्ती क्षेत्र में एचटी लाइन को जोड़ने का काम किया जा रहा है । विभाग ने बताया कि कार्य पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की गई है।इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया की अदवा फीडर का एचटी तार जोड़ने के लिए ढाई घंटे की रोस्टिंग हुई है तार जोड़ने के बाद आपूर्ति शुरू किया जायेगा

आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय किशोरी बेहोश, 108 एंबुलेंस से लालगंज सीएचसी में भर्ती

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के ददरी गांव में शुक्रवार शाम करीब 8 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय प्रियंका पुत्री किशोरी लाल बेहोश हो गई। उसे गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल शाम तेज गरज के साथ बारिश हो रही थी। खाना बनाकर प्रियंका घर के बाहर हवा लेने निकली थी। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ उसके पास आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की चपेट में आने से प्रियंका वहीं जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। तेज आवाज से घबराकर परिजन पहले घर के अंदर भागे। बाहर आकर देखा तो प्रियंका जमीन पर बेहोश पड़ी थी। परिजन चीखते-चिल्लाते हुए उसके पास पहुंचे और सुरक्षित जगह लिटाया। तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट विनोद यादव और ईएमटी संतोष भारतीय मौके पर पहुंचे। ईएमटी संतोष भारतीय ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और मरीज को सीएचसी लालगंज में भर्ती कराया। सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों ने एंबुलेंस में दिए गए प्राथमिक उपचार की सराहना की। फिलहाल प्रियंका का इलाज चल रहा है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

निजी अस्पताल में नवजात की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप; जांच में मिलीं कई खामियां

स्वतंत्र भारत, बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। बढ़नी कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रसव के करीब 36 घंटे बाद नवजात शिशु की मौत हो जाने से परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल में कई खामियां सामने आने पर अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई गई।

जानकारी के अनुसार, ढेकरही निवासी नीरज कुमार अपनी गर्भवती पत्नी पूजा को 23 जून की शाम प्रसव पीड़ा होने पर बढ़नी स्थित निजी अस्पताल अल हयात हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के प्रबंधन का कार्य देख रहे डॉ. बिलाल अहमद खान ने तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन कराने की बात कही और लगभग 25 हजार रुपये खर्च बताया। इस पर नीरज ने 10 हजार रुपये जमा कराए, जिसके बाद महिला का ऑपरेशन किया गया और पुत्र का जन्म हुआ। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद जिस वार्ड में महिला और नवजात को रखा गया था वहां अत्यधिक गर्मी थी। उनका कहना है कि इसी कारण बच्चे का दम घुट गया और करीब 36 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। नवजात की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी ले गए, जहां मौजूद डॉ. प्रदीप वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान कुछ देर के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर डायल-112 पुलिस एवं चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि यदि परिजनों की ओर से लिखित तहरीर दी जाती है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों को निराधार बताया। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. बिलाल अहमद खान का कहना है कि नवजात की मौत संभवतः दूध श्वास नली में चले जाने के कारण हुई होगी। वहीं पीड़िता पूजा ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उसने बच्चे को अपना दूध पिलाया ही नहीं था। डॉक्टर के निर्देश पर बाहर से बाजार का दूध पिलाया गया था। मामले की जानकारी मिलने पर सिद्धार्थनगर के नोडल अधिकारी (नैदानिक स्थापना) डॉ. मानवेंद्र पाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी के साथ अस्पताल पहुंचे और जांच की।

थाना दिवस : एसडीएम सीओ ने सुनी समस्या मामलों का नहीं हुआ निस्तारण

स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस एसडीएम लालगंज अजीत कुमार व सीओ अमर बहादुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल पांच मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, लेखपाल अमिताभ यादव, शिवबाबू, कृष्णा पटेल, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

हमलावर कुत्तों से घड़रोज की ग्रामीणों ने बचाई जान

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। ड्रमंडगंज वन क्षेत्र के गलरा गांव में शनिवार सुबह साढ़े सात बजे के करीब घड़रोज (नील गाय) के मादा बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह से हमलावर कुत्तों को भगाया और घड़रोज की जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना के तीन घंटे के बाद पहुंची वनविभाग की टीम घायल घड़रोज को कार में लादकर वन कार्यालय ड्रमंडगंज ले गई जहां घायल घड़रोज का उपचार किया जा रहा है।गलरा गांव निवासी हरिहर प्रसाद पांडेय के घर के सामने शनिवार सुबह कुत्तों के झुंड ने घड़रोज के बच्चे पर हमला कर दिया।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

सूचना

मेरे अंक पत्र में मेरी माता का नाम मोमिना बेगम अंकित है जबकि पासपोर्ट में त्रुटिवश नूरजहां अंकित हो गया है। अतः मोमिना बेगम ही सही नाम है। महफूज अली पुत्र मोहियुद्दीन निवासी रूद्रपुर गुलरिया, पोस्ट-खास, तहसील-गोला, जनपद-खीरी।

सी.आर.- 598/D-33

NOTICE

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MOHAMED ZAHIR AHMED NOOR to MOHD ZAHIR. In the future, I shall be known and recognized by the MOHD ZAHIR S/o NOOR MOHAMED. Address: VILL-CHOTA BANGAON, AYODHYA, UP.

सी.आर.- 595/L-25

सूचना

मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश नाम WAHID AHMAD दर्ज है । सही नाम WAHEED AHMAD है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। वहीद अहमद (WAHEED AHMAD) S/o लतीफ अहमद(LATEEF AHMAD), नि.- 544ए/826 गली न.-1 रईन नगर, सरदार नगर बालागंज, लखनऊ।

सी.आर.- 597/L-34

सूचना

मेरी पुत्री के पासपोर्ट त्रुटिवश नाम RAHAT दर्ज है। सही नाम RAHAT WAHEED है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। वहीद अहमद (WAHEED AHMAD) S/o लतीफ अहमद (LATEEF AHMAD), नि.- 544ए/826 गली न.-1 रईन नगर, सरदार नगर बालागंज, लखनऊ।

सी.आर.- 597/L-34

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम इन्शेराह उमर था, जिसे बदलकर मैंने इंसिरह उमर कर लिया है। भविष्य में मुझे इंसिरह उमर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। इंसिरह उमर पुत्री मोहम्मद् उमर , पता- फ्लैट ना.-7, कपूर मार्केट, विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन-226003.

सी.आर.- 599/L-40

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम जुवारिया था, जिसे बदलकर मैंने जुवारिया उमर कर लिया है। भविष्य में मुझे जुवारिया उमर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। जुवारिया उमर पुत्री मोहम्मद उमर , पता- फ्लैट ना.-7, कपूर मार्केट, विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ,उत्तर प्रदेश, पिन-226003.

सी.आर.- 600/L-40

28 जून को 'मन की बात' सुनने की अपील, भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया आह्वान

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 28 जून 2026, रविवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसे लेकर भाजपा मंडल हलिया के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम सुनने की अपील की है।

सार्वजनिक सूचना

सूचित हो कि मेरे बेटे प्रशांत कुमार सिंह ने अपनी पत्नी ममता सिंह उर्फ रुचि सिंह व उसकी सगी बहनों एवं उसके माता पिता की प्रताड़ना से तंग आकर 2 मई 2026 की रात कमरे फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर लिया था। जिसमें उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध नगराम थाने में आत्म हत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज है ऐसी परिस्थिति में मैं मानसिक रूप से परेशान हूं। मैं शपथी अपनी बहू ममता सिंह पत्नी प्रशांत कुमार सिंह के कृत्यों व गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से गुजर रहा हूं। बहू ममता सिंह उर्फ रुचि सिंह के कृत्यों से क्षुब्ध होकर अपने घर से अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं। आज से बहू ममता सिंह का हमसे व हमारे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह अपने किए कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी।

अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व. शंभु सिंह निवासी ग्राम अमेठियन का पुरवा मजरा व पोस्ट बहरौली परगना व तहसील मोहनलाल गंज जिला लखनऊ। पिन 226303

सी.आर.- 596/L

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहत्रांशु सिंह मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है, जिसके कारण मैंने उससे अपना सारा रिश्ता समाप्त कर लिया है। अब मुझसे उससे किसी तरह का वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है वह अपने किसी लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

अवधेश सिंह पुत्र स्व0 दिरपाल सिंह निवासी- लखनऊ बाई पास चौराहा लखनऊ रोड, फतेहपुर जिला फतेहपुर।

सी.आर.- 602/D

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शिप्रा गुप्ता SHIPRA GUPTA पुत्री राकेश कुमार गुप्ता है। जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक अभिलेखों में दर्ज है विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम शिप्रा गुप्ता से बदलकर शिप्रा मिश्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे शिप्रा मिश्रा पुत्री राकेश कुमार गुप्ता पत्नी अमन मिश्र के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वंय मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

शिप्रा गुप्ता पत्नी अमन मिश्रा पता- 23/47/32 किदवई नगर, अल्लापुर दारागंज, प्रयागराज।

सी.आर.- 602/D

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 34/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इं0वि0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं.1- कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ग1/1/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत इंटरलॉकिंग एलसी गेट नंबर 2 (पैथोगेट-नौरिया हुसैनपुर), 3 (पैथोगेट-नौरिया हुसैनपुर), 11 (नौरिया हुसैनपुर - मझोला पकड़िया), 12 (नौरिया हुसैनपुर-मझोला पकड़िया), 33 (गुलरघाट-बाजपुर), 34 (हेमपुर इस्माईल-बाजपुर), 41 (हेमपुर इस्माईल-कासीपुर) एवं 42 (हेमपुर इस्माईल -कासीपुर) (कुल = 08 नग) पर एक एक टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण। (इंटरलॉकड एलसी गेट पर एक एक टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत (कुल = 19 नग)) अनुमानित लागत रूपये में ₹ 1,51,94,519.86, बयाना राशि रूपये में ₹ 3,03,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्य- शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

1. ई- निविदा दिनांक 17.07.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकते हैं।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण मार्गदर्शन रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), मुजाफि./डब्लू-198 इज्जतनगर

पाठकों को सूचना दी जाती है कि इस समाचार पत्र का मूल्य- शून्य है।

सी.आर.- 601/L

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, कायमगंज, फर्रुखाबाद जेम पोर्टल हेतु निविदा सूचना

सत्र 2026-27 हेतु चीनी मिल में जेम पोर्टल पर सेंट्रीफ्यूगल मशीन के ग्लाज एवं गेट वाल्व, नए आई०डी० पैन, कॉपर कंडेक्ट, रिडक्शन गियर एवं जी०एम०एम० कपलिंग, पैकिंग मैटेरियल, शुगर वेईंग स्केल, शुगर बैग क्लिपिंग मशीन हेड, हाईफ्लो पम्प स्पेयर, सुगर बैग नं० टेग, बिल्ला पैकेजिंग, टैब एवं हैवी केमिकल्स, वैक्यूम एवं प्रेशर गेज, लिण्डो पी.सी., जी.एम. वाल्व, स्टूम वाल्व, एस०ई० कापर वायर, रबर, गुरुत्व क्रश, सेंट्रीफ्यूगल मशीन के ब्रेक कटाने, विभिन्न संपत्तियों की लेविंग, वैक्यूम फिल्टर की रीकन्डिशन, 166 के० वी०ए० डी०जी० सेट की कम्प्लीट रिपेयरिंग, डी०जी० सेटों की ए०एम०सी०, एयरवाईट रिपेयरिंग, सुपर हीटर ब्रापस के केप्स बदलना, पैकीजेशन एवं इंस्टालेशन, बर्नर बॉडी की सफाई, बैगास हैण्डलिंग, बेट लेबर से राख सफाई, बेट लेबर संचालन, मोटर रिवाईंडिंग, ई०टी०पी० संचालन, सल्फेट रिमूवल, हाईड्रोलिक सिलेण्डरों की टेस्टिंग, फिटिंग मशीन वर्किंग, बेयर में लेडिंग एवं अनलोडिंग, वी०एफ०डी०, ए०सी० वी०, कम्प्रेसर, ए०सी०आर० की सर्विसिंग, डी०पी०टेस्टिंग, मशीन की बास्केट वैलेसिंग, चीनी गोदाम, हापर डाउन, आयलर के पास राख हटाने, विभिन्न चीनी मिलों से बैगास एवं जनरीत निकासनहीं से सल्फर परिवहन कार्य तथा स्टेशनरी छपाई के कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसे **दिनांक 26.06.2026** तक अपलोड किया जा चुका है। विस्तृत जानकारी **www.gem.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

सी.आर.- 602/D

उ. प्र. उर्दू अकादमी, लखनऊ (उ. प्र. सरकार)

IAS PCS

उर्दू आई.ए.एस. स्टडी सेन्टर, लखनऊ (यू0पी0)

उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग सहित उत्तम भोजन एवं हॉस्टल व्यवस्था

बारहवीं बैच (2026-27) का प्रवेश प्रारम्भ

उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी हेतु अल्पसंख्यकों के लिए सुनहरा अवसर

विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी वेबसाइट www.upurduakademi.in पर देखें।

उ0प्र0 उर्दू अकादमी, मोती नगर, लखनऊ

सम्पर्क करें- 9450450484, 9208688770

ऑन लाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि : 14.07.2026
प्रवेश परीक्षा तिथि : 19.07.2026

सम्पर्क करने का समय प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक

शौकत अली, सचिव — उन्मेश मिश्रा, निदेशक

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना, देवरिया।

प्रकाशन निविदा/विज्ञप्ति — विकास खण्ड-रामपुर कारखाना, देवरिया।

क्रमांक	सामग्री का नाम	स्थल का नाम	जी0एस0टी0 सहित अनुमानित लागत
1-	90 किo वाट सोलर पैनल बैटरी सहित	विकास खण्ड	6.00 लाख

1- जिला अधिकारी की दर सहमति प्राप्त होने तक पंचायत द्वारा 10 किo वाट सोलर पैनल बैटरी सहित खरीदने हेतु संकेतक किया जायेगा।
2- अर्हताएँ/निविदादाता आवश्यक एवं जी0एस0टी0 से पंजीकृत होना अनिवार्य है। फर्मों का पैन नंबर होना अनिवार्य है। निविदादाता आयकर देता हो का सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा।
3- निविदादाता को निविदा से सम्बन्धित समस्त वैध अभिलेख निविदा दिनांक खुलने के तीन दिनों के अन्दर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना में जमा कराना अनिवार्य है।
4- किसी भी निविदा के स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड अधिकारी में निहित होगा।
5- पंचायतराज अधिनियम-4 के संशोधन देय तक धारा/33-3-40-संशो0 40 दिनांक 01 जनवरी 1994 के द्वारा निर्धारित के व्यावसायिक कराये अधिकारियों एवं कर्मचारी के निर्धारण सम्बन्धित द्वारा परिषद के निर्माण कार्य/सम्पत्ती अधूरी का लिये तक अन्य विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी में मान लिया जाना अनिवार्यता है।
6- निविदा से सम्बन्धित किसी भी विवाद के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।
7- अन्तिम फर्मवार मान्यता निविदा खुलने की तिथि से 45 दिन अवधि के लिये तक वैध होना चाहिये।
8- अनामिक एवं सशर्त निविदा प्राप्त होने निविदादाता का निविदा में प्रतिभाग समाप्त अयोग्यित है।
9- निविदा के शर्त-2 अनिवार्य अर्हता के कि ई0ओ0आई0/एस0एस0आई0 के रूप में कि खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना देवरिया के पक्ष में सम्बन्ध आयकर निविदादाता बैंक की ई0एम0डी0/ई0 आर0ई0 जो खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना देवरिया के पक्ष में देय हो संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
10- अगर निविदा एक से अधिक सम्बन्ध पर आने पर केवल के चयन हेतु सशर्तों का निर्णय खण्ड विभाग उपरोक्त।
11- निविदा के उपबन्ध में किसी भी अन्य प्रकार की उपबन्धती कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय से जारी की जा सकती है। आय उपरोक्तानुसार पूर्ण 500.00 है। उसी प्रकार पर सेवानिवृत्त निविदा पर विचार किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर कारखाना, देवरिया

कार्यालय जिला पंचायत-बस्ती

पत्रांक 435 (VI) वि0/जि0पं0बी0/2026-2027 दिनांक 27.06.2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बस्ती के स्वामित्व वाले विकास भवन के बगल स्थित ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड बस्ती के गोदाम/स्टोर, के ध्वस्तीकरण कर मलबे की नीलामी मा० अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति **दिनांक 25.06.2026 के अनुपालन में दिनांक 07.07.2026 को 3.30 बजे दिन** में निम्न शर्तों के अधीन जिला पंचायत बस्ती के कार्यालय में अभिमन्ता जिला पंचायत बस्ती के कक्ष में नीलाम समिति द्वारा खुली बोली कराई जायेगी।

01- बोली दाता को जमानत के रूप में बोली के पूर्व मु० 12,000.00 रूपये नगद जमा करना अनिवार्य होगा। जो बोली समाप्त होने के उपरान्त अधिकतम बोलीदाता की धनराशि को छोड़कर शेष बोलीदाताओं को धनराशि तत्काल वापस कर दी जायेगी।

02- उच्चतम बोलीदाता को अपने द्वारा बोली गयी धनराशि जमा जमानत धनराशि को समायोजित करते हुए उसी दिन सायं 05 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा जमा धनराशि किसी भी दशा वापस नही की जायेगी।

03- बोली मु० 1,19,000.00 रूपये से प्रारम्भ की जायेगी।

04- बोली में भाग लेने से पूर्व बोलीदाता उक्त भवन के मलबे की जाँच करते हुए बोली में प्रतिभाग करें।

05- उच्चतम बोलीदाता को आदेश प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर भवन के मलबे को अपने व्यय से व्यवस्था करते हुए मलबे को स्थल से हटाना अनिवार्य होगा, इसके लिए जिला पंचायत बस्ती से कोई धनराशि भुगतान नही किया जायेगा।

06- बोलीदाता को बोली के दौरान बोली बढ़ने पर अपने द्वारा बोली गयी धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि बोली के दौरान ही जमा करना अनिवार्य होगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित के साथ जिला पंचायत बस्ती के कार्यालय में उपस्थित होकर नियम एवं शर्तों के अधीन बोली में प्रतिभाग कर सकते है।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत-बस्ती

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

तीन माह के बेटे संग वैश्विक मंच पर स्वीडन की मंत्री ने कहा

मां बनने से कॅरिअर नहीं रुकता

लक्जमबर्ग। अपने तीन महीने के बेटे एडम को गोद में लेकर यूरोपीय संघ के जलवायु मंत्रियों की बैठक में पहुंचीं स्वीडन की मंत्री रोमिना पोरमोख्तारी की तस्वीर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में रोमिना बेटे को लेकर बैठक में भाग लेती और अपनी बात रखते दिख रही हैं। यूरोपीय यूनियन की बैठक में पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब इतना नन्हा मेहमान इसका हिस्सा बना। रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा- मैंने जानबूझकर ऐसा किया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि मां बनने का मतलब यह नहीं कि किसी महिला का कॅरिअर रुक जाए। महिलाओं को कॅरिअर और परिवार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। 30 साल की पोरमोख्तारी वर्ष 2022 में पद संभालने के समय स्वीडन की सबसे कम उम्र की मंत्री थीं। वह मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, जबकि उनके पति सितंबर में होने वाले चुनाव तक छुट्टी पर हैं। एडम की देखभाल के लिए वह उनके साथ लक्जमबर्ग गए थे। इस दौरान रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा कि कई बार नेताओं और खासकर महिला नेताओं के सामने यह धारणा बना दी जाती है कि उन्हें अपने परिवार और काम में से किसी एक को चुनना होगा। वह इस सोच से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि परिस्थितियां अनुकूल हों, तो दोनों जिम्मेदारियों को साथ लेकर चलना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे का बैठक में मौजूद होना कोई असामान्य बात नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार, कार्यस्थलों और सरकारी संस्थानों को इतना लचीला होना चाहिए कि माता-पिता अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ भी अपने सार्वजनिक दायित्व निभा सकें।

हैदराबाद में ट्रंप के नाम पर सड़क

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हैदराबाद में उनके नाम पर सड़क का नाम रखे जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान के लिए वह आभारी हैं और दावा किया कि वह ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, जिनके नाम पर भारत में इस तरह सड़क का नाम रखा गया है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'भारत के हैदराबाद में नया 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' इस तरह सम्मानित होने वाला मैं पहला अमेरिकी राष्ट्रपति हूं। धन्यवाद'। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक तस्वीर भी साझा की। इस तस्वीर में तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर सड़क के नामकरण से जुड़ी स्मारक पट्टिका का अनावरण करते दिखाई दे रहे हैं।

गर्मी में ठंडक का देसी इंतजाम, हर घर की पहली पसंद-मिट्टी का मटका। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

वेनेजुएला में फिर भूकंप के झटके

काराकास। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास

- अब तक 920 मौतें
- करीब 3300 घायल, 51 हजार लापता
- लोग खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे

आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए।

इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) की कार्यक्रम चीफ एलिनोर रेक्स ने कहा कि वेनेजुएला में राहत और पुनर्वास का काम हफ्तों नहीं, बल्कि कई महीनों तक चल सकता है। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि भूकंप से देश को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में उनकी संस्था सार्वजनिक सेवाओं को फिर से मजबूत करने और प्रभावित लोगों तक जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने के तरीकों पर काम कर रही है।

मलबे में फंसी लड़की जिंदा मिली

वेनेजुएला के ला गुआइरा राज्य में ढही इमारत के नौवें फ्लोर पर फंसी 15 साल की एक लड़की को बचाव दल ने जिंदा खोज लिया है। यह जानकारी अल साल्वाडोर के अधिकारियों ने दी है। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने एक्स पर बताया कि कैमिला सोफिया मेडिना रिवास नाम की यह लड़की अपने पालतू जानवर के साथ मलबे में फंसी हुई थी। बुकेले के मुताबिक, बचाव दल को लड़की तक पहुंचने के लिए अभी कई दीवारें तोड़नी होंगी। इसके लिए उनके पास जरूरी मशीनें और संसाधन मौजूद हैं।

अमेरिका में पैक्स सिलिका सम्मेलन

भारत ने एआई अवसर संबंधी पहल का किया समर्थन

वाशिंगटन। भारत समेत 35 देशों ने एआई प्रौद्योगिकियों को गति देने के लिए विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकास की अमेरिकी पहल का समर्थन कर साझा घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। वाशिंगटन में हुए दूसरे पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन में 35 देशों ने इस संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करके विकासोन्मुखी और नवाचार-समर्थक नियामकीय दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

अमेरिकी आर्थिक मामलों के अवर विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा, यह विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और ऐसी बुनियादी संरचना विकसित करने की प्रतिबद्धता है, जो आने वाली सदी की एआई क्रांति को शक्ति प्रदान करेगी। शिखर सम्मेलन के दौरान अर्जेंटीना, जर्मनी, नीदरलैंड, चिली, कोस्टा रिका, यूनान, कजाखस्तान, पनामा और यूरोपीय संघ भी पैक्स सिलिका पहल से जुड़ गए। शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू तथा भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने किया।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अन्य देशों की सरकारों व उद्योग जगत प्रतिनिधियों के साथ सेमीकंडक्टर, एआई, लचीली व भरोसेमंद प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। हेलबर्ग ने कहा, एआई का भविष्य इस बात से तय नहीं होगा कि सबसे पहले नियम कौन बनाता है, बल्कि हमें ऐसा भविष्य बनाना है, जहां नवाचार, निजी निवेश बढ़े। हेलबर्ग ने कहा, हम सब मिलकर ऐसे एआई भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जो हमारे नागरिकों की सेवा करे, हमारी अर्थव्यवस्थाएं मजबूत बनाए तथा उद्यमिता, नवाचार को सशक्त करे। भारत इस वर्ष फरवरी में नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मौके पर इस पहल से जुड़ा।

एक नज़र

'बांग्लादेश में बनी नई सरकार का समर्थन करता है चीन'

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान से मिलकर ढाका की नई सरकार को बीजिंग का समर्थन देने का आश्वासन दिया। शी ने रहमान से कहा, बांग्लादेश की नई सरकार के सुचारु प्रशासन का चीन समर्थन करता है और ढाका के साथ उच्च गुणवत्ता वाले 'बेल्ट एंड रोड' सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। चीन सहयोग योजनाएं भी तैयार करेगा।

ब्रिटेन में तीन भारतवंशियों को सजा

लंदन। ब्रिटेन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने पश्चिमी लंदन में हेरोइन और क्रैक कोकीन की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को कुल 22 वर्ष से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। क्राउडन क्राउन कोर्ट ने पूर्व मजिस्ट्रेट 59 वर्षीय पुरुषोत्तम ढिल्लों को सात साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने माना कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गिरोह की गतिविधियों में मदद की।

बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे किंग चार्ल्स

लंदन। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36.9 करोड़ पाउंड के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही मानती है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे।

नेपाल : लामिछाने फिर बने आरएसपी अध्यक्ष

काठमांडू। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने शुक्रवार को अपने पहले महाधिवेशन में रबी लामिछाने को सर्वसम्मति से दोबारा पार्टी अध्यक्ष और वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले को उपाध्यक्ष चुना। रविवार से शुरू हुए इस महाधिवेशन में 4,000 सदस्यों ने भाग लिया। बिपिन आचार्य महासचिव, जबकि सोबिता गौतम महिला उपाध्यक्ष चुनी गईं। हरि ढकाल, असीम साह और निशा डांगी संयुक्त महासचिव बने।

सिंगापुर : 400 से अधिक भारतीय श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

सिंगापुर। सिंगापुर की प्रमुख श्रम संस्था नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस ने उन 400 से अधिक प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार की पहल की है, जिन्हें उनके नियोक्ताओं ने मजदूरी दिए बिना छोड़ दिया है। इनमें अधिकांश श्रमिक भारत और बांग्लादेश से हैं। इन श्रमिकों को तीन कंपनियों ने काम पर रखा था। इनका निदेशक भारतीय मूल का रामू पलानी वेलु है। वह अब देश छोड़कर भाग गया है। नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस के अनुसार, रोजगार के लिए 80 से अधिक कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

चीन में गगनचुंबी इमारत से टकराया प्लेन

दूर-दूर तक बिखरे विमान के टुकड़े

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में शुक्रवार को एक छोटा खेल विमान एक बहुत ऊंची इमारत से टकरा गया। यह विमान बीजिंग की सबसे ऊंची इमारत सिटिक टॉवर से टकराया। इस टक्कर के बाद पूरी बिल्डिंग में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने तुरंत इस इमारत को खाली कराया। इस हादसे में कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। विमान में कितने लोग सवार थे, यह भी साफ नहीं है। विमान के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए हैं। चीनी अधिकारियों ने इस घटना पर अभी कोई बयान नहीं दिया है। चीनी सोशल मीडिया से इस हादसे से जुड़े पोस्ट भी तुरंत हटा दिए गए। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि विमान 528 मीटर ऊंचे टॉवर के ऊपरी हिस्से से टकराया। टक्कर होते ही विमान के टुकड़े नीचे सड़क पर गिरने लगे। मलबे के कुछ हिस्से पास के पार्क में भी गिरे।

ट्रंप के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन ने कबूला जुर्म

गोपनीय दस्तावेज मामले में दोषी करार

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रह चुके जॉन बोल्टन ने गोपनीय सरकारी दस्तावेजों को अवैध रूप से अपने पास रखने के मामले में अदालत में दोष स्वीकार कर लिया है। बोल्टन ने शुक्रवार को अमेरिकी अदालत में अपना जुर्म कबूल किया। इस मामले में उनके और अमेरिकी न्याय विभाग के बीच समझौता भी हुआ है, जिससे उन्हें जेल की सजा से राहत मिल सकती है। हालांकि अंतिम फैसला अदालत ही सुनाएगी। 77 वर्षीय जॉन किरियाको नहीं, बल्कि जॉन बोल्टन ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे थे। उन्होंने मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट स्थित अमेरिकी जिला अदालत में राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी को अवैध रूप से अपने पास रखने के एक मामले में दोषी होने की बात स्वीकार की।

अमेरिका ने भारतीय कंपनी और सीईओ समेत आठ पर लगाया बैन

सूडान संघर्ष से जुड़ा है मामला

वॉशिंगटन। अफ्रीकी देश सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच एक भारतीय कंपनी और उसके सीईओ का नाम सामने आया है। अमेरिका ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक और उसकी कंपनी समेत आठ व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका का आरोप है कि इन लोगों और कंपनियों ने सूडान में चल रहे संघर्ष के दौरान ऐसे नेटवर्क का हिस्सा बनकर काम किया, जिसने युद्ध को लंबा खींचने में मदद की। अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय के अनुसार, रायपुर के आलोक चौधरी और उनकी कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि कंपनी ने सूडान की एक फर्म को विस्फोटक और उससे जुड़ी सामग्री की आपूर्ति की थी। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इस सामग्री का इस्तेमाल बाद में सूडानी सेना के सैन्य ढांचे से जुड़ी गतिविधियों में हुआ। अमेरिकी वित्त विभाग के मुताबिक, एसबीएल एनर्जी लिमिटेड, जिसे एमिन एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड के नाम से भी जाना जाता है, ने सूडान की टारगेट मल्टीएक्टिविटीज कंपनी (टीमैक) को 200 से अधिक खेपों में विस्फोटक और संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई। अमेरिका का कहना है कि यह कंपनी सूडानी सेना के हथियार भंडार को बनाए रखने से जुड़ी थी। इसी मामले में टीएमएसी और उसके महाप्रबंधक तारिक हुसैन मोहम्मद मदानी को भी प्रतिबंधित किया गया है।

जंग के बीच रूस-यूक्रेन ने की कैदियों की अदला-बदली

76वीं बार युद्धबंदियों की रिहाई

मॉस्को। रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को एक बार फिर युद्धबंदियों की अदला-बदली की। दोनों देशों के अधिकारियों के अनुसार, इस बार दोनों तरफ से 160-160 कैदियों को छोड़ा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के कब्जे वाले इलाके से 160 रूसी सैनिकों को वापस लाया गया, जबकि इसके बदले 160 यूक्रेनी युद्धबंदियों को छोड़ा गया। मंत्रालय के मुताबिक, वापस आए रूसी सैनिकों को पहले बेलारूस में चिकित्सा और मानसिक सहायता दी जा रही है। इसके बाद उन्हें आगे इलाज और देखभाल के लिए रूस भेजा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस अदला-बदली में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मानवीय मदद और मध्यस्थता की भूमिका निभाई।

भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत का दौरा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसकी पुष्टि की है। रुबियो ने एक इंटरव्यू में बताया कि वे खुद ट्रंप के

- मार्को रुबियो ने कहा- भारत-अमेरिका संबंध बेहद मजबूत

भारत के ऐतिहासिक दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और इसके लिए वे जल्द भारत आएंगे। रुबियो ने बताया कि ट्रंप प्रशासन अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे की तैयारियां कर रहा है। यह भारत और अमेरिका के रिश्तों में बढ़ती नजदीकी को रेखांकित करता है, क्योंकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। व्हाइट हाउस में एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, मैं साल के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के दौरे की तैयारियों के सिलसिले में भारत की यात्रा करूंगा। भारत-अमेरिका के संबंधों को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देशों के संबंध मजबूत स्थिति में हैं और जी7 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच हुई हालिया मुलाकात के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में बेहतरी हुई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि क्वाड बैठक पर भी जल्द बातचीत हो सकती है। रुबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी बताया।

आतंकी संरक्षण तस्वीरों ने फिर खोली पाकिस्तान की पोल

शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में दिखे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर के जनाजे को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बताए जा रहे कुछ लोगों की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद एक बार फिर पाकिस्तान में आतंकियों की सार्वजनिक मौजूदगी और उन्हें मिलने वाले कथित संरक्षण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शाहिद अख्तर का 24 जून को निधन हो गया था। इसके बाद इस्लामाबाद के एच-8 कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में खेल, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग शामिल हुए थे। इसी दौरान वायरल हुए वीडियो में लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी और पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) से जुड़े कुछ नेताओं के मौजूद होने का दावा किया गया है। हालांकि, इन वीडियो और तस्वीरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

कौन है सैफुल्लाह कसूरी

सैफुल्लाह कसूरी को भारत की सुरक्षा एजेंसियां 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल मानती हैं। इस हमले में 25 पर्यटकों की मौत हुई थी। भारत ने हमले के बाद कई कड़े कदम उठाए थे। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना और ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई शामिल थी। भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाता रहा है।

बाजार दर्पण

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089